www.epaper.azadsipahi.in

01 नवंबर, 2025
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 11, अंक 13

मुख्यमंत्री को लुगू बुरू घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ राजकीय महोत्सव-2025 के लिए किया गया आमंत्रित



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

### प्रधानमंत्री ने केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड को किया संबोधित

# जो अंग्रेज नहीं कर पाये कांग्रेस ने किया : मोदी

- पटेल चाहते थे पूरा कश्मीर हमारा हो, नेहरू ने बांटा
- कांग्रेस सरकार ने 'वंदे मातरम' का हिस्सा काटा
- कांग्रेस की गलती की आग में देश दशकों तक जलता रहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**वड़ोदरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गुजरात पहुंचे। उन्होंने नर्मदा जिले के एकता नगर (केवड़िया) में सरदार पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) पर पुष्पांजलि अर्पित की। एकता नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन हुआ। पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल पूरे कश्मीर को भारत में मिलाना चाहते थे, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने ऐसा नहीं होने दिया। कश्मीर को अलग संविधान से बांट दिया। कांग्रेस की गलती की आग में देश दशकों तक जलता रहा। पीए ने कहा कि कांग्रेस को न केवल अपनी पार्टी और सत्ता, बल्कि गुलाम मानसिकता अंग्रेजों से विरासत में मिली है। जब अंग्रेजों ने 1905 में बंगाल का विभाजन किया, तो 'वंदे मातरम' राष्ट्र की एकता और एकजुटता की आवाज बना। अंग्रेजों ने 'वंदे मातरम' पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश की, लेकिन कभी सफल नहीं हुए। मोदी ने कहा कि जो काम अंग्रेज नहीं कर पाये, वह कांग्रेस ने कर दिया। कांग्रेस ने धार्मिक आधार पर 'वंदे मातरम' के एक हिस्से को हटा दिया। इसका मतलब है कि कांग्रेस ने समाज को विभाजित किया और ब्रिटिश एजेंडे को आगे बढ़ाया।



### पीएम ने राष्ट्रीय एकता दिवस परेड की सलामी ली

पीएम ने संबोधन से पहले राष्ट्रीय एकता दिवस परेड की सलामी ली। परेड में शामिल सभी टुकड़ियों का नेतृत्व महिला अफसरों ने किया। परेड में सीआइएसएफ, आइटीबीपी, सीआरपीएफ और सीमा सुरक्षा बल समेत 16 टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। परेड में ऑपरेशन सिंदूर में बीएसएफ के 16 पदक विजेता और सीआरपीएफ के पांच शौर्य चक्र विजेता भी शामिल हुए। परेड का नेतृत्व हेराल्डिंग टीम के एक सौ सदस्यों ने किया, जबकि नौ बैंड टुकड़ियां और चार स्कूल बैंड ने परेड में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में 10 झांकियां निकाली गयीं। इनमें एनडीआरएफ, एनएसजी, जम्मू-कश्मीर, अंडमान और निकोबार, पुडुचेरी, महाराष्ट्र, गुजरात, मणिपुर, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड की झांकियां शामिल हुईं। इस दौरान वायुसेना की सूर्यकिरण टीम ने फ्लाइ पास्ट किया।

### एकता नगर में 15 दिन चलेगा भारत पर्व

एकता नगर में एक से 15 नवंबर तक 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के परिसर में भारत पर्व 2025 का आयोजन किया जायेगा। भारत पर्व के दौरान, भारत की समृद्ध विरासत और विविधता में एकता की भावना को प्रदर्शित करने वाले आयोजन होंगे। डैम व्यू प्वाइंट 1 पर हर शाम दो राज्य अपनी सांस्कृतिक विशेषता से जुड़े कार्यक्रम करेंगे।

## डॉ रामेश्वर उरांव बने झारखंड कांग्रेस की अनुशासनात्मक समिति के अध्यक्ष

**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस की अनुशासनात्मक कार्रवाई समिति का गठन कर दिया है। इस प्रस्ताव को कांग्रेस अध्यक्ष ने मंजूरी दे दी है। समिति तत्काल प्रभाव से कार्य करना शुरू करेगी। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार वरिष्ठ नेता डॉ रामेश्वर उरांव को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में अध्यक्ष के अलावा पांच सदस्य शामिल किये गये हैं। इनमें अशोक चौधरी, मंजूर अहमद अंसारी, भीम कुमार, मंजुला हांसदा और अभिलाष साहू शामिल हैं। कांग्रेस नेतृत्व का कहना है कि यह समिति संगठनात्मक अनुशासन को मजबूत करने और पार्टी नीतियों के अनुरूप व्यवहार सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

## सीएम हेमंत सोरेन से मिले जेपीएससी सदस्य, गुरुजी पर लिखी किताब भेंट की



**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के सदस्य डॉ जमाल अहमद ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उन्होंने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्मृति-शेष दिशोम गुरु स्व शिबू सोरेन जी के संघर्ष एवं जीवन पर लिखी पुस्तक 'बाबा-ए-झारखंड' सप्रेम भेंट की।

## झारखंड के पांच आइपीएस अधिकारी सहित 14 पुलिसकर्मियों को केंद्रीय गृह मंत्रालय दक्षता पदक





### झारखंड में नक्सलियों का सफाया करने के लिए मिला सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस की वीरता को एक बार फिर से बड़ा सम्मान मिला है। अपनी विशेष रणनीति के बल पर झारखंड में नक्सलियों का सफाया करने वाले आईपीएस अमोल वेणुकांत होमकर को केंद्रीय गृह मंत्रालय दक्षता पदक से नवाजा गया है। अमोल होमकर के अलावा झारखंड पुलिस के अन्य 13 पुलिस अफसरों को भी इस पदक से सम्मानित किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय दक्षता पदक हर साल 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर प्रदान किया जाता है। यह पदक पुलिसकर्मियों द्वारा विशेष अभियान, जांच और फोरेंसिक विज्ञान में असाधारण सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

### इन्हें मिला है सम्मान

आइपीएस अमोल वेणुकांत होमकर, आइपीएस माइकल राज, आइपीएस इंद्रजीत महता, आइपीएस सुरेंद्र कुमार झा, आइपीएस मनोज स्वर्गियारी, डिप्टी कमांडेंट मिथिलेश कुमार, सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, सब इंस्पेक्टर मंटू कुमार, कांस्टेबल दीनबंधु शेखर, कांस्टेबल पारस कुमार वर्मा, कांस्टेबल विकास कर्मकार, कांस्टेबल भागीरथ रजवार, कांस्टेबल शिवनंदन हांसदा, कांस्टेबल अजय मेहता।

## ट्यूनीशिया में फंसे 48 मजदूर सीएम ने दिया मदद का निर्देश

### तीन माह से वेतन नहीं, सरकार से वतन वापसी की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो जिले के कुल 48 मजदूर अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया में फंसे हुए हैं। इन मजदूरों को पिछले तीन माह से कंपनी ने वेतन नहीं दिया है, जिसके चलते उनके सामने खाने-पीने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

मामले के सामने आने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर बोकारो, हजारीबाग और गिरिडीह के डीसी को जांच कर श्रम विभाग के साथ समन्वय बनाते हुए प्रवासी मजदूरों की मदद के निर्देश दिये। साथ ही विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास से भी सहायता की अपील की है।

**वीडियो जारी कर बयां किया दर्द :** ट्यूनीशिया में फंसे मजदूरों ने एक वीडियो के माध्यम से अपना दर्द बयां किया है और भारत और झारखंड सरकार से शीघ्र वतन वापसी की गुहार लगायी है। मजदूरों ने बताया कि उनकी हालत बहुत खराब है और कंपनी द्वारा वेतन रोक दिये जाने के कारण उनके पास खाने तक के पैसे नहीं बचे हैं। मजदूरों ने बकाया वेतन के तुरंत भुगतान की मांग भी की है।

## मोकामा में नहीं थम रहा बवाल राजद प्रत्याशी की गाड़ी पर पथराव

- दुलारचंद यादव के समर्थकों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग
- अनंत सिंह और अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मोकामा।** बाहुबली दुलारचंद यादव की हत्या के बाद दूसरे दिन शुक्रवार को भी मोकामा टाल क्षेत्र में बवाल जारी रहा। पंडराक में मोकामा से राजद प्रत्याशी और बाहुबली सूरजभान की पत्नी वीणा देवी की गाड़ी पर पथराव हुआ। इसमें उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी। बताया जा रहा है कि दुलारचंद के शव का कड़ी सुरक्षा में पोस्टमार्टम हुआ। वापसी के वक्त पंडराक में वीणा देवी की गाड़ी पर अचानक हमला हो गया, जिसमें वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया है।

## बिहार में एनडीए का चुनावी संकल्प पत्र जारी

- नौकरी, हाइवे, मेट्रो समेत 25 प्रमुख वादे शामिल
- केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने का आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए ने अपना साझा चुनावी घोषणा पत्र जारी कर दिया है। सत्ताधारी गठबंधन की ओर से पटना के होटल मौर्य में शुक्रवार को साझा प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गयी। इस पीसी को सिर्फ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने ही संबोधित किया। एनडीए के अन्य किसी शीर्ष नेता ने कार्यक्रम को संबोधित नहीं किया। एनडीए के संकल्प पत्र में रोजगार, विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य से जुड़े 25 प्रमुख वादे किये गये हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, लोजपा (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के सुप्रीमो जीतनराम मांझी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा समेत एनडीए के अन्य नेता मौजूद रहे।

### संकल्प पत्र के प्रमुख वादे

- एक करोड़ सरकारी नौकरी और रोजगार।
- कौशल जनगणना कर कौशल आधारित रोजगार प्रदान किये जायेंगे।
- हर जिले में मेगा स्किल सेंटर स्थापित कर बिहार को ग्लोबल स्किलिंग सेंटर के रूप में स्थापित किया जायेगा।
- मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को दो लाख रुपये तक की सहायता राशि दी जायेगी।
- एक करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाया जायेगा।
- 'महिला मिशन करोड़पति' के माध्यम से चिह्नित महिला उद्यमियों को करोड़पति बनाने की दिशा में काम किया जायेगा।
- हर किसान का सम्मान, हर फसल का सही दाम।
- कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि की शुरुआत कर किसानों को प्रति वर्ष 3000 रुपये, कुल 9000 रुपये का लाभ दिया जायेगा।
- एग्री-इंफ्रास्ट्रक्चर में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा।
- पंचायत स्तर पर सभी प्रमुख फसलों (धान, गेहूं, दलहन, मक्का) की एमएसपी पर खरीद की जायेगी।
- 'मत्स्य-दुग्ध मिशन' योजना से प्रत्येक मत्स्य पालक को कुल 9000 रुपये का लाभ दिया जायेगा।
- 'बिहार दुग्ध मिशन' की शुरुआत कर हर प्रखंड स्तर पर चिलिंग और प्रोसेसिंग सेंटर स्थापित किये जायेंगे।
- 2030 तक दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त की जायेगी।
- बिहार गति शक्ति मास्टर प्लान प्रस्तुत किया जायेगा।
- सात एक्सप्रेस वे बनाये जायेंगे।
- 3600 किलोमीटर रेल ट्रैक का आधुनिकीकरण किया जायेगा।
- अमृत भारत एक्सप्रेस और नमो रैपिड रेल सेवा का विस्तार किया जायेगा।
- चार नये शहरों में मेट्रो सेवा शुरू की जायेगी।
- 'न्यू पटना' में ग्रीनफील्ड शहर और प्रमुख शहरों में सैटेलाइट टाउनशिप विकसित की जायेगी।
- मां जानकी की जन्मस्थली को विश्वस्तरीय आध्यात्मिक नगरी 'सीतापुरम' के रूप में विकसित किया जायेगा।
- पटना के समीप ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट तथा दरभंगा, पूर्णिया और भागलपुर में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट विकसित किये जायेंगे।
- विकसित बिहार औद्योगिक मिशन के अंतर्गत एक लाख करोड़ के निवेश से औद्योगिक क्रांति लायी जायेगी।
- विकसित बिहार इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट मास्टर प्लान बनाया जायेगा।
- प्रत्येक जिले में अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट और 10 नये औद्योगिक पार्क विकसित किये जायेंगे।
- बिहार को 'वैश्विक बैक-एंड हब' और 'ग्लोबल वर्कप्लेस' के रूप में स्थापित किया जायेगा।
- न्यू-ऐज इकोनॉमी के तहत 50 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया जायेगा।
- मुफ्त राशन।
- 125 यूनिट मुफ्त बिजली।
- पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज।
- 50 लाख नये पक्के मकान।
- सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जायेगी।
- सभी गरीब परिवारों के छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जायेगी।
- मिड-डे मील के साथ पौष्टिक नाश्ता और स्कूलों में आधुनिक स्किल लैब की सुविधा दी जायेगी।
- वर्ल्ड क्लास 'एजुकेशन सिटी' की स्थापना की जायेगी।
- 5000 करोड़ रुपये से प्रमुख जिला स्कूलों का कायाकल्प किया जायेगा।
- बिहार को देश के एआइ हब के रूप में स्थापित करने के लिए 'सेंट्र ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित कर हर नागरिक को एआइ का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।
- हब निर्माण (टेक्सटाइल, टेक, एक्सपोर्ट)।
- बिहार को मखाना, मछली और अन्य उत्पादों के ग्लोबल एक्सपोर्ट सेंटर के रूप में विकसित किया जायेगा।
- मिथिला मेगा टेक्सटाइल एंड डिजाइन पार्क और अंग मेगा सिल्क पार्क से बिहार को दक्षिण एशिया का टेक्सटाइल और सिल्क हब बनाया जायेगा।
- पूर्वी भारत के नये टेक हब के रूप में डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क, मेगा टेक सिटी और फिनटेक सिटी की स्थापना की जायेगी।
- 100 एमएसएमइ पार्क और 50 हजार से अधिक कुटीर उद्यमों से 'वोकल फॉर लोकल' को बढ़ावा दिया जायेगा।
- विश्वस्तरीय मेडिसिटी का निर्माण किया जायेगा।
- हर जिले में स्वीकृत मेडिकल कॉलेज का निर्माण समय पर पूर्ण किया जायेगा।
- बाल चिकित्सा एवं ऑटिज्म के लिए समर्पित अत्याधुनिक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और विशेष स्कूल स्थापित किये जायेंगे।
- बिहार स्पोर्ट्स सिटी का निर्माण किया जायेगा।
- हर प्रमंडल में चिह्नित प्राथमिकता वाले खेलों के लिए समर्पित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित किये जायेंगे।
- उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत सभी अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को हर महीने 2000 रुपये दिये जायेंगे।
- हर अनुमंडल में आवासीय विद्यालय और उद्यमियों के लिए विशेष वेंचर फंड स्थापित किये जायेंगे।

### 25वां झारखंड राज्य स्थापना दिवस: कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर

## गृह सचिव के नेतृत्व में अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण

### सभी पदाधिकारियों की निर्धारित की गयी जिम्मेदारियां, दिये गये अहम निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल ने कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस को वृहत पैमाने पर मनाने का निर्णय लिया है। यह आयोजन झारखंड की गौरवशाली विरासत, संस्कृति एवं विकास यात्रा का प्रतीक होगा। इसे भव्य एवं यादगार बनाने को ध्यान में रख कर सभी तैयारियां की जा रही हैं। इस वर्ष 2025 को राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर 11 नवंबर से ही सभी जिलों, प्रखंडों, पंचायतों, स्कूलों, कॉलेजों में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास , उद्घाटन किया जायेगा। वे शुक्रवार को मोरहाबादी मैदान में 15 नवंबर को राज्य स्थापन दिवस के अवसर पर होने वाले समारोह की तैयारियों का जायजा ले रही थीं। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए हर व्यवस्था को परिपूर्ण एवं समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाये। वंदना दादेल ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि समारोह से जुड़ी सभी तैयारियां समयबद्ध एवं सुनियोजित तरीके से पूरी की जायें। उन्होंने कहा कि मुख्य कार्यक्रम के लिए मंच निर्माण, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा घेराबंदी, प्रवेश-निकास द्वार, स्वागत कक्ष, मीडिया सेंटर, चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये हैं।

निरीक्षण के दौरान सचिव वाणिज्य कर अमिताभ कौशल , कल्याण सचिव कृपानंद झा, खान निदेशक राहुल कुमार सिन्हा,आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी, विशेष सचिव सह निदेशक आइपीआरडी राजीव लोचन बख्शी, उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री सहित रांची जिला प्रशासन के अन्य सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# बिहार चुनाव : आ देखें जरा किसके वादों में है कितना दम

## ■ एनडीए के संकल्प पत्र बनाम महागठबंधन के तेजस्वी प्रण में कौन दमदार

## ■ दोनों गठबंधनों के बीच लोक लुभावन वादों के जरिये आगे निकलने की होड़

**आजाद सिपाही विशेष**

**बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में पहले चरण की वोटिंग में एक सप्ताह का भी समय नहीं बचा है। ऐसे में एनडीए ने महागठबंधन के तेजस्वी प्रण पत्र के जवाब में अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। एनडीए के संकल्प पत्र में एक करोड़ रोजगार, हर परिवार को 125 यूनिट मुफ्त बिजली और एक करोड़ लखपति दीदी बनाने का वादा किया गया है। वहीं महागठबंधन के तेजस्वी प्रण पत्र में हर परिवार के एक सदस्य को नौकरी, 200 यूनिट मुफ्त बिजली और जीविका दीदियों को 30 हजार रुपये मानदेय और माई-बहिन योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा है। एनडीए ने उद्योग और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया है, जबकि महागठबंधन ने रोजगार, शिक्षा और सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दी है। बिहार चुनाव 2025 में सबसे बड़ा मुद्दा फिर से रोजगार है। इसीलिए पहले महागठबंधन ने हर ऐसे परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की, जिसके घर में कोई नौकरी नहीं है। तेजस्वी प्रण पत्र के सवा करोड़ रोजगार के वादे पर एनडीए ने अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नये रोजगार देने का वादा किया है। महिलाओं के लिए दोनों गठबंधनों ने अपने-अपने तरीके से आर्थिक आत्मनिर्भरता को केंद्र में रखा है। एनडीए ने लखपति दीदी योजना के जरिये एक करोड़ महिलाओं को करोड़पति बनाने का लक्ष्य रखा है, जबकि महागठबंधन ने पहले ही जीविका दीदियों को 30 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय देने का वादा किया है। कुल मिला कर दोनों गठबंधनों के बीच लोक लुभावन वादों के जरिये एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ साफ नजर आ रही है। ऐसे में दोनों घोषणा पत्रों में कौन अधिक दमदार है और क्या हो सकती हैं संभावनाएं, बता रहे हैं आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**
संपादक

बिहार विधानसभा चुनावों से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और महागठबंधन (इंडिया ब्लॉक) दोनों ने अपने-अपने घोषणा पत्र जारी कर दिये हैं। वैसे बिहार ही नहीं, देश की राजनीति में घोषणा पत्र अब केवल नीतिगत दस्तावेज नहीं रहे, बल्कि भावनात्मक प्रोपेगेंडा बन चुके हैं। इस बार बिहार में दोनों खेमों ने वादों की ऐसी बारिश की है कि आम मतदाता के लिए असली और नकली बादल में फर्क करना मुश्किल हो गया है। एनडीए का घोषणा पत्र दिखने में व्यावहारिक और संरचनात्मक है। यह विकास, उद्योग और स्थिरता की बात करता है। वहीं महागठबंधन का घोषणा पत्र भावनात्मक है। यह नौकरी, वेतन और सरकारी स्थायित्व जैसे सीधे वादे करके युवाओं के दिलों को छूने की कोशिश करता है।

### एनडीए बनाम महागठबंधन

एनडीए ने इस बार 'गारंटी' को मुख्य शब्द बनाया है। 'मोदी की गारंटी और नीतीश का भरोसा', यह नारा सीधे जनता की याददाश्त में बैठाने की रणनीति है। घोषणा पत्र का फोकस बुनियादी ढांचे पर है। जैसे, सात एक्सप्रेस वे, 3600 किलोमीटर नयी रेल लाइनें, हर जिले में मेडिकल कॉलेज और औद्योगिक पार्क का वादा किया गया है। लेकिन सवाल यह है कि क्या बिहार में उद्योग लगाने का माहौल तैयार है। बिजली, भूमि, कानून व्यवस्था और मानव संसाधन, ये चारों चुनौतियां अभी भी गंभीर हैं। देखा जाये तो एक करोड़ रोजगार का वादा तब तक महज नारा रहेगा, जब तक बिहार में पूंजी निवेश आकर्षक नहीं बनता। हालांकि एनडीए ने महिलाओं पर केंद्रित योजनाओं, 'लखपति दीदी मिशन' और 'महिला उद्यमिता योजना' के जरिये ग्रामीण महिला वोट बैंक को साधने की कोशिश की है। नीतीश कुमार का पिछला रिकॉर्ड इस दिशा में अपेक्षाकृत मजबूत रहा है, इसलिए इस वर्ग में एनडीए का वादा विश्वसनीय दिखता है।

वहीं तेजस्वी यादव ने घोषणा पत्र को पूरी तरह युवाओं के लिए डिजाइन किया है। '20 दिन में नौकरी' जैसा वादा तात्कालिक रूप से आकर्षक जरूर लगता है, लेकिन वित्तीय दृष्टि से यह असंभव है। बिहार के राजस्व संसाधन सीमित हैं। अगर हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाये, तो यह न केवल आर्थिक रूप से अव्यावहारिक होगा, बल्कि शासन व्यवस्था भी चरमरा जायेगी। पुरानी पेंशन योजना, ठेका कर्मियों का स्थायीकरण और 'जीविका दीदी' को सरकारी दर्जा देने जैसी घोषणाएं वित्तीय बोझ को कई गुना बढ़ा सकती हैं। महागठबंधन ने भावनात्मक राजनीति का सहारा लिया है, पर शासन के व्यावहारिक समीकरणों को नजरअंदाज किया है।

### क्या है एनडीए के घोषणा पत्र में

पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्रियों जीतन राम मांझी, चिराग पासवान और सांसद उपेंद्र कुशवाहा की मौजूदगी में एनडीए ने अपना विस्तृत घोषणा पत्र जारी किया। एनडीए के घोषणा पत्र में एक करोड़ रोजगार, महिलाओं के सशक्तिकरण, औद्योगिक विकास और बुनियादी ढांचे में निवेश पर जोर दिया गया है। घोषणा पत्र में हर जिले में मेगा स्किल सेंटर, औद्योगिक पार्क, महिला उद्यमिता मिशन, खेती के लिए एमएसपी की गारंटी और सात नये एक्सप्रेस वे जैसी योजनाओं की घोषणा की गयी है। इसके साथ ही गरीबों के लिए 50 लाख नये घर, 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली, मुफ्त राशन और बेहतर शिक्षा-स्वास्थ्य ढांचा का वादा किया गया है।

एनडीए के घोषणा पत्र के प्रमुख प्रावधानों में पिछड़े वर्गों के लिए विशेष आर्थिक सहायता का भी उल्लेख है। आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (इबीसी) को सरकार 10 लाख रुपये की सहायता देगी और उनके हितों के लिए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोग गठित किया जायेगा। इसके अलावा कृषि क्षेत्र के लिए राजग ने 'कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि' शुरू करने की घोषणा की है, जिसे केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से लागू किया जायेगा। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी दी जायेगी और कृषि अवसंरचना में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा। घोषणा पत्र में बाढ़ प्रभावित उत्तर बिहार को अगले पांच वर्षों में पूरी तरह इस समस्या से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। शहरी विकास के तहत चार और शहरों में मेट्रो रेल सेवा शुरू करने की घोषणा भी की गयी है। राजधानी क्षेत्र में 'न्यू पटना' नामक एक हरित (ग्रीनफील्ड) परियोजना विकसित की जायेगी। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सीतामढ़ी के पुनौरा धाम जानकी मंदिर को 'सीतापुरम' के रूप में विकसित किया जायेगा। घोषणा पत्र में यह भी कहा गया है कि बिहार से विदेशी उड़ानें शुरू की जायेंगी और कई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे बनाये जायेंगे। साथ ही राज्य में 10 नये औद्योगिक पार्क स्थापित किये जायेंगे और प्रत्येक जिले में फैक्टरी और विनिर्माण इकाइयां शुरू की जायेंगी। एनडीए ने वादा किया है कि अगले पांच वर्षों में राज्य में 50 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया जायेगा, जिससे 'औद्योगिक क्रांति' की गारंटी सुनिश्चित होगी। शिक्षा के क्षेत्र में एनडीए ने 'केजी से पीजी तक निशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा' का वादा किया है। अनुसूचित जाति के उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दो हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जायेगी। एनडीए ने गरीब और वंचित वर्गों के लिए पंचामृत गारंटी की घोषणा की है, जिसके तहत मुफ्त राशन, पांच लाख रुपये तक का मुफ्त उपचार, 50 लाख पक्के मकान और सामाजिक सुरक्षा पेंशन सुनिश्चित की जायेगी राजग ने घोषणापत्र में कहा कि खेल के क्षेत्र में राज्य में बिहार स्पोर्ट्स सिटी का निर्माण किया जायेगा ताकि युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं मिल सकें। संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए भी विशेष प्रावधान किये गये हैं। घोषणा पत्र के अनुसार, गिग वर्कर्स और ऑटो चालकों को वित्तीय सहायता और कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। भाजपा ने कहा, यह घोषणापत्र प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और नीतीश कुमार के भरोसे का प्रतीक है।





### क्या है महागठबंधन के घोषणा पत्र में

दूसरी ओर महागठबंधन ने अपने घोषणा पत्र जिसे 'तेजस्वी प्रण' नाम दिया गया है, में हर परिवार को एक सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि हम सत्ता में आये, तो 20 दिन में हर परिवार को एक नौकरी दी जायेगी। घोषणा पत्र में 'जीविका दीदी' को स्थायी सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, आउटसोर्स और कांट्रैक्ट कर्मचारियों को नियमित करने और युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी 25 प्रमुख घोषणाएं शामिल हैं।

### किससे प्रभावित होंगे मतदाता

अब सवाल उठता है कि जनता किसके घोषणा पत्र से प्रभावित होगी। देखा जाये तो बिहार की जनता अब केवल वादों से नहीं, विश्वसनीयता से प्रभावित होती है। नीतीश कुमार की छवि एक अनुभवी प्रशासक की है, भले ही अब उनकी लोकप्रियता घट रही हो। मगर मोदी फैक्टर आज भी ग्रामीण और मध्यम वर्ग में भरोसे का प्रतीक है। दूसरी ओर तेजस्वी यादव युवाओं में उम्मीद जगाते हैं, लेकिन 'जंगल राज' की पुरानी यादें अभी भी वोटरों के दिमाग में ताजा हैं। इसलिए शहरी और मध्यम वर्ग के मतदाता संभवतः एनडीए के 'विकास और स्थिरता' के वादे से आकर्षित होंगे, जबकि बेरोजगार युवा और निम्न वर्ग महागठबंधन की 'नौकरी और पेंशन' की घोषणाओं की ओर झुक सकते हैं।

बहरहाल, एनडीए का घोषणापत्र एक दीर्घकालिक दृष्टि प्रस्तुत करता है, लेकिन उसकी सफलता क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। वहीं महागठबंधन का घोषणा पत्र तत्काल राहत का सपना दिखाता है, लेकिन उसकी विश्वसनीयता संदिग्ध है। बिहार के मतदाता अब भावनाओं से अधिक परिणाम चाहते हैं। वे जान चुके हैं कि 'रोजगार की राजनीति' और 'विकास की राजनीति' के बीच एक बहुत गहरा अंतर है। बिहार के लिए असली सवाल यह नहीं है कि कौन ज्यादा वादे करता है, बल्कि यह है कि कौन अपने वादों को निभा सकता है। और इस बार जनता घोषणा पत्र नहीं, विश्वसनीयता को वोट देगी।

---

धूमधाम से मनायी गयी लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती

# देश की एकता और अखंडता के शिल्पकार थे लौह पुरुष : सुदेश महतो

**पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश, विधायक निर्मल महतो ने लौह पुरुष के प्रतिमा पर किया माल्यार्पण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** कांकेबार स्थित पटेल छात्रावास में शुक्रवार को देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल लौह पुरुष की 150 वीं जयंती को लेकर समारोह का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक सुनीता चौधरी, पूर्व विधायक लंबोदर महतो सहित कई अतिथियों ने संयुक्त रूप से सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इससे पूर्व आयोजन समिति के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत गाजे-बाजे के साथ किया। वहीं फूलों का गुच्छा और प्रतिक चिह्न भी दिया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा कि देश की आजादी में सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका अहम रही है। वे देश की एकता और अखंडता के शिल्पकार थे। जिनके कारण उन्हें लौह पुरुष माना जाता है। राष्ट्र के निर्माण में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं वकील होने के साथ-साथ राजीनीतिज्ञ भी थे। उन्होंने ब्रिटीश साशन से भारतीय स्वतंत्रता के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। उनका मानना था कि आत्मनिर्णय प्राप्त करने के लिए भारतीय एकता जरूरी है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर उनके बताये मार्ग पर चलने की आवश्यकता है।

**ये थे उपस्थित :** मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, जिप सदस्य धनेश्वर महतो, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेवी महतो, नप उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, प्रीति दीवान, छात्रावास समिति के अध्यक्ष सुरेश महतो, सचिव शीतल प्रसाद, कोषाध्यक्ष टीकेंद्र महतो, चंद्रशेखर चौधरी, लालबिहारी महतो, निरंजन महतो, चंदर महतो सहित पटेल छात्रावास समिति के कई सदस्य व शहर के अनेकों गणमान्य लोग शामिल थे।



**समारोह को इन्होंने किया संबोधित**

समारोह को संबोधित करते सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक सुनीता चौधरी, पूर्व विधायक लंबोदर महतो सहित कई अतिथियों ने अपने संबोधन में लोगों के बीच लौह पुरुष के जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला। अतिथियों ने कहा कि देश की एकता और अखंडता के साथ-साथ किसानों के सशक्तिकरण के लिए भी वे हमेशा प्रयासरत रहे। अतिथियों के संबोधन के बाद राष्ट्रीय पुरस्कार से पुरस्कृत कलाकार हेमली कुमारी व उनके टीम के कलाकारों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों व लोगों का मन जीत लिया।

---

# मुख्यमंत्री को लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ राजकीय महोत्सव-2025 के लिए किया आमंत्रित

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बोकारो उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने की मुलाकात**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उपायुक्त अजय नाथ झा और पुलिस अधीक्षक बोकारो हरविंदर सिंह ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उन्होंने बोकारो जिले के पीटीपीएस ललपनिया में आगामी 04 एवं 05 नवंबर को आयोजित लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ राजकीय महोत्सव-2025 में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उपायुक्त अजय नाथ झा और पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह से लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ राजकीय महोत्सव-2025 की तैयारियों से संबंधित विस्तृत जानकारी ली साथ ही कई अहम निर्देश और सुझाव दिये। मुख्यमंत्री ने दोनों अधिकारियों को आयोजन की सफलता के लिए अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी।



# झारखंड के जिलों को क्राइम डिस्ट्रिक्ट बनने से रोकें : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पाकुड़ में पत्थर खदान के मुंशी पर गोलीबारी की घटना पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। मरांडी ने कहा कि पाकुड़ में कांग्रेस नेता बेलाल शेख और उसके साथी जियाउल पगला ने सोला गढ़िया गांव में पत्थर खदान के मुंशी पर गोलीबारी की। सौभाग्य से मुंशी की जान बच गयी है। घायल मुंशी ने बयान दिया है कि दो दिन पूर्व इन्हीं अपराधियों द्वारा उसे जान से मारने की धमकी भी दी गयी थी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी भी की लेकिन दबाव में दोनों को छोड़ दिया। ऐसा प्रतीत होता है कि गिरफ्तारी का रिकॉर्ड भी गायब कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि वे कौन लोग हैं, जो हत्या का प्रयास करने वाले आरोपियों को बचा रहे हैं? कांग्रेस के पूर्व मंत्री और उनके पुत्र से इन अपराधियों का क्या संबंध है? छठ पूजा के दिन हुई इस गोलीबारी की जवाबदेही कौन लेगा? झारखंड में सत्ता की सरपरस्ती में पल रहा अपराध खतरनाक संकेत है। बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से कहा कि झारखंड के जिलों को क्राइम डिस्ट्रिक्ट मत बनने दीजिये।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.8 °c | 21.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.11 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.53 बजे |



# मुख्यमंत्री ने विधायक ममता देवी के दिवंगत ससुर को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रामगढ़ विधायक ममता देवी के दुलमी प्रखंड, होहद गांव स्थित आवास पहुंचे। वहां उन्होंने विधायक ममता देवी के ससुर स्मृति शेष-स्व. सरयू महतो के फोटो चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमंत ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस कठिन घड़ी में संबल प्रदान करने की कामना की। मुख्यमंत्री ने विधायक ममता देवी एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और ढांढ़स बंधाया।

इस मौके पर विधान सभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो सहित अन्य विधायक एवं कई गणमान्य लोगों ने भी सरयू महतो को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

विदित हो कि विगत 20 अक्टूबर 2025 को रामगढ़ विधायक ममता देवी के ससुर सरयू महतो का निधन हो गया था। स्व. सरयू महतो अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र, एक पुत्री, दो पुत्रवधु सहित भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहा। श्रद्धांजलि सभा कई राजनीतिक दल के नेताओं श्रद्धांजलि दिये।



## झामुमो ने चंपाई सोरेन पर निशाना साधा

# भाजपा के पिंजरे में बंद शेर हैं चंपाई सोरेन : सुप्रियो भट्टाचार्य

**चंपाई सोरेन के आह्वान पर कोल्हान बंद को वहां की जनता ने ही नकार दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** घाटशिला विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की चुनावी गतिविधियां तेज होने लगी हैं। जेएमएम बीजेपी पर हमलावर बनी हुई है। 01 नवंबर से झारखंड मुक्ति मोर्चा के ज्यादातर नेता घाटशिला में रहकर अपने प्रत्याशी सोमेश सोरेन को जीत दिलाने में जुट जायेंगे। घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में अपनी भागीदारी निभाने जाने से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हर चुनाव में हमारी तैयारी एक ही तरह की होती है, हमारे नेता और कार्यकर्ता, हमेशा जनता के बीच ही होते हैं। इस दौरान एक सवाल के जवाब में भाजपा विधायक चंपाई सोरेन को कोल्हान टाइगर की उपाधि पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि वो भाजपा रूपी सर्कस पार्टी के पिंजरे में बंद शेर की तरह हो गये हैं। अब चंपाई सोरेन टिकट खरीदकर देखने वाले टाइगर बनकर रह गये हैं। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पिछले दिनों चंपाई सोरेन के आह्वान पर कोल्हान बंद को वहां की जनता ने ही नकार दिया। इससे साफ है कि झामुमो प्रत्याशी के रूप में सोमेश सोरेन इस बार 50 हजार वोटों से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचेंगे।



**04 नवंबर से पार्टी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की होगी चुनावी सभाएं :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में भाजपा कहीं रेस में ही नहीं है। क्योंकि इस बार घाटशिला की महान और प्रबुद्ध जनता को यह मौका मिला है कि उनको दिशोम गुरु शिबू सोरेन और रामदास सोरेन दोनों को श्रद्धांजलि देना है। झामुमो नेता ने कहा कि 2024 विधानसभा चुनाव की तरह ही इस बार जीत झामुमो की होगी चाहे भाजपा का कोई नेता कितना भी तड़क भड़क कर ले। बता दें कि भाजपा प्रत्याशी और अपने पुत्र बाबूलाल सोरेन को उपचुनाव में जीत दिलाने के लिए चंपाई सोरेन खासा मेहनत कर रहे हैं। यही वजह है कि झामुमो के निशाने पर घाटशिला विधानसभा उपचुनाव का भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन कम और उनके पिता चंपाई सोरेन अधिक हैं।

# राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक थे सरदार वल्लभ भाई पटेल : बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल का जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से सच्चे अर्थों में लौह पुरुष होने का परिचय दिया। बाबूलाल मरांडी ने बिहार प्रवास के दौरान पटना स्थित भाजपा कार्यालय में सरदार बल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्षगांठ पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। वे इन दिनों बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान में भाग लेने के लिए बिहार में हैं। मरांडी ने कहा कि आजादी के बाद सरदार पटेल ने देश की 500 से अधिक रियासतों का विलय कर भारत को राजनीतिक रूप से एकजुट किया। यह कार्य भारतीय इतिहास का सबसे बड़ा एकीकरण आंदोलन था, जिसके लिए देश सदैव उनका ऋणी रहेगा।

उन्होंने कहा कि सरदार पटेल एक दूरदर्शी राजनेता थे। उन्होंने देश की शासन व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा की स्थापना की। वे एक किसान नेता भी थे जिन्होंने सहकारिता आंदोलन को बल दिया और सहकारी समितियों के माध्यम से विकास की नयी दिशा दी। श्वेत क्रांति को बढ़ावा देने में भी उनका योगदान अविस्मरणीय है।

मरांडी ने कहा कि सरदार पटेल की दूरदर्शिता को कांग्रेस पार्टी ने अनदेखा किया, जिसका परिणाम देश को लंबे समय तक भुगतना पड़ा। उन्होंने नयी पीढ़ी से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लें और राष्ट्र निर्माण के कार्य में योगदान दें।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** मसामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए समय लाभप्रद रहेगा, प्रियजनों का आवागमन।

**वृष** सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ। व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।

**मिथुन** धन लाभ, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति, विरोधियों पर विजय मिलेगा।

**कर्क** माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।

**सिंह** पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता, मनोकामनाएं पूरी होंगी।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

### झारखंड पात्रता परीक्षा 2024 के ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ायी गयी

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड लोक सेवा आयोग ने झारखंड पात्रता परीक्षा 2024 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने की घोषणा की है। नयी समय-सारिणी के अनुसार: ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि अब 17 नवंबर 2025 रात 11:45 बजे तक निर्धारित की गयी है। परीक्षा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 18 नवंबर 2025 शाम 5:00 बजे तक रहेगी। ऑनलाइन आवेदन में सुधार 19 नवंबर 2025 से 21 नवंबर 2025 तक शाम 5:00 बजे तक खुली रहेगी।

# गांव-गांव में हेमंत सोरेन सरकार के विकास की झलक : संजीव सरदार



**झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के समर्थन में संजीव सरदार ने किया जनसंपर्क**

आजाद सिपाही स्संवाददाता

**घाटशिला।**घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के समर्थन में स्टार प्रचारकों का जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। शुक्रवार को पोटका के विधायक संजीव सरदार ने घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान दोनों विधायक ने ग्रामीणों से मुलाकात कर झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने पिछले वर्षों में जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों के जीवन में सुधार लाने का कार्य किया है। गांव-गांव में झामुमो समर्थकों ने तीर-धनुष के निशान के पक्ष में नारे लगाकर समर्थन जताया। झामुमो के स्टार प्रचारक और पोटका विधानसभा के विधायक संजीव सरदार और बहरागोड़ा विधानसभा के विधायक समीर मोहंती ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से जनसंपर्क अभियान चलाया, इस दौरान दोनों विधायकों ने ग्रामीणों से घर घर जा कर मुलाकात की।

# गरीबों के दिल में हैं मोदी, जनता भाजपा के साथ : आदित्य साहू

## ■ राज्य सरकार आदिवासी विरोधी और जनता विरोधी है : बाबूलाल सोरेन

## ■ राखा में भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के जादूगोड़ा मंडल अंतर्गत राखा में शुक्रवार को भाजपा का चुनाव कार्यालय भव्य रूप से उद्घाटित किया गया। उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू एवं भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों की उपस्थिति में जोश और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि मोदी ने गरीबों के दिल में जगह बनायी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव, गरीब, किसान, मजदूर, आदिवासी, दलित, पिछड़ा सबके विकास की दिशा में काम किया है। गरीबों को पक्का मकान, शौचालय निर्माण, मुफ्त गैस सिलेंडर, पेंशन योजना और मुफ्त अनाज जैसी योजनाओं से जोड़ा है। पीएम मोदी ने जनता की सेवा दिल खोलकर की है, इसलिए आज वे हर गरीब के दिल में बसे हैं।



उन्होंने कहा कि घाटशिला की जनता मोदी के विकास कार्यों से प्रभावित है और निश्चित रूप से भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को अपना आशीर्वाद देकर विजयी बनायेगी। श्री साहू ने कहा कि जनता के बीच कमल खिलेगा घाटशिला में का नारा गूंज रहा है और यह चुनाव जनता बनाम झूठी सरकार का है और परिणाम स्पष्ट रूप से जनता के पक्ष में जायेगा।

### घाटशिला में कमल जरूर खिलेगा : बाबूलाल सोरेन

इस अवसर पर कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए बाबूलाल सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार आदिवासी विरोधी है। श्री सोरेन ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और जनता के आशीर्वाद से घाटशिला में कमल जरूर खिलेगा। राज्य सरकार पूरी तरह से आदिवासी विरोधी साबित हुई है। चाहे सूर्या हांसदा का फर्जी एनकाउंटर हो, नगड़ी में आदिवासियों की जमीन अधिग्रहण का मामला हो, हूल दिवस पर निहत्थे आदिवासियों पर बर्बर लाठीचार्ज हो या चाइबासा में निर्दोष आदिवासी युवकों की गिरफ़्तारी हो, हर जगह इस सरकार ने आदिवासियों की पीठ में छुरा घोंपा है। घाटशिला की जनता इस बार इस सरकार को करारा जवाब देगी और भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनायेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, मंडल पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य रूप से उपस्थित नेताओं में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं मंडल प्रभारी सुरेश साव, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, मंडल अध्यक्ष गुरुचरण रजवार, जिला महामंत्री सत्या तिवारी, रूपाली सवैया, तनुश्री नंदा, मनोज सिंह, रोहित अग्रवाल, अशोक विश्वकर्मा, वरुण सिंह, सिदो-कान्हो के वंशज मंडल मुर्मू, रेणु महली, रोहित सिंह परमार, चंचल दास सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### घाटशिला मंडल के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक

शुक्रवार को घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के निमित्त आयोजित घाटशिला मंडल के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ हैं, और उनके समर्पण से ही आगामी उपचुनाव में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही एवं विधायक अमित कुमार यादव उपस्थित रहे। बैठक में उपचुनाव को लेकर संगठनात्मक रणनीति, बूथ प्रबंधन और मतदाता सम्पर्क अभियान पर विस्तार से चर्चा हुई।

# भवन निर्माण विभाग के टेंडर में हो रहा सेटिंग का खेल: प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार में एक और टेंडर घोटाले की पृष्ठभूमि लिखी जा रही है। प्रतुल ने कहा भवन निर्माण विभाग के प्रमंडल संख्या 1 में जो भी टेंडर अखबारों में पब्लिश हो रहा है या वेबसाइट पर निकाला जा रहा है, उसमें किये जाने वाले कार्य की राशि का ही जिक्र नहीं हो रहा। यानी इच्छुक लोगों को यह अंदाज ही नहीं होगा कि यह टेंडर कितने का है। जब आप पैसा देकर टेंडर पेपर और बीओक्यू को खरीदते हैं तब जाकर आपको अनुमानित राशि का पता चलता है। प्रतुल ने कहा दरअसल यह एक और टेंडर घोटाले की पृष्ठभूमि लिखी जा रही है। सामान्य तौर पर और नियमों के अनुसार कार्य का नाम और खर्च होने वाली अनुमानित राशि का जिक्र होता है, लेकिन प्रमंडल 1 में निकल रहे टेंडर के नोटिस में इसका जिक्र नहीं हो रहा। प्रतुल ने कहा इससे इच्छुक ठेकेदारों को यह पता नहीं चल पाता कि टेंडर कितनी राशि का है। प्रतुल ने कहा कि ये आरोप लग रहे हैं कि ये सारा खेल एक और बड़ा घोटाला है। ये भी आरोप है कि विभाग उन्हीं ठेकेदारों को यह राशि अनौपचारिक रूप से बताता है जिसे विभाग काम आवंटित करना चाहता है। प्रतुल ने कहा कि यह भी आरोप लगा है कि बीओक्यू में भी किसी को पूरी राशि का विवरण दिया जाता है तो किसी को आधा अधूरा पकड़ा दिया जाता है। यह तो संभव नहीं है कि कोई ठेकेदार हर एक टेंडर पेपर को खरीदे ताकि उसे राशि का ज्ञान हो। प्रतुल ने कहा कि पहले ऑफलाइन टेंडर में बड़ा घोटाला होता था। जिसके कारण टेंडर को ऑनलाइन किया गया, लेकिन राज्य सरकार में ऑनलाइन टेंडर में भी सेटिंग का नया तरीका ढूंढ लिया गया है। प्रतुल ने कहा कि आने वाले दिन में यह भी एक बड़ा घोटाला है जो सामने आयेगा। नियम विरुद्ध कार्य किया जा रहा है। संभवतः देश के किसी दूसरे राज्य में ऐसी व्यवस्था नहीं है जहां टेंडर के नोटिस या अखबार में छपे विज्ञापन या वेब में निकाले गये टेंडर के नोटिस में खर्च होने वाली राशि का जिक्र ना हो। यह सिर्फ झारखंड में गठबंधन सरकार के कार्यकाल में ही संभव है।



# भाजपा का आरोप निराधार, टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी: तनुज खत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाह देव द्वारा लगाये गये टेंडर घोटाले के आरोपों को बिना तथ्य के और पूरी तरह भ्रामक बताया है। डॉ तनुज खत्री ने कहा कि भवन निर्माण विभाग सहित झारखंड सरकार के सभी विभागों में टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, नियमबद्ध और डिजिटली मॉनिटर की जाती है। टेंडर जारी करने से पहले तकनीकी स्वीकृति, प्रशासनिक स्वीकृति और वित्तीय स्वीकृति जैसे कई चरण पूरे किये जाते हैं। इसके बाद ही नोटिश इनवाइट टेंडर जारी किया जाता है, जिसमें कार्य का नाम, स्थान और अनुमानित राशि स्पष्ट रूप से दर्ज होती है। उन्होंने कहा कि पूरे देश और दुनिया में बिना इस्टिमेट कॉस्ट के कोई टेंडर जारी नहीं होता। भाजपा प्रवक्ता शायद अपनी ही पूर्ववर्ती सरकारों की प्रक्रिया से परिचित हैं, जहां बिना अनुमानित राशि के टेंडर निकलवाने का खेल होता होगा। आज की पारदर्शी इ-टेंडरिंग प्रणाली में ऐसा संभव ही नहीं है। डॉ तनुज ने कहा कि भाजपा प्रवक्ता को इस प्रक्रिया की कोई जानकारी नहीं है, और वे अज्ञानतावश जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उनका बयान मूर्खतापूर्ण और गैर-जिम्मेदाराना है। उन्होंने बिना किसी प्रमाण के टेंडर घोटाले का अनुमान लगाया है, जबकि शासन-प्रशासन अनुमान से नहीं, बल्कि तथ्यों और प्रक्रिया से चलता है। डॉ तनुज ने कहा कि भाजपा के पास न कोई दस्तावेज है, न तथ्य -सिर्फ झूठ और प्रचार है। झारखंड में अब घोटाले नहीं, बल्कि विकास की निविदाएं निकल रही हैं। भाजपा को राज्य में तेजी से हो रहे विकास कार्यों से परेशानी है, इसलिए वह हर सरकारी प्रक्रिया पर झूठ का रंग चढ़ाने की कोशिश कर रही है। अंत में, डॉ तनुज खत्री ने कहा कि भाजपा के आरोप हवा में हैं, और झारखंड सरकार का काम जमीन पर है।






आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 01 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# धार्मिक स्थल की दीवार तोड़े जाने पर दो समुदायों में हंगामा, स्थिति तनावपूर्ण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के डिबडीह में शुक्रवार को एक धार्मिक स्थल की दीवार को तोड़े जाने के बाद दो समुदायों में हंगामा हो गया। सरना और मिशनरी समुदायों के बीच जमीन के स्वामित्व और धार्मिक स्थल की सीमा को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद ने शुक्रवार को उग्र रूप ले लिया। इसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गयी। स्थानीय लोगों के अनुसार डिबडीह क्षेत्र में एक विशेष धार्मिक स्थल से सटी एक जमीन को लेकर विवाद वर्षों से चला आ रहा है। एक पक्ष का दावा है कि यह जमीन उनके धार्मिक स्थल का हिस्सा है। जबकि दूसरा पक्ष इस पर अपना हक जताता है। इसी विवादित स्थल पर बनी एक चहारदीवारी को मिशनरी पक्ष के कुछ लोगों ने गिरा दिया। इसपर सरना समाज के लोगों का कहना है कि यह डीबडीह नया टोली का पारंपरिक अखड़ा और सरना पूजा स्थल है। यहां 2024 में अधूरी बाउंड्री बनायी गयी थी। 2025 में करम पर्व से पहले गेट भी लगाया गया था। उनका आरोप है कि एक सुनियोजित तरीके से बाउंड्री तोड़ने की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही डोरंडा थाना पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। प्रशासन ने दोनों पक्षों से शांति बनाये रखने की अपील की है।

## झारखंड के पांच जेल अधीक्षक की पोस्टिंग की गयी

**रांची।** झारखंड के पांच जेल में जेल अधीक्षक की पोस्टिंग की गयी। चंद्रशेखर प्रसाद सुमन को हजारीबाग जेल का काराधीक्षक बनाया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना शुक्रवार की देर शाम गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा जारी कर दी गयी है। जारी आदेश में यह कहा गया है कि वैसे काराधीक्षक जिनके स्थान पर किसी अन्य का पदस्थापन हो गया है और उनका पदस्थापन कहीं नहीं किया गया है, वह गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग में योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। इसमें चंद्रशेखर प्रसाद सुमन, हजारीबाग जेल के काराधीक्षक बनाये गये। कौशिक कुमार, गोड्डा मंडल कारा के काराधीक्षक बनाये गये। गोपाल चंद्र महतो, गुमला मंडल कारा के काराधीक्षक बने। परमेश्वर भगत, साहेबगंज कारा के काराधीक्षक बनाये गये, इसके अलावा ये पाकुड़ जेल के अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। नील प्रवीण कुल्लू, रामगढ़ उपकारा के काराधीक्षक बनाये गये।

# संत जेवियर्स कॉलेज में मना राष्ट्रीय एकता दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। एनएसएस और एनसीसी इकाई की ओर से विविध कार्यक्रम आयोजित की गयी। शुरुआत सुबह सात बजे एकता मार्च से हुई। कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कॉलेज गेट से जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम, कचहरी रोड तक एकता मार्च निकाला। कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजुर, एसजे और बर्सर फादर रवि हेमंत कुजूर, एसजे इसका नेतृत्व कर रहे थे। प्राचार्य ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल के एकता, समर्पण और राष्ट्रप्रेम जैसे आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। साथ ही एकता और अखंडता का संकल्प दुहराते हुए जयपाल सिंह मुंडा पार्क में सरदार उपवन पहल के तहत पौधारोपण किया गया। एएनओ कैप्टन डॉ प्रिया श्रीवास्तव के निर्देशन में 1/3 कंपनी एनसीसी कैडेट्स ने सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की। मौके पर प्रेरणादायक भाषण और वीडियो प्रस्तुति भी दी गयी, जिसमें लौह पुरुष के देश की रियासतों को एकजुट करने और आधुनिक भारत की नींव मजबूत करने में निभाई गई भूमिका को दशार्या गया। कॉलेज के प्राध्यापकों, आइक्यूएसी सदस्यों, कार्यक्रम अधिकारियों, एनएसएस और एनसीसी स्वयंसेवकों ने खास तौर से इसमें उपस्थिति दर्ज करायी। प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजुर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण की भावना को सशक्त करना था।

# सीसीएल ने 115 कर्मचारियों को दी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय, रांची में शुक्रवार को रिटायर कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर कुल 115 कर्मचारियों को गरिमापूर्ण तरीके से विदा किया गया। मुख्यालय में हुए कार्यक्रम में 12 कर्मचारियों को मंच पर सम्मानित किया गया, जबकि बाकी साथियों को उनके क्षेत्रों में आयोजित समारोह में विदाई दी गयी। मौके पर एक छोटी फिल्म भी दिखायी गयी, जिसमें रिटायर कर्मचारियों ने अपने अनुभव और यादें साझा कीं। मुख्यालय से रिटायर हुए कर्मचारियों में सुमन कुमार, दीपक दुबे, संजीव रंजन सिन्हा, संदीप मजूमदार, एलिन केरकेट्टा, दिव्या गुलाब टेटे, बलेश्वर उरांव, रतनू उरांव, पारस कुमार रॉय, जमुना बेदिया, तपेश्वर प्रसाद और राज कुमार सिंह शामिल हैं। कार्यक्रम में निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा और निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र मुख्य अतिथि थे। श्री मिश्रा ने कहा कि सीसीएल के इन साथियों ने मेहनत और ईमानदारी से कंपनी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने सभी को अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाल जीवन की शुभकामनाएं दीं।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती मनी




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय एकता दिवस हर साल 31 अक्टूबर को भारत के पहले उप प्रधान मंत्री और पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस वर्ष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती है। इन्हें भारत के लौह पुरुष के रूप में भी जाना जाता है। इन्हें भारत रत्न से 1991 मे सम्मानित किया गया। स्वतंत्रा के बाद उन्होंने लगभग 562 रियासतों को भारत में एकीकृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे महान नायक को आर एस फाउंडेशन के सदस्यों ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर उन्हें याद किया एवं उनके द्वारा बताये गये मार्ग पर चलने की शपथ ली। मौके पर संस्था के सदस्य पंकज बंका, दीपक, प्रियरंजन आदि मौजूद थे।


# नीरजा सहाय डीएवी में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। प्राचार्या महोदया किरण यादव द्वारा लौह पुरुष बल्लभ भाई पटेल को पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। कक्षा अष्टम की शुबोश्री ने अपने भाषण में सरदार बल्लभभाई पटेल की जीवनी का सविस्तार वर्णन किया, वहीं अनम रिजवान ने अपनी कविता द्वारा वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। शिक्षिका घटागिरी ने अपने भाषण में पटेल जी के देशभक्ति से संबंधित कार्य क्षेत्र और देश को संगठित करने में उनके योगदान की चर्चा की। शिक्षिका नेहा द्वारा देश के विकास के लिए समर्पित होने की शपथ बच्चों को दिलवायी गयी। शिक्षक समीर मिश्रा द्वारा प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम किया गया, जिसमें बच्चे बढ़-चढ़कर भाग लिये। इसके अंतर्गत विभिन्न क्रियाकलाप किये गये, कक्षा पहली दूसरी तीसरी पांचवीं और छठी के विद्यार्थियों में विद्यालय के मैदान में ह्यूमन मैप ऑफ इंडिया का निर्माण किया। कक्षा सातवीं, आठवीं और नवमी के विद्यार्थियों ने स्कूल के गेट से रिंग रोड तक ह्यूमन चेन का निर्माण किया। मौके पर प्राचार्या किरण यादव ने बच्चों को सरदार पटेल की तरह देश की उन्नति के लिए एकजुट होकर काम करने की सीख दी।

## दुबई सम्मेलन के लिए डॉ गोपाल पाठक को मिला आमंत्रण



रांची (आजाद सिपाही)। दुनिया भर के विभिन्न ज्वलंत संदर्भों में वैज्ञानिक एवं चिकित्सा सम्मेलनों के लिए मशहूर एवर कॉन्फ्रेंस ने सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक को 'क्लाइमेट चेंज और सस्टेनेबिलिटी' पर होनेवाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लिए बतौर अध्यक्ष आमंत्रित किया है। इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन दुबई में 10-11 नवंबर तक होगा। सम्मेलन में विभिन्न देशों के कई पर्यावरणविद एवं जलवायु विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर विगत कई दशकों में हुए प्रतिकूल एवं विनाशकारी परिवर्तनों पर प्रो. गोपाल पाठक के शोधपरक आलेख पत्र-पत्रिकाओं में छपते रहे हैं। ग्रीनहाउस उत्सर्जन एवं इसके परिणामस्वरूप होनेवाले परिवर्तनों, विकसित एवं विकासशील देशों पर इसके चलते पड़ने वाले दुष्प्रभावों एवं इसके व्यापक समाधान पर उनके विचार और कार्यकलाप राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बने हैं। इन दिनों इस विषय पर लोगों को जागरूक करने के अलावा वे इसके चतुर्दिक प्रभावों का प्रभावी विवेचन करने में लगे हैं। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विवि के महानिदेशक को आमंत्रित करने पर हर्ष व्यक्त किया है।

## दक्षिण पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक




कोलकाता (आजाद सिपाही)। दक्षिण पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025 की चौथी बैठक अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। इस बैठक में सौमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक, सहित दक्षिण पूर्व रेलवे के सभी प्रधान विभागाध्यक्ष शामिल हुए। इसके अलावा, मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधक, अधिकारी और खड़गपुर कारखाना के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी भी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित हुए। इस बैठक में दक्षिण पूर्व रेलवे पर हो रहे राजभाषा कार्यों की समीक्षा की गयी। महाप्रबंधक ने राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिये, जिस पर अमल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में इस प्रकार के प्रतियोगिताओं से कर्मचारियों में राजभाषा के प्रति जागरूकता बढ़ती है, जो एक सकारात्मक और सराहनीय कदम है। मुख्य राजभाषा अधिकारी, नरेंद्र ने कहा कि राजभाषा के प्रयोग प्रसार को बढ़ाने के लिए और अधिक प्रयास की आवश्यकता है। दक्षिण पूर्व रेलवे के कर्मचारियों के लिए क्षेत्रीय हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें कुल 18 विजेताओं को महप्रबंधक द्वारा पुरस्कृत किया गया। बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक (राजभाषा), बसंती टेटे ने किया।

# दक्षिण पूर्व रेलवे ने राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को गार्डन रीच में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया। अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे ने रेलवे सुरक्षा बल की टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत औपचारिक परेड की सलामी ली। इस अवसर पर सुमित्र मजूमदार, अपर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, विभागों के प्रधान प्रमुख, अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे ने इस अवसर पर रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों द्वारा आयोजित मोटरसाइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने गार्डन रीच स्थित दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय में आयोजित रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) को भी हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता दिवस का संदेश फैलाना था। विभागों के प्रधान प्रमुख, अधिकारी, बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मी, खेलकर्मी, सिविल डिफेंस के सदस्य तथा भारत स्काउट्स और गाइड्स के सदस्य इस दौड़ में शामिल हुए। राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन दक्षिण पूर्व रेलवे के चारों मंडलों खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर और रांची में भी किया गया।

# श्रम और इएसआइसी उपसमिति के चेयरमैन बने प्रमोद सारस्वत

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा वर्तमान सत्र में प्रमोद सारस्वत को श्रम एवं इएसआइसी उप समिति का चेयरमैन मनोनीत किया गया है। चैंबर उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया एवं राम बांगड़ ने संयुक्त रूप से चैंबर भवन में शुक्रवार को उन्हें मनोनयन प्रमाणपत्र सौंपा। इस अवसर पर श्री सारस्वत ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वे वर्षभर राज्य के व्यापारियों एवं उद्यमियों की श्रम एवं इएसआइसी विभाग से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु हरसंभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे अपने सुझाव एवं समस्याएं साझा करें ताकि उन्हें विभागीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।

## झारखंड में चक्रवाती तूफान मोंथा का आज से कमजोर पड़ने की संभावना

रांची (आजाद सिपाही)। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान मोंथा के कारण झारखंड के अधिकांश जिलों में बारिश हो रही है। बारिश के कारण आम जनजीवन प्रभावित हुआ है और ठंड में वृद्धि हुई है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि मध्य छत्तीसगढ़ और आसपास के क्षेत्रों पर स्पष्ट रूप से चिह्नित निम्न दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान मोंथा उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ गया है। यह उत्तरी छत्तीसगढ़ और आसपास के क्षेत्रों पर स्थित है। इसके पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे सटे पश्चिमी झारखंड से होते हुए उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर बिहार की ओर बढ़ने और शनिवार तक धीरे-धीरे कम दबाव वाले क्षेत्र में कमजोर होने की संभावना है। इससे झारखंड के विभिन्न जिलों में मौसम में सुधार होने की संभावना है। वहीं तूफान मोंथा के चलते राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश रिकॉर्ड की गयी। 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक बारिश पश्चिमी सिंहभूम के सोनुवा में 75 मिमी रिकॉर्ड की गयी। इसके अलावा झारखंड के जिन इलाकों में बारिश रिकार्ड की गयी उनमें रांची में 10 मिमी, झिकपानी में 73.8 मिलीमीटर, जरमुंडी 48.2 मिमी, महेशपुर में 46, फतेहपुर में 40.8, पाकुरिया में 40.2, बहरागोरा और पुटकी में 38.2 मिमी, रामगढ़ में 33.4, मैथन में 33.1 मिमी और घातशिला में 32.6 मिमी सहित राज्य के अन्य इलाकों में बारिश रिकॉर्ड की गयी। पिछले 24 घंटों के दौरान झारखंड में सबसे अधिक तापमान पाकुड़ में 32.3 डिग्री और सबसे कम तापमान लातेहार में 19.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस दौरान रांची में अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री जमशेदपुर में 28.6, डाल्टनगंज में 28.8, बोकारो में 28.1 और चाइबासा में अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

# एमआइबी कार्यालयों में अवर सचिव का स्वच्छता निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अवर सचिव सुजीत नाथ चरण ने विशेष स्वच्छता अभियान 5.0 के तहत रांची स्थित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (एमआइबी) के विभिन्न कार्यालयों आकाशवाणी, दूरदर्शन केंद्र और पत्र सूचना कार्यालय (पीआइबी) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर की स्वच्छता व्यवस्था देखकर संतोष व्यक्त किया और अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। दूरदर्शन केंद्र, रांची के उप महानिदेशक (अभियांत्रिकी) दुर्गा चरण हेंब्रम ने अवर सचिव का स्वागत किया। मौके सहायक निदेशक (अभियांत्रिकी) किशोर कुमार साहू, दूरदर्शन केंद्र के समाचार संपादक गौरव कुमार पुष्कर, कार्यक्रम प्रमुख सुधीर कुमार, कार्यक्रम अधिशासी पूर्णिमा कुमारी, आहरण और वितरण अधिकारी सुशील कुमार, सहायक अभियंता कबिता बेहेरा, आकाशवाणी के कर्मचारी टीके मांझी, पत्र सूचना कार्यालय के कार्यालय प्रमुख राजेश सिन्हा, क्षेत्रीय प्रसार अधिकारी ओंकारनाथ पांडेय और सूचना सहायक प्रिंस कुमार आदि मौजूद थे। निरीक्षण के बाद, अवर सचिव सुजीत नाथ चरण ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पीआइबी परिसर में पौधरोपण भी किया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण में सभी के सहभागिता की अपील की। कहा कि हर कर्मचारी एक पौधा अवश्य लगायें और उसकी देखभाल भी करें।

## राजीव कुमार सिन्हा ने सीएमपीडीआइ में निदेशक (तकनीकी) के रूप में पदभार ग्रहण किया



रांची (आजाद सिपाही)। राजीव कुमार सिन्हा ने सीएमपीडीआइ में निदेशक (तकनीकी) के रूप में शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। इससे पहले उन्होंने बीसीसीएल, सीसीएल एवं सीएमपीडीआइ में विभिन्न पदों पर कार्य किया। श्री सिन्हा ने 1990 में आइआइटी (आइएसएम), धनबाद से खनन इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल कर बीसीसीएल के कुसमुंडा एरिया से अपनी सेवा की शुरूआत की। इसके बाद, उन्होंने बीटेक करने के उपरांत 1995 में आइएसएम-धनबाद से ही पर्यावरण इंजीनियरिंग और विज्ञान में एमटेक की उपाधि हासिल की। श्री सिन्हा को भारतीय कोयला और खनन क्षेत्र में विशेष रूप से बीसीसीएल, सीसीएल एवं सीएमपीडीआइ के साथ 34 वर्षों का अनुभव है। उन्हें खुली एवं भूमिगत खदानों के क्षेत्र में समृद्ध एवं व्यापक अनुभव है। श्री सिन्हा के 34 वर्षों के विशाल अनुभव से न केवल सीएमपीडीआइ बल्कि सम्पूर्ण कोयला उद्योग के लाभान्वित होने की उम्मीद है।

## राजधानी में लेमन ट्री होटल्स की ग्रैंड ओपनिंग आज



रांची (आजाद सिपाही)। देशभर में दो सौ होटल चेन का विस्तार दे चुका लेमन ट्री होटल्स अब अपनी राजधानी में भी धमक देने को तैयार है। सेंट्रो मॉल, मेन रोड के सातवें मंजिल में एक नवंबर को इसका ग्रैंड ओपनिंग किया जा रहा है। जमशेदपुर और बोकारो के बाद झारखंड का तीसरा पोर्टफोलियों में नवीनतम जोड़ है। होटल के ओनर शाहिल कपूर और नवनियुक्त महाप्रबंधक रितेश गर्ग ने बताया कि होटल को यात्रियों के लिए आरामदायक और आकर्षक अनुभव प्रदान करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से डिजाइन किया गया है। आधुनिक 45 कमरे और सुइट्स,72 कवर वाला रेस्टोरेंट, 20 कवर का बीएआर (स्लॉन्ज बार - लाइसेंस मिलने के बाद खोला जायेगा), जिम, इनडोर ऑल-वेदर स्विमिंग पूल, 2000 वर्गफुट का सम्मेलन कक्ष और 4000 वर्गफुट का सुव्यवस्थित बैंक्वेट हॉल मेहमानों को बेहतर अनुभव प्रदान करेंगे। होटल में एक साथ 140 वाहनों के पार्किंग की सुविधा भी बहाल की गयी है। होटल शहर के मेन रोड पर स्थित है, जो रांची रेलवे स्टेशन से मात्र एक किलोमीटर और बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से लगभग 05 किलोमीटर की दूरी पर है। महाप्रबंधक रितेश गर्ग ने पत्रकारों को बताया कि हमारा लक्ष्य अतिथियों को ऐसा अनुभव देना है, जो उन्हें बार-बार यहां लौटने के लिए प्रेरित करे। उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह में स्थानीय गणमान्य व्यक्ति, व्यवसायी और उद्योग जगत के प्रतिनिधि खास तौर से भागीदारी निभायेंगे। यह आयोजन राज्य में रोजगार, स्थिरता और पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक साबित होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 01 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in



## महत्वपूर्ण खबरें

### रेल भवन में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी



नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। रेल भवन में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीइओ) सतीश कुमार ने रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने निष्ठा पूर्वक शपथ ली। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के सदस्य (संचालन एवं व्यवसाय विकास) हितेंद्र मल्होत्रा, रेल स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डॉ. जगदीश चंद्र, सचिव रेलवे बोर्ड अरुणा नायर तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। देशभर में भारतीय रेल के विभिन्न कार्यालयों और परिसरों में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में रेलवे कर्मचारियों को यह शपथ दिलायी गयी।

### सीएमपीडीआइ के तीन सदस्य हुए सेवानिवृत्त, सम्मान समारोह आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय खान योजना एवं डिजाइन संस्थान (सीएमपीडीआइ) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार के साथ ही महाप्रबंधक (एसएंडटी) अमर कांत मिश्रा और प्रबंधक (सर्वे) वेंकटेश चंद्र पांडेय शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गये। इस अवसर पर सीएमपीडीआइ के मयूरी हाल में एक विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीएमपीडीआइ के निदेशक शंकर नागाचारी और निदेशक अजय कुमार ने मनोज कुमार को पौधा, मान-पत्र, प्रतीक चिह्न और शॉल देकर सम्मानित किया। निदेशक द्वय ने उनके योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा की और उनके जीवन में खुशहाली, सुख-समृद्धि एवं स्वस्थ और लंबी आयु की कामना की। सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने सेवानिवृत्त हो रहे अन्य दो सदस्यों- अमर कांत मिश्रा और वेंकटेश चंद्र पांडेय को भी पौधा, मान-पत्र, प्रतीक चिह्न और शॉल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निदेशक राजीव कुमार सिन्हा और निदेशक नृपेंद्र नाथ भी उपस्थित थे। इस अवसर पर यूनियन के प्रतिनिधियों - सतीश कुमार केशरी, प्रलय भट्टाचार्य, देवेंद्र तिवारी और सौविक भूषण देव ने अपने विचार व्यक्त किये। सीएमओएआइ के प्रतिनिधि अभिषेक कुमार ने भी अपने विचार रखे। स्वागत भाषण उप प्रबंधक अभय मिश्र ने दिया और मंच संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक संजय कडम्बार ने किया।

### चांदगांव चर्च में है हिंदूवादी संगठनों की बुरी नजर : कुमुदिनी प्रभावती



रांची (आजाद सिपाही)। चर्चों में धर्मांतरण के आरोपों का खंडन करते हुए ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। फ्रंट के झारखंड प्रदेश महासचिव प्रवीण कच्छप ने कहा कि चांद गांव में चल रहे प्रार्थना सभा पर कुछ हिंदूवादी संगठन धर्मांतरण का आरोप लगाकर उसे बंद कराने की फिराक में लगे हैं। उन्होंने कहा कि यह आरोप सिरे से बेबुनियाद है। साथ ही इस तरह का कोई भी कृत चांद गांव के महा अभिषेक चर्च में नहीं किया जा रहा है। आदिवासी सेना की महिला केंद्रीय अध्यक्ष कुमुदनी प्रभावती ने कहा कि संविधान हमें अपनी मर्जी से धर्म को मानने और उसके प्रचार प्रसार की अनुमति देता है। उक्त चर्च के पुरोहित कोई भी गैर संवैधानिक कार्य नहीं कर रहे हैं। कुछ हिंदूवादी संगठन की नजर उक्त प्रार्थना सभा में है। वह चाहते हैं कि वह तरह तरह का विवाद करें ताकि माहौल को खराब हो। पुलिस प्रशासन को ऐसे लोगों को चिन्हित करना चाहिए ताकि रांची शहर पूर्ण वातावरण में जी सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसाई समुदाय के लोग शांतिप्रिय है और वह संविधान का पालन करते हुए अपने हर कार्यों को अंजाम देते हैं। चर्च के स्थल पर तंबू लगाकर इसाई धर्म के पुरोहित अपनी प्रार्थना कर रहे हैं। वहां ना तो जबरन किसी को बुलाया जाता है और न ही जबरन किसी को अन्य धर्म अपनाने पर मजबूर किया जाता है। मौके पर प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार नागवंशी, महिला प्रकोष्ठ की सचिव अंशु लकड़ा, एडीएफ के संदीप उरांव, अतुल केरकेट्टा, महावीर उरांव, जोसेफ भगत, राजू उरांव, इजराइल नाग,, सनीका नाग, संदीप उरांव, राम कुमार नायक, आकाश केरकेट्टा, जस्टिन लकड़ा सहित काफी लोग मौजूद थे।

### भाजपा के पास राज्य की उन्नति के लिए कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं है:लाल किशोर नाथ शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा बेबुनियाद आरोप लगाकर राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रही है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि कोई भी निविदा प्रक्रिया सरकार द्वारा निर्धारित शेड्यूल ऑफरेट के आधार पर ही होती है। उन्होंने कहा कि अगर शेड्यूल ऑफ रेट में किसी आइटम का जिक्र नहीं है और प्राइस शेड्यूल में उसका प्राइस नहीं है, तो उसके लिए कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा के पास राज्य की उन्नति के लिए कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं है। इसलिए वे हर दिन मनगढ़ंत कहानियां बनाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने प्रतुल शाहदेव को चुनौती देते हुए कहा कि वह एक भी ठोस सबूत पेश करें जो यह साबित करे कि अनुमानित राशि का उल्लेख न होने से कोई घोटाला हो चुका है या किसी को अनुचित लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण विभाग द्वारा ई-टेंडरिंग प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है, जिसे पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लागू किया गया है। टेंडर की अनुमानित राशि का विवरण टेंडर पेपर और बीओक्यू में उपलब्ध होता है, जिसे नियमानुसार इच्छुक ठेकेदार प्राप्त करते हैं। यह कोई नई प्रक्रिया नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हमेशा झारखंडियत और स्थानीय ठेकेदारों को बढ़ावा देने की बात कही है। भाजपा बताएं कि उनके कार्यकाल में कौन सी प्रक्रिया थी और तब कितने छोटे और स्थानीय ठेकेदारों को काम मिलता था? भाजपा के पास राज्य की उन्नति के लिए कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं है।

# कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी और सरदार पटेल को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस की ओर से कांग्रेस भवन में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में और सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में श्रद्धा पूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने इंदिरा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान और प्रेरणादायी जीवन को नमन किया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पूरी दुनिया इंदिरा गांधी को नारी शक्ति और नारी नेतृत्व के प्रतीक के रूप में जानती है। उन्होंने केवल भारत को ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया को नयी दिशा और नयी रौशनी दिखायी। उन्होंने सर्वधर्म समभाव और धर्मनिरपेक्षता की जड़ों को मजबूत किया और सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में कांग्रेस के योगदान को अनुकरणीय बनाया। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल को नमन करते हुए कहा कि पटेल ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की नींव रखी। उन्होंने 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरो कर आधुनिक भारत के नक्शे को गढ़ा। उनके अदम्य साहस, दूरदृष्टि और नेतृत्व ने भारत को एकजुट किया। हम सबको उनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे के संकल्प को दोहराना चाहिये। कार्यक्रम में राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, शमशेर आलम, ज्योति सिंह मथारू, अभिलाष साहु, राजन वर्मा, सत्यनारायण सिंह, सुनील सिंह, डॉ राजेश गुप्ता, डॉ एम तौसीफ सहित अन्य मौजूद थे।



## भाजपा अब झूठ और भ्रम फैलाने की राजनीति पर उतर आयी है: आलोक दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि भाजपा अब झूठ और भ्रम फैलाने की राजनीति पर उतर आयी है। आलोक दुबे ने कहा कि भाजपा के पास अब न जनाधार बचा है, न जनविश्वास, इसलिए वह झूठ की खेती और आरोपों की फसल काटने में लगी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में अपराध फूलता था, हेमंत सरकार में कानून बोलता है। यह फर्क जनता अच्छी तरह जानती है। आलोक दुबे ने कहा कि पाकुड़ की घटना को लेकर भाजपा का बयान पूरी तरह भ्रामक है। राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की, जांच जारी है, लेकिन भाजपा नेताओं ने राजनीतिक लाभ के लिए बिना तथ्य जांचे ही बयानबाजी शुरू कर दी। आलोक दुबे ने कहा कि मरांडी हर घटना को रंग देने में माहिर हैं। लेकिन याद रखिए, झूठ के पंख होते हैं, मंजिल नहीं। जनता सब देख और समझ रही है।आलोक दूबे ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में अपराध, माफिया और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रहे हैं।

## देवोत्थान एकादशी पूजन आज जागेंगे भगवान श्रीविष्णु

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** क्षीर-सागर में सोए श्रीविष्णु कार्तिक शुक्ल एकादशी शनिवार को देवोत्थान एकादशी के दिन जागेंगे। श्रीहरि पीछले चार माह से शयन में थे। इस कारण विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं हो रहे थे। लेकिन प्रबोधिनी एकादशी पर उनके जागने से सभी मांगलिक कार्य पुनः प्रारंभ हो जायेंगे। शहनाइयां बजने लगेंगी।

**पूजन का विशेष महत्व**

देवोत्थनी एकादशी पर श्रद्धालु व्रत-उपवास कर श्रीविष्णु की आराधना में लीन रहेंगे। सुबह-सबेरे स्नान-ध्यान कर व्रति महिलाएं घर के आंगनादि में चावल के लेप से श्रीहरि के पदचिह्न कलात्मक ढंग से बनायेंगी। माना जाता है कि इस दिन श्रद्धाभाव से विधिपूर्वक पूजा-अर्चना और भगवान विष्णु की आराधना करने वलों को स्वर्ग की प्राप्ति होती है।

**सुबह 09: 12 से एकादशी तिथि**

वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि एक नवंबर को सुबह 09: 12 मिनट पर शुरू होगी, जो रविवार को शाम 07: 32 मिनट पर समाप्त हो जायेगी। ऐसे में गृहस्थ शनिवार को और वैष्णव संप्रदाय रविवार को देवउठनी एकादशी का व्रत रखेंगे।

**प्रसिद्ध है कथा**

देवोत्थान एकादशी पर राजा और एक व्यक्ति की कथा प्रचलित है। जिसमें व्यक्ति की श्रद्धा से श्रीहरि प्रकट हो उस व्यक्ति को बैकुंठ धाम ले जाते हैं। बाद में राजा को भी श्रद्धा और भक्ति के महत्व का ज्ञान हुआ और बाद में उसे भी स्वर्ग प्राप्त हुए।


**नवंबर में विवाह के लिए 14 शुभ मुहूर्त**

हिंदू विवाह के लिए नवंबर माह में कुल 14 शुभ मुहूर्त मिल रहा है। आचार्य अजय मिश्रा के अनुसार 2, 3, 6, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25, 30 नवंबर की तिथि शुभ रहेंगी। हालांकि इन मुहूर्तों में कुछ तिथियां दिन की शादी के लिए तो कुछ रात की शादी के लिए शुभ मानी जायेगी। दिसंबर महीने में भी शादियों के कई मुहूर्त हैं।

## खाटू नरेश श्रीश्याम प्रभु का जन्मोत्सव आज

**श्याम मंदिरों में होंगे विशेष कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रबोधिनी एकादशी शनिवार को खाटू नरेश श्रीश्याम प्रभु का जन्मोत्सव धूमधाम से मनायी जायेगी। शहर के श्रीश्याम मंदिरों में इसकी खास तैयारी की जा रही है। श्रीश्याम मित्र मंडल के हरमू रोड स्थित मंदिर में पुष्प सज्जा और शीष के दानी बाबा श्याम की मनोहारी श्रृंगार के लिए कोलकाता से खास तौर से मालाकार बुलाये गये हैं। मंदिर की साज-सज्जा और कोलकाता, दिल्ली, बेंगलुरु, रायपुर के इंपोर्टेड गुलाब और ऑर्किड स्तर क्रिस्टनमम फूलों की माला बनाने का काम जोर-शोर से चल रहा है। मंडल अध्यक्ष गोपाल मुरारका, कोषाध्यक्ष मनोज खेतान और वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में बाबा का प्रातःकालीन श्रृंगार किया जायेगा। रजत सिंहासन में विराजमान श्याम प्रभु का दिव्य दर्शन होगा। मंगल आरती उतारी जायेगी। प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि रात 9:30 बजे कटरुका परिवार की ओर से अखंड ज्योत प्रज्जवलित की जायेगी। इसके बाद भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरु होगा, जो देर रात तक चलेगा। कोलकाता के सुमित और माही गर्ग भजनों की रसधारा बहायेंगे। अन्नपूर्णा सरावगी, मुकेश मित्तल, डॉक्टर एसएन लाल, सुभाष, रौनक पोद्दार, तारादेवी कटारुका, अमन अग्रवाल, आयुषी मालपानी, उषा चौबे, विनय प्रसाद आदि विविध सेवा प्रदान करेंगे। प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल ने बताया कि रविवार को बाबा श्रीश्याम की द्वादशी अखंड ज्योति प्रज्वलित की जायेगी। गौरव अग्रवाल ने श्रद्धालुओं से इसमें भाग लेने की अपील की है।

श्रीश्याम मंडल शनिवार को धूमधाम से खाटू नरेश श्रीश्याम प्रभु का जन्मोत्सव मनायेगा। अग्रसेन पथ स्थित मंदिर में इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। मंदिर में साज-सज्जा के काम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जन्मोत्सव के मौके पर श्रीश्याम प्रभु सहित मंदिर में विराजमान श्रीशिव परिवार और बजरंगबली का भी विशेष श्रृंगार किया जायेगा।

## प्रकश पर्व पर निकली प्रभातफरी, गूंजा शबद कीर्तन

# तुम शरणाई आया ठाकुर तुम शरणाई आया ...

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्रीगुरुनानक देवजी के प्रकाश पर्व पर शुक्रवार को अहले सुबह विन्रि गुरुद्वारा साहिब से प्रभातफेरी निकाली गयी। गुरुद्वारा श्रीगुरुनानक सत्संग सभा की प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट से निकलकर देवकी नंदन दुआ,रमेश पपनेजा की गली,चौधरी बागान होते हुए भगवान सिंह बेदी, सरदार त्रिलोचन सिंह,शालु दीपक, सरदार हरभजन सिंह के आवास पहुंची। इसके बाद फेरी में शामिल श्रद्धालु महेंद्र अरोड़ा और मनीष मल्होत्रा के निवास स्थान सुख संध्या अपार्टमेंट आये। यहां भी शबद गायन कर गुरु के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित की गयी। फिर सभी अशोक मिढ़ा,मनोहर मुंजाल और जीतू काठपाल की गली होते हुए वापस पार्किंग गेट पहुंचे। यहां अरदास के साथ समापन की घोषणा की गयी।

साध संगत के बीच चाय-नाश्ते का लंगर चलाया गया। निशान साहिब उठाये सरदार छोटू सिंह प्रभातफेरी की अगुवाई कर रहे थे। इनके बाद कीर्तन मंडली थी। मंजीत कौर,गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, रेशमा गिरधर, नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, बबिता पपनेजा, जसपाल मुंजाल, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा शबद गायन करते हुए साथ चल रहे थे। ढालक और झाल के झनकार के साथ तुम शरणाई आया ठाकुर तुम शरणाई आया... और मेरे साहिबा मेरे साहिबा क्या नाहीं घर तेरे... जैसे मधुर स्वरलहरियों से वातावरण गुंजायमान था।

**खास तौर से लिया हिस्सा**

अर्जुन दास मिढ़ा,अशोक गेरा, मोहन काठपाल,जीवन मिढ़ा, महेंद्र अरोड़ा, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा,रमेश गिरधर,राजेंद्र मक्कड़, हरीश तेहरी, भरत गाबा, पंकज मिढ़ा, बसंत काठपाल, हरविंदर सिंह, मनीष मल्होत्रा, गुलशन मुंजाल, प्रकाश गिरधर, कुलदीप सिंह बेदी, प्रणय पपनेजा, रजत मुंजाल, विक्की कटारिया, संदीप पपनेजा, अमन डावरा, पियूष मिढ़ा, उमेश मुंजाल, गुलशन मिढ़ा, कमल मुंजाल, मनीष गिरधर, सूरज झंडई आदि प्रभातफेरी में हिस्सा लेने वालों में मुख्य थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

Before, The Notary Public, Ranchi
AFFIDAVIT
I, Krishna Kumar S/o Late Pati Mahto resident of H. No. 55, Village-Chainpur, P.O.- Chainpur, P. S.- Mandu, Distt.- Hazaribagh Jharkhand- 825330 do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am an Indian and citizen and living in above mentioned address.
2. That in Aadhar Card No. 4657 0498 5743 my name is mentioned as Krishan Kumar, which is wrong.
3. That my correct name is Krishna Kumar according to my Matric Certificate and other documents.
4. That Krishna Kumar and Krishan Kumar both name are same and one person.
5. That this affidavit is sworn for the purpose of correction my name Krishna Kumar in place of Krishan Kumar in my Aadhar card.
6. That my above statements are true & correct.
Sl. No-42, Date- 31.10.2025

पूर्व मध्य रेल
(निर्माण विभाग)
खुली ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम एवं स्थान:** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन के कोडरमा–बरकाकाना (अरिगडा) खंड के दोहरीकरण के संबंध में 2x25 केवी एसी ट्रैक्शन फीडिंग सिस्टम के लिए ट्रैक्शन सब–स्टेशनों और संबंधित स्विचिंग पोस्टों का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। **e-Tender No.:** EPC/PSI/KQR-BRKA(ARGD)/ECR/01 **अनुमानित कार्य की लागत:** रु. 138,36,76,919.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रु. शून्य। **जमा किए जाने वाले बयाना राशि:** NIT के अनुसार। **कार्य पूर्ण करने का समय:** 730 दिन। **निविदा बंद होने का तिथि एवं समय:** 26.12.2025 समय 11:00 बजे तक। **बिड पूर्व सम्मलेन का समय:** 18.11.2025 समय 12:00 बजे। **निविदा की उपलब्धता:** IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in हिन्दी एवं अंग्रेजी की सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना को सही माना जायेगा।
उप मुख्य विद्युत अभियंता–II/निर्माण/
दक्षिण पू.म.रे./महेंद्रुघाट/पटना
पीआर/1213/एमएचएक्स/टी/उ.मु.वि.अ.II/25–26/36

## वेदांता एल्युमीनियम झारसुगुड़ा : प्रगति को गति देनेवाली जन-प्रधान संस्कृति का निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता



**झारसुगुड़ा।** वेदांता एल्युमीनियम झारसुगुड़ा में, लोग प्रगति के केंद्र में हैं, जो दुनिया के सबसे बड़े एल्युमीनियम स्मेल्टर में नवाचार, प्रदर्शन और समावेशी विकास को गति प्रदान करते हैं। कंपनी का जन-प्रधान दर्शन इसकी परिचालन उत्कृष्टता के साथ-साथ इसके सामाजिक प्रभाव को आकार देने में महत्वपूर्ण रहा है। लैंगिक विविधता और LGBTQ+ समावेशन को बढ़ावा देने से लेकर पारदर्शी करियर गतिशीलता और समावेशी नेतृत्व सुनिश्चित करने तक, वेदांता झारसुगुड़ा का मानना है कि जब लोग बढ़ते हैं, तो व्यवसाय फलते-फूलते हैं।

अपने लगभग 30 प्रतिशत कार्यबल में युवा पेशेवरों के साथ वेदांता झारसुगुड़ा उनकी ऊर्जा, महत्वाकांक्षा और नए दृष्टिकोणों के बल पर फलता-फूलता है। युवा सीईओ कार्यक्रम नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए उच्च-क्षमता वाली प्रतिभाओं की पहचान और पोषण करता है, जिससे चपलता, उद्देश्य और सशक्तिकरण की संस्कृति का निर्माण होता है। निरंतर डिजिटल फीडबैक चैनल इस वातावरण को और मजबूत करते हैं, जिससे कर्मचारी अपने अनुभव साझा कर सकते हैं और नेताओं को अंतर्दृष्टि को सार्थक कार्यों में बदलने में सक्षम बनाते हैं जो विश्वास और जवाबदेही को बढ़ाते हैं। वेदांता झारसुगुड़ा में लोगों का विकास और सीखना कंपनी के विकास दर्शन का केंद्रबिंदु हैं। निरंतर सीखने और क्षमता निर्माण पर ध्यान व्यक्तिगत और संगठनात्मक सफलता दोनों को प्रेरित करता है। वीएलडीपी प्रबंधन प्रशिक्षुओं के लिए 3गुणा3गुणा3 रोटेशनल मॉडल जैसी पहल, विभिन्न कार्यों में अनुभव और प्रारंभिक नेतृत्व अनुभव प्रदान करती हैं, जबकि एआइ-आधारित प्रतिभा मूल्यांकन, लक्ष्य ट्रैकिंग और फीडबैक प्रणालियां निष्पक्षता और योग्यता को बढ़ावा देती हैं। एक प्रगतिशील और सशक्त कार्यस्थल बनाने के इन निरंतर प्रयासों को मान्यता देते हुए कंपनी को लर्निंग एंड डेवलपमेंट और टेक्नोलॉजी डिप्लॉयमेंट के लिए पीपलफर्स्ट एचआर एक्सीलेंस अवार्ड्स से भी सम्मानित किया गया, जिससे प्रतिभाओं को पोषित करने, नवाचार को बढ़ावा देने और एक समावेशी वातावरण बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई जहा प्रत्येक कर्मचारी फल-फूल सके। प्रोजेक्ट पंछी के माध्यम से ग्रामीण ओड़िशा की 190 से अधिक युवतियां ओपी जिंदल विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही हैं, जहां उन्हें मार्गदर्शन, कौशल प्रशिक्षण और तकनीकी एवं परिचालन भूमिकाओं में एक संरचित परिवर्तन ढांचे का समर्थन प्राप्त है। ये युवतियां न केवल अपने भविष्य को आकार दे रही हैं, बल्कि अपने समुदायों में परिवर्तन को भी प्रेरित कर रही हैं। वेदांता झारसुगुड़ा के सीइओ सी चंद्रू ने कहा कि वेदांता झारसुगुड़ा में, हमारे लोग परिवर्तन के सच्चे उत्प्रेरक हैं। जब हम उन्हें सशक्त बनाते हैं, तो हम ऐसे उद्योगों का निर्माण करते हैं, जो स्थायी रूप से फलते-फूलते हैं और ऐसे समुदाय जो हमारे साथ बढ़ते हैं। अपने विचार साझा करते हुए पंकज सुरेका, सीएचआरओ - वेदांता झारसुगुड़ा ने कहा कि वेदांता झारसुगुड़ा कर्मचारी अनुभव को पुनर्परिभाषित कर रहा है, समावेशी विकास को बढ़ावा दे रहा है और जन-केंद्रित नेतृत्व में नये मानक स्थापित कर रहा है।

रांची मंडल के स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति के लिए निविदा आमंत्रण सूचना
**अधिसूचना सं.: सी/आरएनसी/एसटीबीए/पुनःनिविदा/एनएसजी-6/2025 दिनांक 30.10.2025**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, द.पू. रेलवे, रांची इच्छुक व्यक्तियों से रांची मंडल के 06 एनएसजी-6 श्रेणी के स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) की नियुक्ति के लिए निविदा आमंत्रित करते हैं। विवरण इस प्रकार हैं: **क्रमांक; स्टेशन का नाम और स्टेशन की श्रेणी** क्रमशः: **(1);** कानारोवां (केएनआरएन); एनएसजी-6। **(2);** गंगाघाट (जीएजी); एनएसजी-6; **(3);** गौतमधारा (जीएटीडी); एनएसजी-6। **(4);** हरुबेरा (एचआरबीआर); एनएसजी-6। **(5);** बोदाग्राम (बीडीजीएम); एनएसजी-6। **(6);** कर्रा (केआरआरए); एनएसजी-6। ● **पात्रता शर्तें:** पात्रता मानदंड के साथ-साथ अन्य नियम और शर्तें वेबसाइट **www.ser.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध होंगी। ● **आवेदन जमा करने का स्थान:** आवेदन पत्र को **02.12.2025 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 15.00 बजे के बीच** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/द.पू. रेलवे, रांची के कार्यालय में रखे बॉक्स में डाला जाना चाहिए। आवेदन वाले लिफाफे पर '**रांची मंडल के ........ स्टेशन पर एसटीबीए की नियुक्ति**' लिखा होना चाहिए। नियमों और शर्तों और अन्य जानकारी के साथ प्रोफार्मा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, द.पू. रेलवे, रांची के कार्यालय से सभी कार्य दिवसों में **02.11.2025 के 10:00 बजे से 02.12.2025 के 12.00 बजे तक** प्राप्त किया जा सकता है। **आवेदन खोलने की तिथि और समय: 02.12.2025 को 15:30 बजे। बयाना राशि:** 2,000.00; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी@18% सहित):** 1,180.00; वेबसाइट का विवरण जहां पूरी जानकारी (आवेदन प्रारूप और नियम और शर्तें सहित) देखी/डाउनलोड की जा सकती है **www.ser.indianrailways.gov.in से 02.11.2025 से और 02.12.2025 को 12:00 बजे तक।** आवेदन प्रपत्र और सामान्य शर्तों में निर्धारित सभी शर्तों को पूरा किए बिना प्राप्त आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा। रेलवे प्रशासन के पास किसी भी आवेदक की सेवाओं को चुनने/अस्वीकार करने/समाप्त करने और बिना कोई कारण बताए अधिसूचना को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। किसी भी विवरण/प्रश्न के लिए, कृपया वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची के कार्यालय में संपर्क करें।
(PR-788)
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची
दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# ट्रैक पर आये रिश्ते

ईरान के चाबहार बंदरगाह पर भारत को अमेरिकी प्रतिबंधों से मिली छूट बड़ी राहत है। भले अभी यह केवल छह महीने के लिए हो, लेकिन बातचीत के जरिये दोनों देश आगे कोई न कोई रास्ता निकाल सकते हैं। यह खबर भारत-अमेरिका रिश्तों में हो रहे सुधार का संकेत देती है।

**रणनीतिक अहमियत :** ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में, 2018 में भारतीय कंपनियों को चाबहार डिवेलप करने की छूट दी थी। लेकिन, दूसरी बार सत्ता संभालते ही उन्होंने इस छूट को खत्म करने के एग्जिक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर दिये। उनका यह आदेश 29 सितंबर से लागू हुआ था। भारत के लिए चाबहार केवल व्यापार के नजरिये से महत्वपूर्ण नहीं, जहां उसने अरबों रुपये का निवेश किया है - इसकी अहमियत रणनीतिक भी है।

**चीन को जवाब :** चाबहार एक साथ चीन और पाकिस्तान दोनों को जवाब है। चीन अपने महत्वाकांक्षी बीआरआइ प्रॉजेक्ट के तहत पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट को डिवेलप कर रहा है। चाबहार से नयी दिल्ली को अफगानिस्तान और मध्य एशिया में एंट्री का नया रास्ता मिल जाता है, वह भी पाकिस्तान जाये बिना। भारत, रूस और ईरान ने मिल कर इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर की योजना बनाई थी और चाबहार इसका अहम हिस्सा है।

**अभी भले ट्रंप और शी ने मिल कर मुद्दे सुलझा लिये हों, पर चीन पर दबाव बनाये रखने के लिए यूएस को भारत जैसा साथी चाहिए। इस बदली हवा में भारत के लिए भी संदेश है कि वह ट्रेड डील से लेकर रूसी तेल तक, हर मुद्दे पर अपनी बात मजबूती से रखे।**

**वार्ता का असर :** एक महीने में ही अमेरिकी रुख में आया बदलाव बताता है कि नयी दिल्ली और वॉशिंगटन की बातचीत सही दिशा में चल रही है। महत्वपूर्ण है कि इस छूट की घोषणा से कुछ ही घंटों पहले एशिया पैसिफिक के मंच से ट्रंप ने बताया था कि भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील जल्द होने वाली है।

**रिश्तों में स्थिरता :** अमेरिका ने अगस्त में भारत पर 50% टैरिफ थोपा था। तब से अभी तक दोनों देशों के संबंध कई उतार- चढ़ाव से गुजरे हैं। इस दौरान ट्रंप ही नहीं, उनके व्यापार सलाहकार पीटर नवारो और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भी भारत के खिलाफ यानबाजी की और दबाव बनाने का प्रयास किया। लेकिन, अब रिश्तों में स्थिरता आती दिख रही है।

**भारत की जरूरत :** चीन के साथ अमेरिका की रेयर अर्थ को लेकर दो बार भिड़ंत हो चुकी है। स्कॉट बेसेंट तो यहां तक कह चुके हैं कि इस लड़ाई में भारत को अमेरिका का साथ देना चाहिए। अभी भले ट्रंप और शी ने मिल कर मुद्दे सुलझा लिये हों, पर चीन पर दबाव बनाये रखने के लिए यूएस को भारत जैसा साथी चाहिए। इस बदली हवा में भारत के लिए भी संदेश है कि वह ट्रेड डील से लेकर रूसी तेल तक, हर मुद्दे पर अपनी बात मजबूती से रखे।

अभिमत
आजाद सिपाही

31 अक्टूबर 2023 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में लॉन्च हुआ माई भारत तकनीक, सुशासन और जनभागीदारी का एक सशक्त संगम है। यह युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय के रूप में काम करता है, जो तकनीक आधारित व्यवस्था के जरिए युवाओं को सेवा कार्य, अनुभव आधारित सीखने, नेतृत्व और कौशल विकास के अवसरों से जोड़ता है।

# मेरा युवा भारत : युवा सशक्तिकरण और राष्ट्रीय परिवर्तन का डिजिटल इंजन

पीआइबी



भारत आज अपने विकास की एक ऐतिहासिक घड़ी में खड़ा है, जब उसकी 65% आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है और 2047 तक विकसित भारत का सपना सामने है। इस महत्वपूर्ण दौर में, मेरा युवा भारत भारत सरकार की एक ऐतिहासिक पहल बनकर उभरा है- एक राष्ट्रीय प्लेटफॉर्म जो युवाओं को सशक्त बना कर उनकी ऊर्जा को राष्ट्र निर्माण के कार्यों में बदलने के लिए समर्पित है। 31 अक्टूबर 2023 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में लॉन्च हुआ माई भारत तकनीक, सुशासन और जनभागीदारी का एक सशक्त संगम है। यह युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय के रूप में काम करता है, जो तकनीक आधारित व्यवस्था के जरिए युवाओं को सेवा कार्य, अनुभव आधारित सीखने, नेतृत्व और कौशल विकास के अवसरों से जोड़ता है।

इस मंच के माध्यम से, युवा सरकारी विभागों, निजी संगठनों और नागरिक समाज के सहयोगियों की पहलों की खोज कर सकते हैं और स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण से लेकर नवाचार, उद्यमिता और सामाजिक समावेशन तक, वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने वाली परियोजनाओं में शामिल हो सकते हैं। राष्ट्रीय युवा नीति के अनुरूप, यह पहल मुख्य रूप से 15-29 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को शामिल करती है, साथ ही 10-19 वर्ष के किशोरों को भी प्रारंभिक भागीदारी और नागरिक जागरूकता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

**उन्नत माई भारत 2.0 उन्नत डिजिटल मॉड्यूल के एक समूह को एकीकृत करता है।**

यह पहल अलग-थलग युवा कार्यक्रमों से एक एकीकृत डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र की ओर बदलाव का प्रतीक है, जहां आकांक्षाएं अवसरों से मिलती हैं। यह हर स्तर पर- स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय भागीदारी के रास्ते तैयार करता है और सत्यापित डिजिटल प्रमाणपत्रों के माध्यम से प्रत्येक योगदान को मान्यता देता है। जिससे रोजगार क्षमता और नागरिक गौरव बढ़ता है। अपने मूल में, 'मेरा भारत' 'युवा शक्ति से जनभागीदारी' की भावना का प्रतीक है। यह विश्वास कि भारत की प्रगति सबसे शक्तिशाली तब होती है जब उसके युवा विकास में सक्रिय भागीदार होते हैं। यह अमृत काल के सार को दशार्ता है, प्रत्येक युवा भारतीय को न केवल परिवर्तन का लाभार्थी, बल्कि इसके निमार्ता के रूप में स्थापित करता है, जो एक विकसित भारत 2047 को आकार दे रहा है।

### माई भारत विजन

जब 2023 में 'माई भारत' की शुरुआत हुई, तो यह भारत के बदलते युवा परिदृश्य के प्रति एक सामयिक प्रतिक्रिया थी। विशिष्ट ग्रामीण या शहरी परिवेशों के लिए बनाये गये पारंपरिक युवा कार्यक्रम, अब तकनीक, गतिशीलता और वैश्विक संपर्क से प्रभावित पीढ़ी को जोड़ने के लिए पर्याप्त नहीं थे। आज भारत के युवा ऐसे मंचों की तलाश में हैं जो उनकी आकांक्षाओं को पहचानें, उनकी आवाज को बुलंद करें और उन्हें सीखने और नेतृत्व के अवसरों से सीधे जोड़ें। माई भारत एक एकीकृत, तकनीक-संचालित इकोसिस्टम का निर्माण करके इस अंतर को पाटता है जो ग्रामीण, शहरी और रग्रामीणर युवाओं को एक राष्ट्रीय मंच पर एक साथ लाता है। इसका फिजिटल (भौतिक + डिजिटल) दृष्टिकोण, भौतिक भागीदारी को डिजिटल पहुंच के साथ जोड़ता है। यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी युवा पीछे न छूटे, जिससे यह पहल आज और भी प्रासंगिक हो जाती है।

### डिजिटल इकोसिस्टम

माई भारत के मूल में एक शक्तिशाली डिजिटल इकोसिस्टम है, जो लाखों युवा भारतीयों को विकास और सेवा के वास्तविक समय के अवसरों से जोड़ता है। डिजिटल इंडिया ढांचे के तहत निर्मित, यह अत्याधुनिक तकनीक को समावेशी डिजाइन के साथ एकीकृत करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर युवा, चाहे वह महानगरों में हो या दूरदराज के गांव में, बस एक क्लिक से सीखने, नेतृत्व और स्वयंसेवा के अवसरों तक पहुंच सके।

### माई भारत पोर्टल

माई भारत पोर्टल एक केंद्रीय डिजिटल गेटवे के रूप में कार्य करता है जो युवा नागरिकों को स्वयंसेवा, कौशल विकास और नेतृत्व के अवसरों से जोड़ता है। यह निर्बाध पंजीकरण, डिजिटल आईडी, अवसर मिलान और रीयल-टाइम प्रभाव डैशबोर्ड की सुविधा प्रदान करता है। अक्टूबर 2025 तक, इस प्लेटफॉर्म ने 2 करोड़ से ज्यादा युवाओं और 1.20 लाख संगठनों को अपने साथ जोड़ा है, जिससे सहयोग और कार्रवाई का एक जीवंत इकोसिस्टम बना है। 14.5 लाख से ज्यादा स्वयंसेवा के अवसरों के साथ, माई भारत अब 16,000 से ज्यादा युवा क्लब सदस्यों और 60,000 से ज्यादा संस्थागत भागीदारों के एक विशाल नेटवर्क को जोड़ता है, जिनमें सरकारी निकाय, शैक्षणिक संस्थान और गैर-सरकारी संगठन शामिल हैं। रिलायंस जैसे प्रमुख कॉर्पोरेट भागीदारों के साथ सहयोग ने प्रभावशाली कार्यक्रमों और बूटकैंप के माध्यम से इसकी पहुंच को और बढ़ाया है जो युवा ऊर्जा को नागरिक और सामुदायिक विकास में लगाते हैं। स्केलेबिलिटी, डेटा एनालिटिक्स और राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म के साथ एकीकरण के लिए डिजाइन किया गया, माई भारत भारत के युवा-नेतृत्व वाले विकास आंदोलन6 की तकनीकी रीढ़ है।

### माई भारत मोबाइल ऐप

युवाओं की सहभागिता को मोबाइल-प्रथम और अधिक सुलभ बनाने के लिए, माई भारत मोबाइल ऐप 1 अक्टूबर, 2025 को लॉन्च किया गया था। यह ऐप पोर्टल के मुख्य कार्यों को अतिरिक्त सुविधा और पहुंच के साथ एक साथ लाता है। इसमें बहुभाषी समर्थन, एआई-संचालित चैटबॉट, वॉइस-असिस्ट नेविगेशन और स्मार्ट सीवी बिल्डर टूल शामिल हैं, जो युवा नागरिकों को अवसरों तक पहुंचने और चलते-फिरते सत्यापित डिजिटल प्रोफाइल बनाने में सक्षम बनाते हैं। लॉन्च के समय, 1.81 करोड़ से अधिक युवा और 1.20 लाख संगठन पहले ही इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत थे। यह ऐप डिजिटल प्रमाणपत्र और सहभागिता बैज भी प्रदान करता है, जो राष्ट्रीय और सामुदायिक परियोजनाओं7 में प्रत्येक प्रतिभागी के योगदान को दशार्ता है।

### माई भारत 2.0 मॉड्यूल

उन्नत माई भारत 2.0 उन्नत डिजिटल मॉड्यूल के एक समूह को एकीकृत करता है, जो इस प्लेटफॉर्म को एक पंजीकरण पोर्टल से एक व्यापक युवा जुड़ाव इकोसिस्टम में विस्तारित करता है। इनमें शामिल हैंः **राष्ट्रीय करियर सेवाः** युवा पेशेवरों के लिए रोजगार और करियर संपर्क।

**मेंटरशिप हबः** निर्देशित कौशल विकास के लिए युवाओं को उद्योग विशेषज्ञों, नवप्रवर्तकों और विचारकों से जोड़ता है।

**अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम (ईएलपी):** ज़िला और राज्य-स्तरीय असाइनमेंट के माध्यम से व्यावहारिक शिक्षण को सक्षम बनाता है जो नागरिक उत्तरदायित्व का निर्माण करता है।

### विकसित भारत रन : वसुधैव कुटुंबकम

विकसित भारत रन 2025 भारत के युवाओं के लिए एकता और उद्देश्य की अभिव्यक्ति का एक वैश्विक मंच बन गया। 91 देशों के 150 अंतरराष्ट्रीय शहरों में आयोजित इस पहल में युवा भारतीय और प्रवासी समुदाय के सदस्य भारत की प्रगति का जश्न मनाने और 2047 तक एक विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लेने के लिए एक साथ आये। सिडनी से सैन फ्रांसिस्को तक, हर कदम युवा आशावाद और इस साझा विश्वास का प्रतीक था कि विकास सीमाओं तक सीमित नहीं है। यह दौड़ युवा शक्ति के एक आंदोलन में बदल गई- एक वैश्विक अनुस्मारक कि भारत के युवा नागरिक, चाहे वे कहीं भी हों, राष्ट्र निर्माण की एक भावना, एक दृष्टि और एक मिशन से बंधे रहते हैं।

## कोल्हान की खबरें

# भाजपा से झामुमो में शामिल होने वाले नेताओं का मुसाबनी में गर्मजोशी से स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुसाबनी।** मुसाबनी प्रखंड के झामुमो संपर्क कार्यालय में जब भाजपा से झारखंड मुक्ति मोर्चा में हाल ही में शामिल हुए कई प्रमुख नेताओं का पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी की मौजूदगी में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो मुसाबनी प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन ने की। उन्होंने सभी नवागंतुक नेताओं में पूर्व भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सौरभ चक्रवर्ती, पूर्व मंडल अध्यक्ष तुषार पातर, भाजपा घाटशिला मंडल अध्यक्ष कौशिक सिन्हा, मीडिया प्रभारी सुरेश महाली और युवा नेता प्रदीप बिसोई का स्वागत करते हुए कहा कि अनुभवी नेताओं के साथ काम करने से संगठन और भी मजबूत होगा और जनकल्याण की दिशा में नयी ऊर्जा के साथ कार्य आगे बढ़ेगा। सुरेश महाली ने कहा कि भाजपा अब ग्रामीणों से कटती जा रही है और शीर्ष नेतृत्व कार्यकर्ताओं की नहीं सुनते। तुषार पातर ने भाजपा की संगठनात्मक स्थिति पर व्यंग्य करते हुए कहा कि प्रदेश के कुछ नेता कार्यकर्ताओं के सुख-सुविधा पर विचार करते भी हैं, पर दिक्कत यह है कि हमारे अपने क्षेत्र के विषय में जमशेदपुर से आये नेता हमें ज्ञान देने लगते हैं। कौशिक सिन्हा ने कहा कि उन्होंने भाजपा में अपने कर्तव्य का पूरा पालन किया, परंतु कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं मिल रहा था। सौरभ चक्रवर्ती ने भावुक होते हुए कहा कि लंबे समय तक एक परिवार में रहने के बाद एक क्षण आता है जब ठोस निर्णय लेना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन से मिलने के बाद महसूस हुआ कि उनका झारखंड और विशेष रूप से घाटशिला अनुमंडल के प्रति दृष्टिकोण बेहद सकारात्मक और दूरदर्शी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुणाल षड़ंगी ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो सबकी सुनती है और सबकी सुनेगी। उन्होंने कहा कि सभी को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि झामुमो का लक्ष्य स्व. रामदास सोरेन द्वारा खींची गयी विकास की लंबी लकीर को और आगे बढ़ाना है।

## रामदास सोरेन के अधूरे सपनों को पूरा करने उठ खड़ा हुआ मुसाबनी : कुणाल षाड़ंगी



घाटशिला (आजाद सिपाही)। मुसाबनी प्रखंड के मुरगागुट्टू पंचायत अंतर्गत रुआम और कुलगोडा गांव शुक्रवार को झामुमो समर्थकों के जोश और जनसमर्थन से गूंज उठे। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने जनसंपर्क अभियान चलाते हुए जनता से संवाद किया और झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के पक्ष में समर्थन की अपील की। कुणाल ने कहा झारखंड की अस्मिता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए झामुमो को फिर से मजबूत बनाना है। 11 नवंबर को 2 नंबर बटन दबाकर झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन को विजयी बनायें यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी रामदास सोरेन के सपनों को।

## घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में पोस्टल बैलेट से मतदान शुरू



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव 2025 के तहत पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम के मीडिया कोषांग से मिली जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर से आरंभ हुए मतदान में दो दिनों में कुल 117 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पहले दिन 56 जबकि दूसरे दिन 61 मतदान कर्मियों, पुलिस बल और अन्य श्रेणी के मतदाताओं ने वोट डाले। निर्वाचन कार्य में लगाये गये सरकारी पदाधिकारी व कर्मचारी महिला विश्वविद्यालय स्थित फैसिलिटेशन सेंटर में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक पोस्टल बैलेट से मतदान किया। मतपत्र कोषांग के अनुसार फैसिलिटेशन सेंटर पर 30 से 31 अक्टूबर, 03 व 04 नवंबर, 06 से 08 नवंबर तक विभिन्न सरकारी पदाधिकारी, चालक-कंडक्टर और वीडियोग्राफर मतदान करेंगे। वहीं आवश्यक सेवा प्रदाता श्रेणी के मतदाता 05 से 11 नवंबर तक और निवार्ची पदाधिकारी घाटशिला के कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मी 08 से 10 नवंबर तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना वोट डाल सकेंगे। इसके अलावा 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं कम से कम 40 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष होम वोटिंग सुविधा भी प्रारंभ की जा रही है। इस व्यवस्था के तहत मतदान कर्मी मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करायेंगे। पहला चरण 02 से 07 नवंबर तक और दूसरा चरण 09 से 10 नवंबर तक आयोजित किया जायेगा। गौरतलब है घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए मुख्य मतदान 11 नवंबर को होना निर्धारित है।

## हाजरा प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि



**मनोहरपुर (आजाद सिपाही)।** देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनोहरपुर के हाजरा प्रांगण में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम गोप ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व. इंदिरा गांधी के जीवनी, उनके राजनीतिक योगदान और देश निर्माण में निभायी गयी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। वक्ताओं ने कहा इंदिरा गांधी ने अपने साहस, दूरदर्शिता और निर्णायक नेतृत्व के बल पर भारत को एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अरुण नाग, बर्फी सिंह, पंचदेव चौधरी, अजीत नाग, तिला तिर्की, कुलदीप कंडुलना, प्रकाश होनहागा सहित अनेको महिला कार्यकर्ता उपस्तित रहे। सभी ने स्व. इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# माटीगौड़ा में झामुमो का जनसंपर्क अभियान कुणाल षाड़ंगी ने ग्रामीणों से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुसाबनी।** मुसाबनी प्रखंड के माटीगौड़ा पंचायत स्थित ग्राम स्वासपुर में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से जबरदस्त जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सह बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी, झामुमो संयोजक प्रमुख बाघराय मार्डी ने ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा की। कुणाल षड़ंगी ने कहा ग्रामीणों की छोटी-बड़ी सभी समस्याओं का समाधान चुनाव के बाद प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने लोगों से अपील की आगामी 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में स्व. रामदास सोरेन के पुत्र सोमेश चंद्र सोरेन को क्रम संख्या 02 पर तीर-धनुष चिन्ह के पक्ष में मतदान कर भारी बहुमत से विजयी बनायें। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अरविंद भकत, टोला प्रधान सुनील पात्रो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभा के अंत में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक झारखंड मुक्ति मोर्चा ज़िंदाबाद! हेमंत सोरेन ज़िंदाबाद! का नारे लगाये। जनसंपर्क अभियान के दौरान पूरे क्षेत्र में चुनावी उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ने बैंड प्रतियोगिता में लाया द्वितीय स्थान

चक्रधरपुर(आजाद सिपाही)। सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन मैदान में आयोजित जिला स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता में चक्रधरपुर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की बैंड टीम ने अपने अनुशासन, तालमेल और सधे प्रदर्शन से दर्शकों और निर्णायकों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर जिले के कई विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य विश्वनाथ हांसदा ने टीम को बधाई देते हुए कहा विद्यार्थियों ने मेहनत और एकजुटता से यह सफलता अर्जित की जो विद्यालय के लिए गौरव की बात है। टीम का मार्गदर्शन वरीय शिक्षक बिजेंद्र नारायण तिवारी, अभिराम बिरुवा और हस्ती मुखी ने की। विद्यालय परिवार ने टीम को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में आगे और उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा जताई।

## गुआ डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस, छात्रों ने निकाली एकता रैली




**गुआ (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और एकता रैली निकालकर देश में एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया। विद्यालय परिसर से शुरू हुई रैली एकता में शक्ति है और हम सब एक हैं जैसे नारों से गूंज उठी। छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर पूरे क्षेत्र में पदयात्रा की और लोगों को राष्ट्रीय एकता के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने और देश की एकता और अखंडता बनाये रखने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। अंत में प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों और शिक्षकों को राष्ट्रीय एकता की भावना को जीवन में उतारने का आह्वान किया।

## सरदार पटेल की जयंती पर भाजपा ने आयोजित किया 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पार्टी के गढ़वा जिला की ओर से सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने किया। इस अवसर पर पार्टी के जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश के सभी रियासतों को जोड़कर एक किया था। इसलिए उन्हें हमलोग लौह पुरुष के रूप में याद करते हैं। यदि वे भारत के पहले प्रधानमंत्री रहते तो देश आज विकसित देश के रूप में कार्य करता। सरदार पटेल को कांग्रेस ने हमेशा अपमानित किया। लेकिन भाजपा उनकी 150वी जयंती को यादगार रुप मनाने जा रही है। भाजपा की ओर से 31 मार्च 2026 तक लगातार किसी न किसी प्रकार विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगें। जिससे आने वाले पीढ़ियां उन्हें याद करे सके। इस मौके पर रिंकू तिवारी, मुन्ना तिवारी, विनय चौबे, विनोद चंद्रवशी, अरविंद तूफानी, मनीष गुप्ता, प्रमोद चौबे, लाल मोहन मेहता, उदय कुशवाहा, रूपू महतो, जितेंद्र चंद्रवंशी, परिक्षित तिवारी, डॉ पतंजलि, विनोद जायसवाल, लक्ष्मी पांडे, शुभम गुप्ता, टिंकू गुप्ता, रितेश दुबे और जयंत पांडे आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर लवाही कला उच्च विद्यालय में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन



**डंडई/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड के जमा दो उच्च विद्यालय लवाही कला में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी शुरूआत लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सौहार्द के प्रति जागरूकता बढ़ाना और छात्रों में राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत करना था। इस अवसर पर प्राचार्य अमिताभ कुमार ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की 562 रियासतों को एकसूत्र में पिरोकर भारत की अखंडता को मजबूत किया। आज के दौर में युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज और देश के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इसके बाद शारीरिक शिक्षक प्रताप मिंज की अगुवाई में रन फॉर यूनिटी में सभी प्रतिभागियों को वार्म-अप और स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करवाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने भी बच्चों की ऊर्जा और जोश देखकर तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। वहीं, रन फॉर यूनिटी में कक्षा 6 से 10 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत बी किया गया। इस मौके पर शिक्षक प्रताप मिंज,मलय सिंह, अरशद अंसारी, विजय प्रजापति, दिव्यांशु पाठक,अख्तर अली,ओमप्रकाश गुप्ता, राकेश कुमार,उत्तम कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर निकाली गयी मॉर्निंग परेड



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को मझिआंव प्रखंड मुख्यालय में मॉर्निंग परेड का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व बीडीओ कनक ने किया। इस अवसर पर पुलिस इंस्पेक्टर बृज कुमार, थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो, नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा देवी, सीओ प्रमोद कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। परेड का शुभारंभ मझिआंव थाना परिसर से किया गया, जो मुख्य बाजार, बस स्टैंड और आमर टोला होते हुए पुनः थाना परिसर में आकर संपन्न हुआ। परेड में पुलिस बल के जवान संजय मुंडा, कामेश्वर राम, सलीब कुजूर, रणबीर कुमार के अलावा संजय कमलापुरी, कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार भी इस एकता मार्च का हिस्सा बने। इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत की एकता को सशक्त बनाया। उनके आदर्श और विचार हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। वहीं, थाना प्रभारी ओमप्रकाश टोप्पो ने कहा कि एकता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि जब देश के लोग एकजुट रहते हैं तो कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। यह परेड उसी भावना को सशक्त करने का प्रतीक है।

## डीइओ ने भवनाथपुर प्लस टू उच्च विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा ने शुक्रवार को भवनाथपुर राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, शिक्षण कार्य, छात्रों की उपस्थिति और अनुशासन व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। विद्यालय की स्थिति देखकर डीईओ ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में पहले की तुलना में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछली बार जब वे यहां आए थे, तब कई सुधार की आवश्यकता थी, लेकिन इस बार विद्यालय की प्रगति देखकर प्रसन्नता हुई। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने विद्यालय की चारदीवारी निर्माण से संबंधित विवाद पर जानकारी ली और प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार उपाध्याय को निर्देश दिया कि अंचल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर चारदीवारी का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाए। निरीक्षण के उपरांत डीईओ कैसर रजा ने विद्यालय परिसर में आयोजित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती कार्यक्रम में भाग लिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सरदार पटेल के जीवन से एकता, समर्पण और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने बच्चों से सवाल-जवाब भी किए और उत्कृष्ट उत्तर देने वाले छात्रों की सराहना की। वहीं, प्रभारी प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार उपाध्याय ने कहा कि सरदार पटेल विश्व बंधुत्व और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हैं, उनके आदर्शों को हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस मौके पर शिक्षक सुशील कुमार, मो मोकारिम, उदित नारायण चौबे, रामू कुमार, राकेश कुमार वर्मा, अनय कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, अरविंद कुमार, विकास कुमार, आनंद कुमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रोहित कुमार सिंह ने किया।

# दो बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

## ससुराल से लौटने के क्रम में हुआ हादसा, जांच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



दुर्घटना के बाद सड़क पर पड़े घायलों की मदद करते लोग।

**गढ़वा।** जिले के चिनिया थाना क्षेत्र के चिनिया अस्पताल मोड़ के पास शुक्रवार को दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान आदित्य रावत के रूप में हुई है। वह अपने ससुराल से भवनाथपुर कंकरी जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक हादसा इतना भीषण था कि आदित्य गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी सूचना पाकर चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को चिनिया प्रखंड स्थित सरकारी अस्पताल भेजा। वहां से गंभीर रूप से घायल आदित्य को गढ़वा सदर अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक पर सवार अखिलेश्वर सिंह और भागीरथी सिंह को भी गंभीर चोट आयी है। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा भेजा गया है। उधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है।

## आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में सरदार पटेल की जयंती और इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** देश के पहले उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की की 150वीं जयंती और देश की पहली महिला प्रधानमंत्री 'आयरन लेडी' स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि शुक्रवार को आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मनाई गई। संस्थान के निदेशक सह वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पाण्डेय एवं गढ़वा भाजपा जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे के अतिरिक्त संस्थान के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और नमन किया। वहीं, प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई, ताकि बच्चों में देश की एकता और अखंडता की भावना को मजबूत किया जा सके। विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्र की एकता, और अटूट देशभक्ति की उनकी भावना सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगी। सरदार पटेल साहब ने जिस न्यायप्रधान और एकता के सूत्र में बंधे राष्ट्र का निर्माण किया, उसकी रक्षा करना हर एक राष्ट्रभक्त का दायित्व है। वहीं, आयरन लेडी भारत रत्न इंदिरा गांधी को याद करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व भारतीय राजनीति में बहुत महत्वपूर्ण था। उनकी नीतियां जैसे 'हरित क्रांति' और 'बैंक राष्ट्रीयकरण' ने भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था को गहरे प्रभावित किया। **1971 का युद्ध और बांग्लादेश का निर्माण:** उनके नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान के साथ युद्ध जीता और पूर्वी पाकिस्तान को एक स्वतंत्र राष्ट्र बांग्लादेश के रूप में स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभाई। इंदिरा गांधी का बचपन भारत के स्वतंत्रता संग्राम के माहौल में बीता। मात्र 12 वर्ष की आयु में, उन्होंने ब्रिटिश शासन का विरोध करने के लिए बच्चों का एक समूह 'वानर सेना' बनाया था। इस अवसर पर आरकेवीएस (बीएड एवं डीएलएड कॉलेज) के प्राचार्य डॉ चन्द्रदीप पाण्डेय, आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव स्कूल के प्राचार्य केआर झा, प्राचार्य संतोष पाण्डेय, अनुप कुमार पाण्डेय, केआर झा, नसरीन हक और पन्नालाल आदि उपस्थित थे।

## सरदार पटेल की जीवनी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत : डीएसपी



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को भंडरिया प्रखंड मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में रन फॉर यूनिटी का आयोजनकिया गया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी चौक से लेकर नौका गांव तक आयोजित एकता दौड़ में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षक, पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी एवं ग्रामीणों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ रंका डीएसपी रोहित रंजन सिंह, भंडरिया अंचल पदाधिकारी राकेश भूषण सिंह और थाना प्रभारी सा इंस्पेक्टर सुभाष कुमार पासवान बडगड थाना प्रभारी दिपक मौर्य ने संयुक्त रूप से सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाकर किया। अधिकारियों ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत को एकजुट किया। उनकी दूरदृष्टि और दृढ़ निश्चय के कारण आज हम एक अखंड भारत के रूप में खड़े हैं। इसलिए हर भारतीय के लिए यह दिन गर्व और प्रेरणा का प्रतीक है। रन फॉर यूनिटी में प्रतिभागी छात्रों एवं युवाओं ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत,देश की एकता, हमारी जिम्मेदारी,सरदार पटेल अमर रहें, जैसे नारों के साथ पूरे मार्ग को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। इस कार्यक्रम में भंडरिया प्लस टू उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, मिशन स्कूल सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस अवसर पर बड़गड़ थाना प्रभारी दीपक मौर्य, शिक्षक उमेश यादव, पूर्व शिक्षक व समाजसेवी कुंवर सिंह, बबलू सिंहा, हरिदास तिर्की, हराधन बेदिया, पंकज तिवारी आदि मौजूद रहे। वहीं, रन फॉर यूनिटी के समापन के बाद डीएसपी रोहित रंजन सिंह ने कहा कि सरदार पटेल की जीवनी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने अपने कर्म, समर्पण और दृढ़ इच्छाशक्ति से यह सिद्ध किया कि यदि नीयत और निष्ठा सच्ची हो, तो कोई भी कठिन कार्य असंभव नहीं है। कहा कि युवाओं को सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाकर देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। अंत में अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनी सरदार पटेल की जयंती

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित परियोजना कन्या उच्च विद्यालय के प्रांगण में विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़े मानपुर पंचायत के पीएलवी अमरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि वर्तमान परिवेश के अनुसार यह समय की मांग है कि हम सभी को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जैसा दृढ़ निष्ठावान होकर देश कि रक्षा करने का संकल्प लेना होगा। साथ ही समाज में व्याप्त बुराइयों को भी दूर करने में अपनी सार्थक भूमिका निभानी होगी,तब जाकर हमारा देश विश्व गुरु के रूप में स्थापित हो सकता है। परियोजना कन्या उवि के प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार रजक ने कहा कि आज पूरा राष्ट्र पटेल जी के उपलब्धियों का गुणगान कर रहा है। मौके पर शिक्षक सुरेन्द्र रजक, अजीत प्रसाद, शिक्षिका आशा कुमारी, सना प्रवीण आदि थे।

## सरदार पटेल का संघर्ष और समर्पण राष्ट्र सदैव याद रखेगा: एमपी केसरी




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट(10+2) स्कूल में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती शुक्रवार को धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रुप से सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि भारत के इतिहास में यदि किसी व्यक्ति को एकता का प्रतीक कहा जाए तो वह निःसनदेह सरदार वल्लभभाई पटेल हैं। उन्हें उनके अद्भुत नेतृत्व, दृढ़ निश्चय और अटूट राष्ट्रभक्ति के कारण लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है। देश के एकीकरण में उनका योगदान अतुलनीय रहा है। यह दिवस हमें एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों को पुनः स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। गांधी जी ने उन्हें भारत का बिस्मार्क कहा। इस अवसर पर भाषण, पेंटिंग, क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं, कार्यक्रम संयोजन कृष्ण कुमार एवं मुकेश कुमार ने किया। मौके पर नीरा शर्मा, वरिष्ठ शिक्षक संतोष प्रसाद, बसंत ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## हरिहरपुर में मनी सरदार पटेल की जयंती

**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को शुक्रवार को हरिहरपुर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अगुवाई हरिहरपुर ओपी प्रभारी नसीम अंसारी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद ओपी प्रभारी नसीम अंसारी ने उपस्थित लोगों को एकता और अखंडता बनाए रखने की एक भारत, श्रेष्ठ भारत की शपथ दिलाई। कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता के बाद देश के विभिन्न रियासतों को एक सूत्र में बांधकर भारत को एकजुट किया। उनकी दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति ही थी कि आज हम एक सशक्त राष्ट्र के रूप में खड़े हैं। इसके बाद रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस बल, स्कूली बच्चे, शिक्षक, एवं स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने कई नारे लगाते हुए ओपी परिसर से आजाद नगर टोले के मुख्य मार्गों का भ्रमण किया। कार्यक्रम के अंत में ओपी प्रभारी ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में देशभक्ति और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर कई स्थानीय युवक तथा विद्यार्थी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## ईश्वर सागर ने दीघा विस क्षेत्र का दौरा किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी इन दिनों विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार के दौरे पर हैं। इस क्रम में शुक्रवार को वे दीघा विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण किया। वहां के प्रत्याशी संजीव चौरसिया के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने विधानसभा के कौशलनगर सहित कई क्षेत्रों में गये और मतदाताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुये विकास से अवगत कराया। जनसंपर्क अभियान के दौरान केंद्रीय समाज कल्याण एवं वालविकाश मंत्री अन्नपूर्णा देवी,झारखंड भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय,पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष,ए सी, मोर्चा गढ़वा के जिला अध्यक्ष रविंद्र पासवान सहित कई लोग शामिल थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ज़िला कांग्रेस की ओर से देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने रंका मोड़ स्थित इंदिरा प्रियदर्शनी टॉवर के पास स्थापित इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष इंजीनियर ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने इंदिरा गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। वहीं, वरिष्ठ नेता सुरेंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि इंदिरा गांधी जी की दूरदर्शी नीतियों और मजबूत नेतृत्व ने भारत को विश्व पटल पर एक नई पहचान दिलाई। इस मौके पर सभी ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर वरिष्ठ नेता उदय नारायण तिवारी, त्रिपुरारी सिंह, अलख निरंजन चौबे, नसीम अंसारी, बृजेन्द्र चौधरी, उमेश गुप्ता और मुन्ना यादव आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए भवनाथपुर थाना परिसर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसका नेतृत्व थाना प्रभारी रंजनी रंजन ने किया। इसमें विद्यार्थी, पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रन फॉर यूनिटी भवनाथपुर थाना परिसर से शुरू होकर कपूरी चौक तक पहुंची और पुनः थाना परिसर में समाप्त हुई। इस मौके पर थाना प्रभारी रंजनी रंजन ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया था। उनकी जयंती हमें देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय भावना को सशक्त करने की प्रेरणा देती है। इस मौके पर एएसआई उपेंद्र राम, जगबंधु महतो, उदय यादव, सूरज कुमार, अंकित गुप्ता, देवेंद्र, मुन्ना और जितेंद्र आदि उपस्थित थे।

# लगातार बारिश से सब्जी और धान की फसलें बर्बाद

## बारिश से खेतों में कटी फसल सड़ने लगी, किसानों ने मांगा मुआवजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में पिछले चार दिनों से रुक-रुककर हो रही वर्षा ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में कटाई के बाद सुखाने के लिए पड़ी पकी हुई धान की फसल लगातार हो रही वर्षा से भीगकर सड़ने लगी है, जिससे किसानों की सालभर की मेहनत और उम्मीदें दोनों पर पानी फिर गया है। शुक्रवार की रात से लगातार हो रही वर्षा से किसानों की चिंता और बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष खाद की किल्लत के बावजूद उन्होंने किसी तरह खेती की व्यवस्था की थी। शुरूआत में मौसम अनुकूल रहने से धान की उपज अच्छी हुई थी, लेकिन अब बारिश के कारण फसल खेतों में ही भीगकर सड़ने लगी है। खेतों में पड़े धान के दाने नमी के कारण काले पड़ने लगे हैं, जिससे फसल की गुणवत्ता और बाजार मूल्य दोनों प्रभावित होंगे। किसानों ने आशंका जताई है कि अगर अगले दो-तीन दिनों में धूप नहीं निकली, तो उनकी पूरी फसल नष्ट हो सकती है। धान के साथ-साथ सब्जी उत्पादक किसान भी इस लगातार वर्षा से परेशान हैं। खेतों में पानी भर जाने से मिर्च, टमाटर और आलू की पौधें सड़ने के आसार बन गए हैं। किसानों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि वह फसल क्षति का सर्वे कर जल्द मुआवजा दिलाए।

## बेमौसम बारिश से खेती पर असर, किसान बदहाल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिले के सगमा प्रखण्ड क्षेत्र में एक सप्ताह से लगातार हो रही बिना मौसम की बारिश से धान की फसल बर्बादी की कगार पर पहुंच गई है। खेतों में पानी भर जाने से धान की फसल सड़ने लगी है, जिससे किसानों में भारी बेचैनी और चिंता व्याप्त है। हर वर्ष छठ महापर्व के बाद इस क्षेत्र में धान की कटाई बड़े पैमाने पर शुरू होती है। लेकिन इस बार समय पर कटाई नहीं हो पाने और लगातार बारिश जारी रहने के कारण खेतों में पक चुके धान पानी में डूबने लगा है। कई जगहों पर कटाई किए गए धान के बंडल भी खेतों में पड़े-पड़े गलने की स्थिति में हैं। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान दीपक यादव, सुभाष प्रसाद यादव, बिहारी सिंह, सिद्धेश्वर नाथ चौबे और रामचंद्र शाह ने बताया कि इस वर्ष भदई फसल तो नहीं हो सकी थी, लेकिन धान की अच्छी पैदावार से किसान खुश थे। अब अचानक हुई लगातार बारिश ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। किसानों का कहना है कि अगर एक-दो दिनों में मौसम में सुधार नहीं हुआ तो उनकी मेहनत पर पूरी तरह पानी फिर जाएगा। किसानों ने बताया कि उन्होंने महंगे खाद, बीज और मेहनत के बल पर लहलहाती फसल तैयार की थी, लेकिन अब वही फसल आंखों के सामने बर्बाद होती दिखाई दे रही है। यदि बारिश इसी तरह जारी रही तो क्षेत्र के किसानों को भारी आर्थिक संकट झेलना पड़ेगा और उनकी सालभर की मेहनत व्यर्थ हो जाएगी।

**कार्यालय कार्यपालक अभियंता**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**ई० निविदा रद्द सूचना**

पत्रांक– 780 लातेहार/दिनांक– 30.10.2025

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का ई० निविदा सूचना सं०– WRD /MIR/Latehar F2-34/2025-26 यथा दनदाहा मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य प्रखंड– बरवाडीह जिला–लातेहार विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिनका PR No. 364367 Water Resources(25-26) D है, को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 364908 Water Resource (25-26)_D

## महत्वपूर्ण खबरें

### इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि



सिल्ली (आजाद सिपाही)। सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय सिल्ली में शुक्रवार को देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित की। कार्यक्रम में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी, नागेश्वर महतो, निशाकर महतो, मंजूर मोमिन, सैय्यद कमर आलम, भागीरथ महतो, शमशेर आलम, पंचायत अध्यक्ष बिंदेश्वर महतो, जमिलरुद्दीन मोमिन, पंचायत उपाध्यक्ष मोहताब अंसारी, अरुण धान और लखिंद्र बड़ाइक इत्यादि उपस्थित थे।

### मृतक के परिजनों को सहायता राशि दी गयी



बुंडू (आजाद सिपाही)। रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार गुरुवार को आदिवासी जनाक्रोश महारैली में जाने वाले चार लोगों की सड़क हादसे में मृत्यु हो गयी थी। ये अड़की के सिगिद गांव के रहने वाले थे। शुक्रवार को मृतकों के आवास पर बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी क्रिस्टो कुमार बेसरा, तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा, सांसद कालीचरण मुंडा, अड़की बीडीओ,सीओ ने सरकार द्वारा दिये जानेवाले एक-एक लाख रुपये का चेक मृतक के परिजनों को सौंपा एवं मृतक के परिवारजनों को ढांढस बंधाया।

### सोनाहातू पुलिस का रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम

सोनाहातू (आजाद सिपाही)। पुलिस के तत्वावधान में शुक्रवार को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इसमें सोनाहातू थाना के पुलिस पदाधिकारी और ग्रामीण शामिल हुए। सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती एकता दिवस के रूप में मनाया गया। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रन फॉर यूनिटी में थाना प्रभारी प्रेम प्रदीप कुमार राकेश सहित पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### घाटशिला उपचुनाव : रामसूर्या मुंडा ने मुसाबनी में चलाया प्रचार अभियान



खूंटी (आजाद सिपाही)। घाटशिला उपचुनाव को लेकर मुसाबनी क्षेत्र में शुक्रवार को खूंटी के झामुमो विधायक रामसूर्या मुंडा ने जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने घर-घर पहुंच कर मतदाताओं से संवाद किया और झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के पक्ष में समर्थन की अपील की। अभियान में विधायक निरल पूर्ति, जगत मांझी और पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर भी शामिल रहे। विधायक रामसूर्या मुंडा ने दावा किया कि इस बार घाटशिला में झामुमो की ऐतिहासिक जीत तय है।

### उप विकास आयुक्त ने किया कुकड़ू प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के डीडीसी रीना हांसदा ने शुक्रवार को कुकड़ू प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड कार्यालय में सभी विभागों से कार्य प्रगति की बारी-बारी से जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा, आबुआ आवास, पीएम आवास, जेएसएलपीएस, 15वें वित्त आयोग सहित आकांक्षी प्रखंड में चल रही कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इसी दौरान डीडीसी ने कहा कि कुकड़ू आकांक्षी प्रखंड है, जिससे बीते दिनों आइएएस ऑफिसरों का प्रशिक्षण होना है। प्रशिक्षण के दौरान आकांक्षी प्रखंड का दौरा कर फील्ड विजिट कर क्षेत्र का अवलोकन करेंगे।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनायी गयी



बुंडू (आजाद सिपाही)। पांच परगना किसान महाविद्यालय बुंडू में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एकता दिवस के रूप में शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों ने मिल कर किया। इस कार्यक्रम में 'राष्ट्रीय एकता एवं सुरक्षा के प्रतीक सरदार पटेल' विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों को कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ आराधना तिवारी ने राष्ट्रीय एकता एवं सुरक्षा की शपथ दिलायी। इस अवसर पर डॉ सुरेश गुप्ता एवं डॉ कृष्णा मुंडा ने छात्रों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता संग्राम एवं भारत के नवनिर्माण में सरदार पटेल के योगदान को स्मरण किया। इस कार्यक्रम में डॉ जीनिया नंदी, डॉ जुगनू प्रसाद, डॉ तरित सांगा, डॉ बासुदेव महतो, डॉ अरविंद साहू, सुरेंद्र राम, राजेंद्र महतो, डॉ तारकेश्वर कुमार डॉ. आराधना तिवारी एवं संगीता जायसवाल ने प्रतियोगी छात्रों को उत्साहवर्धन करते रहे।

### इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्रों के निर्धारण को लेकर बैठक, डीसी ने दिये निर्देश

खूंटी (आजाद सिपाही)। समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में शुक्रवार को वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा 2025-26 के आयोजन के लिए परीक्षा केंद्रों के चयन हेतु चयन समिति की बैठक की गयी। बैठक में उपायुक्त द्वारा समिति के सदस्यों संग परीक्षा केंद्रों के निर्धारण के संबंध में विभागीय दिशा निर्देश के अनुसार चर्चा की गयी। इस दौरान जिले में अवस्थित विद्यालयों की सूची उपस्थापित की गयी। समिति द्वारा वर्ष 2024-25 के परीक्षा केंद्रों की सूची का भी अवलोकन किया गया। सत्यापित सूची प्राप्त होने के पश्चात समिति की अगली बैठक में परीक्षा केंद्र की सूची को अंतिम रूप देने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि खूंटी, तोरपा एवं तमाड़, पुलिस अधीक्षक प्रतिनिधि के रूप में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूंटी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रामरेखा मेला में पांच को लगेगा नेत्र परीक्षण सह मोतियाबिंद जांच शिविर

खूंटी (आजाद सिपाही)। संघ शताब्दी वर्ष संकल्प नेत्र ज्योति के अंतर्गत विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामरेखा धाम मेले में देव शांति नेत्रालय, बीरू (सर्वांगीण विकास संस्थान की इकाई) द्वारा नेत्र परीक्षण सह मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन पांच नवंबर को किया जायेगा। सर्वांगीण विकास संस्था के निदेशक डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि खूंटी, सिमडेगा एवं पश्चिम सिंहभूम में ग्रामीण नेत्र स्वास्थ्य पर निरंतर कार्यरत है। वर्ष 2012 से यह शिविर रामरेखा मेले में नियमित रूप से आयोजित होता रहा है। इस वर्ष का शिविर सामाजिक कार्यकर्ता टिकैत धनुर्जय सिंहदेव, बीरूगढ़ को समर्पित है, जिसमें क्रेडल का विशेष सहयोग रहेगा।

### खलारी कोयलांचल के दौरे पर पहुंचे एमओसीएफसीसीपीसी झारखंड प्रदेश चेयरमैन

# पर्यावरण संरक्षण सरकार ही नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है : सूरज सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



सूरज सिंह का स्वागत करते एनके जीएम दिनेश कुमार गुप्ता एवं समर्थक।

खलारी। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद (एमओसीएफसीसीपीसी), झारखंड के चेयरमैन सूरज सिंह शुक्रवार को खलारी कोयलांचल क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। सीसीएल एनके एरिया के वीआइपी सभागार में महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता सहित अधिकारियों व समर्थकों ने उन्हें बुके और श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। इससे पूर्व डकरा में उन्होंने वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं अपने दौरे के क्रम में पत्रकारों से बातचीत में चेयरमैन सूरज सिंह ने कहा कि खलारी क्षेत्र में पर्यावरण को दूषित करने वाले किसी भी व्यक्ति, संस्था या एजेंसी को बख्शा नहीं जायेगा, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो। उन्होंने कहा कि खलारी एक प्रमुख कोयला औद्योगिक क्षेत्र है, जहां कोयला उत्पादन, परिवहन के दौरान होने वाला प्रदूषण नियंत्रण में रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि औद्योगिक गतिविधियों से मानव जीवन या पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, तो यह चिंता का विषय है। सूरज सिंह ने कहा कि सड़क पर धूल, वायु प्रदूषण या किसी भी प्रकार के पर्यावरणीय नुकसान के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। प्रेस वार्ता के बाद चेयरमैन रोहिणी परियोजना पहुंचे, जहां उन्होंने खान विस्तार कार्य के दौरान वृक्षों के स्थानांतरण में अनियमितताओं की जानकारी ली। इसके बाद वे पिपरवार क्षेत्र के लिए रवाना हो गये। दौरे के दौरान उनके साथ अशोक सिंह, गुड्डू सिंह, डीपी सिंह, हरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, राजू सिंह, शशि सिंह, आकाश सिंह, संतोष सिंह, रितेश सिंह, राजकुमार मुंडा, धर्मेंद्र सिंह, मोती सिंह, अनिल सिंह, शत्रुंजय सिंह, मोनू सिंह, एमके सिंह, जगदीश चैहान, शैलेंद्र सिंह सहित स्थानीय समर्थक मौजूद थे।

### सीआरपीएफ ने बलिदानी रोयन भेंगरा को दी श्रद्धांजलि, पत्नी को किया सम्मानित



खूंटी (आजाद सिपाही)। लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने और देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बलिदानी नायकों की वीरता और बलिदान का सम्मान करने की कड़ी में 94 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल खूंटी द्वारा शुक्रवार को निर्मला हाई स्कूल डोड़मा तोरपा में शहीद सिपाही जीडी रायन भेंगरा के शहादत दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 94 बटालियन के उप कमांडेंट संतोष कुमार के ने बलिदानी रोयन भेंगरा की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित की और उन्हें नमन किया। साथ ही उनकी पत्नी सुसारी भेंगरा को शॉल और साड़ी देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ 94 बटालियन के उप निरीक्षक जीडी विष्णु छेत्री, बलिदानी रोयन भेंगरा के स्वजन, 94 बटालियन के अन्य कार्मिक और ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने इंदिरा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल को दी श्रद्धांजलि



खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को आधुनिक भारत के निर्माता एवं हरित क्रांति की सूत्राधार भारत के पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का शहादत दिवस एवं भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनायी गयी। दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि दोनों महान विभूतियों को भारत कभी भूल नहीं सकता। मौके पर सांसद कालीचरण मुंडा ने भी दोनों महान विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि उनके बताये मार्ग पर चल कर ही हम देश को विकास की ओर ले जा सकते हैं। उनके त्याग को भारत कभी भूल नहीं सकता। मौके पर आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, नईमुद्दीन खां, जिला प्रवक्ता रविकांत मिश्रा, नगर अध्यक्ष गुलाम गौस, शांता खाखा,मगरिता खेस, फिरोज आलम, सोहैल अंसारी, सुषमा भेंगरा, अनीता नाग, जेम्स तोपनो, विक्टर कंडीर, सुंदरमनी हंस, ईन्दुअन्ना हस्सा, राम तिड़ू, सांदु पूर्ति, अनमोल होरो आदि मौजूद रहे।

### छठ देवठान जतरा मेला हमारी संस्कृति और सभ्यता की पहचान है : जेके सिंह

पिपरवार (आजाद सिपाही)। बिजैन गांव में छठ देवठान जतरा मेला का आयोजन किया गया। जतरा मेला के मुख्य अतिथि अशोका परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह व विशिष्ट अतिथि प्रोजेक्ट इंजिनियर आभाष त्रिपाठी, मुनमुन सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। अतिथियों का स्वागत बुके एवं पगड़ी पहनाकर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता कुलदीप राम और संचालन कुलेश्वर राम ने किया। इस दौरान जतरा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जेके सिंह ने कहा कि यह जतरा हमारी संस्कृति सभ्यता की पहचान है। इस बचाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस मौके पर रंथू गंझू, नागेश्वर गंझू, इकबाल हुसैन, बहेरा मुखिया रेखा देवी, पंसस बसंति देवी, वार्ड सदस्य सीमा देवी, कासिम उर्फ मुन्ना, झरी राम, अर्जुन गंझू, परमेश्वर गंझू, चंदर गंझू, पच्चू गंझू, सुरेंद्र राम, इदरीस अंसारी, राहुल मुंडा, दिनेश राम, कैलाश राम, अनिल राम, राहुल राम, देवनाथ राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

### झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस धूमधाम से मना



खलारी (आजाद सिपाही)। झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा में शुक्रवार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती सह राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार चौहान ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की। उन्होंने भारतीय इतिहास और संविधान निर्माण में सरदार पटेल के योगदान पर प्रकाश डाला। वहीं कक्षा 6 से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों ने सरदार पटेल को श्रद्धांजलि स्वरूप भाषण, कविता और स्लोगन प्रस्तुत किये। संचालन विद्यालय की अंग्रेजी शिक्षिका पूजा मंडल ने किया। विद्यालय के को-ऑर्डिनेटर मनोज यादव, परीक्षा नियंत्रक रमेश कुमार महतो सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति के महत्व पर प्रेरणादायी बातें कहीं। इस दौरान परिनिधि कुमारी, सपना मिंज, दक्ष कुमार, कुणाल पांडे, ज्वाला कुमारी, शालिनी कुमारी, विक्की राज, श्वेता कुमारी, स्नेहा कुमारी तथा आयशा प्रवीण ने सक्रिय भागीदारी की।

### छत के रास्ते घर में घुसे चोर, लाखों की चोरी



खलारी (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के खलारी बाजारटांड़ स्थित इस्लामनगर मोहल्ले में गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने अकरम अंसारी के घर को निशाना बनाया। चोर घर का ताला तोड़ कर लाखों रुपये के जेवरात, नकद एवं मोबाइल फोन लेकर फरार हो गये। परिवार के सदस्यों के अनुसार रात में खाना खाने के बाद सभी लोग अपने-अपने कमरों में साने चले गये थे। सुबह करीब पांच बजे जब मां नमाज के लिए उठीं, तो देखा कि बाहर वाले कमरे का सामान बिखरा पड़ा है और ताला टूटा हुआ है। घर की तलाशी लेने पर पता चला कि चोर सोने-चांदी के जेवरात, चांदी के बर्तन, करीब आठ हजार रुपये नकद, एक एंड्रॉयड फोन, एक छोटा मोबाइल फोन, तथा 2 से 3 जोड़ी जींस और शर्ट लेकर फरार हो गये हैं। पाया गया कि चोरों ने लोहे की सीढ़ी के सहारे छत के रास्ते घर में प्रवेश कर चोरी की घटना कां अंजाम दिया है। वहीं घटना की सूचना परिजनों ने मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी को दे दी है।

### एनके एरिया में सेवानिवृत्त हुए छह कर्मियों को सम्मान देकर दी गई विदाई



खलारी (आजाद सिपाही)। एनके एरिया डकरा स्थित वीआईपी सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र के विभिन्न परियोजनाओं से सेवानिवृत्त छह कर्मियों सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी। सेवानिवृत होनेवाले कामगारों में डॉ मंगलदान मडकी, मोहम्मद हासिब, प्रभु भुईया, महादेव उरांव, रामा लोहरा और कमल मुंडा शामिल थे। इस दौरान एनके एरिया महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का एक स्वाभाविक चरण है, जो हर व्यक्ति के जीवन में आता है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता के अलावा एसओएस आरिफ अख्तर, कार्मिक अधिकारी शैलेंद्र कुमार, निखिल अखौरी, डॉ प्रभा, श्रमिक प्रतिनिधि प्रेम कुमार, विनय सिंह मानकी, मिथलेश सिंह, देवपाल मुंडा, रंथू उरांव, के अलावा श्याम सुंदर सिंह, नीलम देवी, रीता एक्का, मनोज कुमार, सिस्टर खलखो, हंसराज मुंडा, आकाश मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

# बुंडू में आदिवासी जनाक्रोश रैली





**कुरमी/कुड़मी समुदाय के आदिवासी/अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल होने की मांग का विरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता

बुंडू। आदिवासी समाज समन्वय समिति पांच परगना क्षेत्र के आह्वान पर बुंडू में कुरमी/कुड़मी समुदाय के आदिवासी/अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल होने की मांग के विरोध में आदिवासी जनाक्रोश रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान पांच परगना क्षेत्र एवं तमाड़, बुंडू, अड़की, राहे, नामकुम, सोनाहातू, सिल्ली, इचागढ़, खूंटी प्रखंड के आदिवासी समाज के लोगों ने रैली में हिस्सा लिया। इसमें सर्वप्रथम गुरुवार को सड़क हादसे में जान गवाने वाले मृतकों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान राधाकृष्ण सिंह मुंडा ने कहा कि संविधान में जो आदिवासी को अधिकार दिया गया है, संवैधानिक अधिकार को लूटने का काम के लिए कुरमी महतो आदिवासी बनना चाहता है।

दुर्गावती ओड़ेया ने कहा कि कुरमी की मांग किसी तरह से जायज नहीं है। जो ऊंच-नीच का भेद किया, वही आज आदिवासी में शामिल होना चाहता है। ये आदिवासी समाज बर्दास्त नहीं करेगा। रैली के बाद बुंडू अनुमडल टॉल टैक्स से बिरसा चौक, सुभाष चौक होकर बिरसा मोड़ तक जुलूस निकाला गया। आदिवासी रैली में लोग पारंपरिक हथियार के साथ जुलूस में शामिल हुए। समिति के पंचानन सिंह मुंडा, सबरन सिंह मुंडा, डॉ लखिंद्र मुंडा, रुपसिंह पुरान, सोमा पातर, माइकल मुंडा, लक्ष्मण सिंह मुंडा, राइमनी मुंडा, लक्ष्मण सिंह मुंडा, विष्णु मुंडा, मार्शल टूटी, राजेंद्र लोहरा, ज्योत्सना केरकेट्टा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। अध्यक्षता जादू सिंह मुंडा ने की। रैली का समापन अनुमंडल कार्यालय परिसर में हुआ। रैली के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, राज्यपाल, सीएम, टीएसी अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### हत्या के आरोप में एक आरोपी गिरफ्तार

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड थाना क्षेत्र के उलीलोहर पंचायत के जामडीह गांव के अचरज महतो, 60 वर्ष की गुरुवार को अहले सुबह धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी गयी थी। वह सुबह-सुबह मवेशी छोड़ने गया था। तमाड़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। हत्याकांड का खुलासा शीघ्र कर किया जायेगा।

### सूरज भगत का निधन, शोक की लहर

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ ब्लॉक मोड़ समीप निवासी समाजसेवी संतलाल भगत एवं श्रवण भगत के पिता डाक विभाग से सेवानिवृत्त सूरज भगत का गुरुवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गयी। स्व. भगत अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं, जिसमें पुत्र, पुत्री, बहू, पोता-पोती शामिल हैं। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार गागर सतिया तट पर किया गया। उनके निधन पर क्षेत्र के सामाजिक एवं राजनीतिक लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस दु:ख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

### बिरसा मुंडा डीएवी आवासीय पब्लिक स्कूल बुंडू में एकता दिवस मनाया गया



बुंडू (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर बिरसा मुंडा डीएवी आवासीय पब्लिक स्कूल बुंडू में एकता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे विद्यालय परिवार ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य आकाश कुमार सिन्हा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार पटेल ने जिस एकता और अखंड भारत का सपना देखा था, वह आज भी हमारे राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। हर विद्यार्थी का कर्तव्य है कि वह अनुशासन, सत्यनिष्ठा और एकजुटता को अपने जीवन का आधार बनाये। प्राचार्य के प्रेरक संबोधन के बाद विद्यालय परिसर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इसमें कक्षा 3 से 10 तक के विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारी तथा खेल विभाग की टीम ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा स्कूल परिसर एक भारत -श्रेष्ठ भारत, एकता में शक्ति और रन फोर यूनिटी के नारों से गूंज उठा।

### सहारा इंडिया सहित अन्य नन बैंकिंग कंपनियों में जमा राशि की वापसी की मांग को लेकर प्रदर्शन



खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल और नन बैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के बैनर तले प्रदर्शन किया गया। कचहरी मैदान से निकला जुलूस प्रेमचंद तिग्गा और रोपणी देवी के नेतृत्व में भगत सिंह चौक, सुभाष चौक होते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुंचा, जहां सभा आयोजित की गयी। आक्रोशित जमाकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए शीघ्र भुगतान की मांग की। सभा में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रभारी और झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें सहारा व अन्य कंपनियों में जमा धन लौटाने को लेकर गंभीर नहीं हैं। गरीब मजदूर, किसान और छोटे व्यापारियों की खून-पसीने की कमाई फंसी है, लेकिन भुगतान की प्रक्रिया ठप है। उन्होंने चेतावनी दी कि 15 नवंबर तक प्रक्रिया शुरू नहीं हुई, तो सभी प्रखंड मुख्यालयों में आंदोलन तेज किया जायेगा। साथ ही 7-8 दिसंबर को दिल्ली में होनेवाले राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने की अपील की। वरिष्ठ सदस्य सुकरा मुंडा ने प्रभावित जमाकर्ताओं की सूची बना कर तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की। कार्यक्रम में छत्रपाल सिंह, आनंद साहू समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### खलारी में आवारा कुत्ते ने एक को काटा स्थानीय लोगों ने प्राथमिक उपचार कराया

खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड कार्यालय के पास शुक्रवार को एक आवारा कुत्ते ने जेहलीटाड़ निवासी नारायण साव को काट लिया। अचानक हुए हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गयी। कुत्ते के काटते ही नारायण साव के पैर से तेजी से खून बहने लगा। स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद करते हुए पास के एक गैराज से कपड़ा लाकर उनके पैर पर बांधा और निजी डॉक्टर के यहां ले जाकर उसका प्राथमिक उपचार कराया।

### बिरसा कॉलेज खूंटी में राष्ट्रीय एकता दिवस पर रैली, शपथ समारोह आयोजित



खूंटी (आजाद सिपाही)। बिरसा कॉलेज खूंटी में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एनएसएस इकाई द्वारा रैली एवं शपथ समारोह का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी प्राचार्य डॉ सीके भगत ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए की। उन्होंने बताया कि लौह पुरुष पटेल ने भारतीय एकीकरण में ऐतिहासिक भूमिका निभायी और राष्ट्रीय एकता को सबसे ऊपर रखा। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए राजकुमार गुप्ता ने बताया कि देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोने के कारण ही पटेल को लौह पुरुष की उपाधि मिली। वहीं डॉ अभिषेक ने उनके विचारों, कर्तव्यनिष्ठा एवं सरलता को युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली और कॉलेज परिसर से नगर तक एकता रैली निकाली। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ सीके भगत, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पी सुरीन, तारिफ लुगून, डॉ संध्या, राजकुमार गुप्ता, डॉ अभिषेक कुमार, सुजीत कुमार तथा निहाल टोप्पो सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

### खूंटी में रन फॉर यूनिटी का आयोजन



खूंटी (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को उपायुक्त आर. रॉनिटा के नेतृत्व में कचहरी मैदान से खूंटी थाना तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शमनीष टोप्पो, उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खूंटी वरुण रजक, डीएसपी मुख्यालय अखिल कुजूर, परिचारी प्रवर खूंटी, पुलिस निरीक्षक खूंटी समेत कई पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल हुए। रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सौहार्द्र एवं भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सशक्त भारत के निर्माण के प्रति समर्पित रहने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के अदम्य साहस, राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान एवं एक भारत-श्रेष्ठ भारत के उनके स्वप्न को नमन किया। इसके अलावा जिले के अन्य थाना द्वारा भी इसका आयोजन किया गया।

## एसएसबी 26वीं बटालियन ने सरदार पटेल की जयंती पर चलाया राष्ट्रीय एकता दिवस अभियान



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** एसएसबी 26वीं वाहिनी के कमांडेंट राजीव भट्ट के नेतृत्व में शुक्रवार को वाहिनी मुख्यालय अनगड़ा परिसर में सरदार वल्लबभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस अभियान चलाया गया। इसमें 26वीं वाहिनी के सभी अधिकारियों-जवानों ने मिलकर राष्ट्रीय एकता दिवस पर बाइक रैली, साईकिल रैली, रन फॉर यूनिटी, वॉकिंगथॉन रैली निकाली। इस अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने देश की अखंडता, सुरक्षा और एकता का संकल्प लिया। इस अवसर पर कमांडेंट राजीव भट्ट ने कहा कि 31 अक्टूबर को भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। दरअसल सरदार पटेल ने आजादी के बाद देश को एक करने में बेहद महत्वपूर्ण योगदान दिया था। सरदार पटेल को ही भारत के भौगोलिक और राजनीतिक एकीकरण का श्रेय दिया जाता है। अपनी शानदार नेतृत्व क्षमता एवं कूटनीति से उन्होंने आजादी के बाद 560 से ज्यादा रियासतों को भारतीय संघ में मिलवाया और देश के विभाजन को रोका। देश को एकजुट करने में बेहद अहम योगदान के चलते सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। कार्यक्रम में एसएसबी के अधिकारीगण और बलकर्मी उपस्थित थे।

## एसएसबी अधिकारी के बंद घर से 10 लाख के गहने चोरी

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** एसएसबी 26वीं वाहिनी मुख्यालय अनगड़ा में कार्यरत एसआई राजू रमण के बंद पड़े किराये के मकान से 10 लाख रुपए मुल्य के गहनों की चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में राजू रमण की पत्नी ने शुक्रवार को अनगड़ा थाना में लिखित आवेदन देकर घटना की जानकारी दी है। घटना के संबंध में बताया गया कि एसआई राजू रमण अपने परिवार के साथ हाहे स्थित एक किराये के मकान में रहते हैं। 22 अक्टूबर को उनका परिवार छठ पूजा मनाने हाजीपुर चला गया। इसी मौके का फायदा उठाकर चोरों ने घर का ताला तोड़कर वहां अलमारी में रखे सोने की 5 अंगुठी, चेन सहित करीब 10 लाख रुपए के जेवरातों की चोरी कर ली। इस दौरान चोरों ने लैपटॉप और पर्स को घर के पीछे फेंक दिया। शुक्रवार की सुबह जब उनकी पत्नी हाहे पहुंची तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना एसएसबी मुख्यालय में दिया और बाद में अनगड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। अनगड़ा पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। आशंका व्यक्त किया जा है कि चोरी की यह घटना 23 अक्टूबर की रात की है। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी सहित अन्य चीजों को खंगाल रही है।

## कांग्रेस पदाधिकारियों के बीच बांटे गये प्रमाण पत्र




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी और जिलाध्यक्ष सोमनाथ मुंडा ने स्थानीय डाक बंगला में साल्हन, हेसल, चिलदाग, लुपुंग, अनगड़ा, सिरका, राजाडेरा, चतरा सहित 9 ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित पंचायत पदाधिकारियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों से जनता भली भांति परिचित हो गई है। भाजपा वोटों की चोरी कर सरकार बनाती आ रही है। अब देश की जनता ने भाजपा को नकारना शुरू कर दिया है। पंचायत के कार्यकर्ता एकजुट होकर कांग्रेस की संगठनात्मक ताकत को ग्रामीण स्तर पर और अधिक सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास करें। कहा कि सृजन संगठन का उद्देश्य स्थानीय नेतृत्व को सशक्त बनाना और ग्रामीण विकास को गति प्रदान करना है। इस मौके पर आजसू नेत्री किरण देवी ने अपने एक दर्जन समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में जिला महासचिव शिवदास गोस्वामी, प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव, रजाक अंसारी, महिला अध्यक्ष सरिता देवी, श्रवण मुंडा, प्रमुख दीपा उरांव, साकिर अंसारी, छोटेलाल महतो, अजय उरांव, जितेन्द्र महतो, शफीक अंसारी, नुर हसन, समीम खान, कुलेश्वर मुंडा, विशाल स्वांसी, अशोक बेदिया, फागू बेदिया, नयूम अंसारी, आशीष मुंडा, शीला देवी, अनिता देवी, सविता देवी, रोहित नायक, संगीता कैथा, यूनूस अंसारी, मुन्ना मुंडा, शिबू महतो, संजय करमाली, अब्बास अंसारी आदि उपस्थित थे।

## राधा गोविंद विवि के खोरठा विभाग में मनायी गयी सरदार पटेल की जयंती

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय (विवि) के खोरठा विभाग में भारत के लौह पुरुष और देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत पटेल की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। उपस्थित शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के प्रति संकल्प दोहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खोरठा विभाग के विभागाध्यक्ष ओहदार अनाम अजनबी ने की। कहा कि सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस और मजबूत नेतृत्व क्षमता के बल पर देश की 562 रियासतों का विलय कर एकीकृत भारत की नींव रखी थी।

## बौद्ध धर्मगुरु भदंत ज्ञानेश्वर का निधन, एक्यूप्रेशर शाखा टाटीसिलवे में तीन दिनों तक मनेगा शोक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के बौद्ध धर्मगुरु, कुशीनगर भिक्षु संघ के अध्यक्ष भदंत ज्ञानेश्वर (89) का शुक्रवार की सुबह लखनऊ के मेदांता अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। हालत बिगड़ने पर 11 अक्टूबर को उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। धर्म गुरु के निधन से टाटीसिलवे के एक्यूपेशर शाखा सहित देश में रह रहे उनके लाखों अनुयाइयों में शोक की लहर दौड़ गई। इधर, निधन की खबर मिलते ही टाटीसिलवे के एक्यूप्रेशर शाखा में उनके व्यक्तित्व विकास, रखरखाव भवन निर्माण के व्यवस्थित संचालन में योगदान की सराहना करते लोग दिखे। एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव मधुसूदन पांडे ने कहा कि बौद्ध धर्मगुरु भदंत ज्ञानेश्वर का निधन एक्यूप्रेशर जगत, समाज एवं मानवता के लिए अपूर्णीय क्षती है। कहा कि एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा सहित पूरे विश्व में शोक मनाया जा रहा है। इस कारण झारखंड शाखा टाटीसिलवे में भी तीन दिन का शोक मनाया जायेगा।

# शौचालय में फंदे से झूलता हुआ नर्सिंग के छात्र का शव बरामद

### बिजुलिया नर्सिंग कॉलेज के प्रथम वर्ष का छात्र बोकारो का रहनेवाला था

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के बिजुलिया स्थित एक मकान के शौचालय में रॉड के सहारे गमझे में झूलता एक किशोर का शव बरामद हुआ। उसकी पहचान आभाष कुमार (19) के रूप में हुई। वह बोकारो जिले के बेरमो मंडल क्षेत्र के रहने वाले पंकज कुमार का पुत्र था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और उसे अपने कब्जे में



लेकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। घटना शुक्रवार की दोपहर 1.30 बजे की बताई जा रही है। प्राथमिक पड़ताल के आधार पर पुलिस ने बताया कि आभाष बिजुलिया स्थित बुद्धा नर्सिंग कॉलेज में बीएससी का छात्र था। कॉलेज के समीप ही एक किराये की मकान में रहकर पढ़ाई करता था। दूसरी ओर, मृतक के पिता ने रातू थाने में यूडी केस दर्ज कराया है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक मौत के असल कारणों का पता नहीं चल सका है। यह भी पता चला है कि उस मकान में कई और छात्र किराये में रहकर नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे थे। पुलिस की मानें तो मकान गढ़वा निवासी आईटीबीपी में सिपाही के पद पर तैनात सुशील कुमार रवि की बतायी जा रही है। आभाष 24वें बैच के प्रथम वर्ष का छात्र था। दीपावली और छठ की छुट्टी में वह घर भी गया था। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## रन फॉर यूनिटी देश विरोधी ताकतों को करारा जवाब है: पुलिस निरीक्षक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर सुबह बेड़ो थाना परिसर से 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। पुलिस निरीक्षक उत्तम कुमार उपाध्याय ने बताया कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए सब कुछ दांव पर लगा दिया था। आज उनकी जयंती पर आयोजित यह दौड़ देश विरोधी ताकतों को करारा जवाब और एकता का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर देश की अखंडता, सामाजिक सद्भाव और विकास के लिए कार्य करें। वहीं, थाना प्रभारी सुजीत कुमार उरांव ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत की एकता और अखंडता के प्रति नागरिकों की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। जबकि नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव की अगुवाई में नरकोपी में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों ग्रामीणों व पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान पुलिस के साथ ही जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और स्कूली बच्चों ने भी दौड़ लगाकर सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से आत्मसात करते हुए जयंती पर उन्हें नमन किया। इस मौके पर करमा उरांव, राकेश भगत, अनमोल टोप्पो, देवनिस तिग्गा और सोमरा लोहरा आदि उपस्थित रहे।

## सरदार बल्लभ भाई पटेल से राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा ले युवा शक्ति : सुजीत

**सिकिदिरी( आजाद सिपाही)।** गैर सरकारी संगठन जनकल्याण समर्पण संस्थान के ढ़ेलवाखुट्टा स्थित केंद्रीय कार्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। सर्व प्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल यू हीं लौह पुरुष नहीं बने हैं। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री रहे। इस दौरान 500 से भी अधिक रियासतो को अखंड भारत में सम्माहित किए। युवा उन्हें अपना आदर्श मानकर कार्य करें और उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा लें।

## सड़क निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप और कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने शुक्रवार को अनगड़ा में बुढ़ासराई से झरनापानी तक 1.3 किमी बननेवाले पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। बताया गया कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत उक्त सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सोमनाथ मुंडा, शिवदास गोस्वामी, प्रमुख दीपा उरांव, मधुसूदन मुंडा, चंपा उरांव, रामनाथ महतो, राजेन्द्र मुंडा, छोटेलाल महतो, विश्राम महतो, शांति देवी, संगीता कैथा, सुशील उरांव और आलम अंसारी आदि उपस्थित थे।

## ठाकुरगांव में रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर ठाकुरगांव थाना प्रभारी सुभम कुमार के नेतृत्व में थाना परिसर से शुरू हुई रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के दर्जनों युवा शामिल हुए। विदित हो कि वरिय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर उक्त कार्यक्रम आयोजित की गई थी।

## ओरमांझी में आयोजित तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का समापन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** पंचायत क्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का समापन शुक्रवार को गोसाई मोहल्ला स्थित मुखिया आवास परिसर में हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच करवाया। मुखिया दीपक बढ़ाइक ने बताया कि स्वस्थ ग्राम ही सशक्त पंचायत की पहचान है। ग्रामीणों के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए पंचायत के प्रत्येक मोहल्ले में जांच शिविर आयोजित किए गए हैं ताकि लोग समय रहते बीमारी का पता लगाकर उपचार करा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि जो लोग किसी कारणवश जांच से वंचित रह गए हैं, उनके लिए शीघ्र ही पुनः एक विशेष जांच शिविर आयोजित किया जाएगा।पूर्व मुखिया मीणा देवी ने कहा कि शिविरों महिलाएं भी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक दिखी। वहीं, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता ने स्वास्थ्य शिविर के लिए मुखिया दीपक बड़ाइक एवं पूर्व मुखिया के प्रयास की सराहना की। इस मौके पर उप मुखिया संतोष गुप्ता, पूर्व मुखिया मीणा देवी, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुंडा, समाजसेवी शशि मेहता, वार्ड सदस्य सह स्वास्थ सहिया सावित्री देवी, अरुणा देवी, पूजा देवी, वीबीडी सुपरवाइजर अतुल कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम, पंचायत क्षेत्र की सहिया बहनें जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## बिरसा मुंडा जिला पुस्तकालय का खूंटी उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण, दिये आवश्यक निर्देश

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आर रॉनिटा ने शुक्रवार को बिरसा मुंडा जिला पुस्तकालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था, अध्ययन सामग्री, पुस्तकों की उपलब्धता, प्रकाश व्यवस्था, पठन-पाठन का वातावरण और परिसर की स्वच्छता की विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने अध्ययनरत छात्रों से बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं को जाना। छात्रों ने पुस्तकालय में जरूरी पुस्तकों की उपलब्धता, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई से जुड़े सुझाव दिए, जिन पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को तत्परता से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पुस्तकालय परिसर स्थित कैंटीन का भी जायजा लिया।

## बारिश-हवा से धान आलू की फसल चौपट



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मोंथा चक्रवात के चलते चली तेजा हवा एवं वर्षा ने प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के किसानों की चिंता बढ़ा दी है। उन्हें धान एवं आलू की फसल के बर्बाद होने की चिंता सताने लगी है। रुक-रुक कर हो रही बारिश के चलते किसानों की खड़ी धान की फसल खेतों में ही गिर गई है। इससे अधिकाधिक फसल का नुकसान हुआ है। वहीं, खेतों में लगी आलू की फसल खराब होने के साथ ही उनकी छह महीने की मेहनत बेकार हो गई। इस बीच, मौसम विभाग ने अभी और दो दिनों तक बारिश की चेतावनी दी है, जिससे किसान बेहद चिंतित हैं। बतातें चलें कि इस समय पूरे प्रखंड में धान की फसल तैयार थी। कई किसान अपनी फसल को काट कर खेत में ही सूखने के लिए छोड़ दिए थे। लेकिन मोंथा तूफान के कारण हुई बारिश के चलते खेतों में पानी जम गया और फसल बर्बाद हो गई। संजय उरांव, ब्रजेश महतो, मन मोहन गोप और पवन आदि किसानों का कहना है कि छह महीने की मेहनत एक झटके में खत्म हो गई।

## तोरपा में रन फॉर यूनिटी का उत्साह, हिल चौक से ब्लॉक चौक तक धावकों की भागीदारी

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर तोरपा में ह्यरन फॉर यूनिटीह्ण का भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही हिल चौक पर बड़ी संख्या में युवा, छात्र-छात्राएं और पुलिस पदाधिकारी एकत्र हुए। निर्धारित समय पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा सहित दर्जनों प्रतिभागियों ने उत्साह और जोश के साथ रेफरल अस्पताल हिल चौक से ब्लॉक चौक तक एकता, भाईचारा और राष्ट्रीय समरसता का संदेश देते हुए दौड़ पूरी की। कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा के साथ पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम, संतोष जायसवाल, धर्मेंद्र कुमार, दीपक तिग्गा, रूपेश गुप्ता और मो. वसीम भी शामिल हुए। दौड़ के दौरान पुलिस जवानों ने सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए आयोजन को सुव्यवस्थित बनाने में अहम भूमिका निभाई। राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाये रखने का संकल्प लिया गया। एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर आयोजित यह दौड़ युवाओं में एकता, अनुशासन और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने का माध्यम है। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं को ऐसे आयोजनों में भाग लेने की अपील की।

## सरदार पटेल की जयंती पर टाटीसिलवे में 'रन फॉर यूनिटी' का हुआ आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर टाटीसिलवे में शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व रांची जिला ग्रामीण मंत्री संजीत सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत टाटीसिलवे के इलाहाबाद चौक से ईईएफ मैदान तक दौड़ लगाकर किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संजीत सिंह ने कहा कि रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और संप्रभता के प्रति जन-जागरुकता फैलाना है। आजादी के बाद जब देश विभाजन और संकट की स्थिति में था, तब सरदार पटेल ने अपने साहस, त्याग और दूरदर्शिता से राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोया। कहा कि हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश की एकता को और मजबूत करना चाहिए। मौके पर रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, रांची ग्रामीण जिला मंत्री संजीत सिंह, प्रदेश पदाधिकारी सह पूर्व कर्नल बीके सिंह, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष गाजू महतो, पूर्व मंडल महामंत्री सरयुग प्रसाद, मंडल महामंत्री अमित कुमार मिश्रा, राजेश मिश्रा, नरेश साहू, मनोज चौधरी, अरविंद महतो, साईनाथ महतो, गिरिधर मिश्रा, हलधर मिश्रा, अमित महतो, पंकज कुमार, भूपेश महतो, रंजीत महतो, जय महतो, निशा कुमारी, होलिका कुमारी, लीला कुमारी आदि उपस्थित थे।

## नगड़ी में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर शुक्रवार को नगड़ी थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगड़ी के शांति समिति के सदस्य शामिल हुए। इस मौके पर सभी ने देशभक्ति का परिचय देते हुए भारत माता की जय और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ज़िंदाबाद का नारा लगाये। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप, साहेर पसस गुलरेज अंसारी, केदार महतो, शशि भूषण भगत, चुडामनी महतो, दौलत राम केसरी, बजरंग महतो, प्रेम सागर महतो, हेमंत केसरी, दीपक केसरी, मुख्तार अंसारी, मोबीन अंसारी, दिनेश केसरी, रामजीवन साहू, विनोद साहू, राजेंद्र महतो के अलावा नगड़ी थाना की ओर से मनोज कुमार कुलदेव साह, सत्येन्द्र कुमार चौबे, संतोष दुबे सहित स्थानीय ग्रामीण पुलिस शामिल हुए।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह



**मांडर (आजाद सिपाही)।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एकता शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्या डॉ दिपाली पराशर के नेतृत्व में सभी व्याख्याताओं एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। इस दौरान प्राचार्या डॉ दिपाली पराशर ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की अखंडता और एकता के लिए जो योगदान दिया, वह सदैव प्रेरणादायी रहेगा। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र की एकता और समरसता को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर देश के विकास और भाईचारे को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।ह्व इस अवसर पर सभी व्याख्याताओं ने देश की एकता, अखंडता और सौहार्द को बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## लापुंग में मोंथा चक्रवात का असर, फसल बर्बाद



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** मोंथा चक्रवाती तूफान से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। किसानों के खेतों में पके धान और मडूआ की फसल बर्बाद हो गयी है। खड़ी फसल खेत में ही गिर गये। जबकि कटे हुए धान खेत और खलिहान में जमें बारिश के पानी से भींगकर बर्बाद हो रहे हैं। बिन मौसम बारिश से तैयार आलू, विन, टमाटर आदि की फसलें भी नष्ट हो रही है। इससे किसानों को भारी नुकशान उठाना पड़ रहा है। लापुंग के दोलाइचा, ककरिया, देवगांव, महुगाव, लालगंज, महुगांव और फतेहपुर के अलावे लापुंग के अन्य गांव में मोंथा चक्रवाती का असर देखने को मिल रहा है।

## चोरी की घटना का उद्भेदन, दो गिरफ्तार

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** विगते 24 अक्टूबर को ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के हेसलपीढ़ी गांव के खरकु टोला निवासी क्यूम अंसारी के बंद घर से चोरों ने ताला तोड़कर जेवरात, टीवी और बैटरी सहित अन्य घरेलू सामानों को चोरी कर लिया था। इसे लेकर पीड़ित ने ठाकुरगांव थाना में मामला दर्ज कराया था। जिसके बाद रांची एसएसपी के निर्देश पर खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। जिसने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी में शामिल मुख्य आरोपी खरखू टोला निवासी रब्बानी अंसारी, बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडण्डा निवासी क्रमशः कलाम अंसारी और तौफीक अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। लगे हाथ चोरी के सभी जेवरातों सहित टीवी, बैटरी आदि भी बरामद कर लिया। इस दौरान छापामारी दल में ठाकुरगांव थाना प्रभारी शुभम कुमार, पुअनि दिलीप कुमार समेत थाना के सभी जवानों की सराहनीय भूमिका रही।

## मतदाता जागरूकता को लेकर मारुति मंगल परिवार की सात सदस्यीय टीम रवाना

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** सामाजिक एवं आध्यात्मिक संगठन मारुति मंगल परिवार की सात सदस्यीय टीम शुक्रवार को घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में मतदाता जागरूकता अभियान के लिए रवाना हुई। इसमें मारुति मंगल परिवार के सचिव मदन कुमार, रामगढ़ जिला सदस्य अमरनाथ भोक्ता, लोहरदगा जिला सदस्य राजेश कुजूर, बसंत टापवर व हजारीबाग जिला सदस्य निरंजन गोप आदि विस क्षेत्र में ही रहकर मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर रायडीह, चैनपुर, भरनो, कामडारा और सिसई सहित पूरे गुमला जिले में मनी सरदार पटेल की जयंती

# 'रन फॉर यूनिटी' में दौड़ा गुमला, दिया एकता का संदेश

आजाद सिपाही टीम

**रायडीह/भरनो/चैनपुर/कामडार/सिसई।** लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी का आयोजन हुआ। इस दौरान रायडीह थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों ने रन फॉर यूनिटी में भाग लिया और भलमंडा से थाना तक दौड़ लगायी। इस मौके पर रायडीह थाना के पुलिस पदाधिकारी और चौकीदार मौजूद थे।









### दौड़े पुलिसकर्मी

'रन फॉर यूनिटी' में शुक्रवार की सुबह भरनो थाना के पुलिस कर्मियों ने दौड़ लगाई। थाना प्रभारी कंचन प्रजापति के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम की शुरूआत भरनो के पलमा डीपा स्थित थाना परिसर सेकी गयी, जो गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो के नवाटोली नहर पुल होते हुए वापस थाना परिसर पहुंचकर समाप्त हुआ। जिसमें सब इंस्पेक्टर मंटू चौधरी, अभिनंदन कुमार, शनि कुमार, विजय लकड़ा, निर्मल प्रसाद, एएसआई अजय कुमार गुप्ता, वशिष्ठ नारायण सिंह, सिकंदर कुमार, रामजी बैठा, रंजय कुमार आदि शामिल रहे। दूसरी ओर, सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर रांची के महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशानुसार शुक्रवार को आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' में रेडवा पिकेट के पुलिसकर्मियों ने बारिश के बावजूद उत्साहपूर्वक भाग लिया। थाना प्रभारी शशि प्रकाश के नेतृत्व में दौड़ की शुरूआत रेडवा पिकेट से नरसिंहपुर मोड़ तक की गई। इसमें थाना के पदाधिकारी, पुलिसकर्मी और चौकीदार शामिल हुए। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया। वहीं, सिसई थाना की ओर से भी 'रन फॉर यूनिटी' के तहत प्रभातफेरी निकाली गयी। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना परिसर से दौड़ का शुभारंभ हुआ, जिसमें हिन्दू जागरण मंच के परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी यादव, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल संरक्षक पंकज साहू, रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव डेविड, आशीष कुमार, छोटेलाल ताम्रकर, महावीर जी, जलेश्वर उरांव, मनोज वर्मा, दीपक अधिकारी, विभिन्न स्कूलों के बच्चे सहित पुलिस के जवान एकता का परिचय देते हुए एक साथ चल रहे थे। रन फॉर यूनियी थाना रोड, मेन रोड, ब्लॉक चौक, कुदरा मोड़, जीता पतरा होते हुए महुआडीपा तक पहुंचकर वापस थाना परिसर में आकर संपन्न हुआ।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर चैनपुर में आयोजित रन फॉर यूनिटी में थाना प्रभारी के नेतृत्व में दौड़े पुलिसकर्मी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** लौह पुरुष के नाम से विख्यात सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का भव्य आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता के महत्व को रेखांकित करते हुए देश के महान सपूत को श्रद्धांजलि देना था। चैनपुर थाना परिसर से सुबह शुरू हुई इस एकता दौड़ का नेतृत्व थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने किया। उनके कुशल मार्गदर्शन में पुलिसकर्मियों और स्थानीय ग्रामीणों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। यह दौड़ एकता और राष्ट्र प्रेम के संदेश को बुलंद करती हुई ब्लॉक मोड़, चर्च रॉड और मेन रोड से होते हुए आगे बढ़ी। दौड़ का सफल समापन चैनपुर प्रखंड मुख्यालय पर हुआ। इस आयोजन में चैनपुर थाना के अधिकारियों पुलिसकर्मियों, चौकीदारों के साथ ही क्षेत्र के कई जागरूक ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। यह कार्यक्रम सरदार पटेल के 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के सपने को साकार करने की दिशा में स्थानीय प्रशासन-आम जनता की एकजुटता का शानदार प्रदर्शन रहा।

## सरदार पटेल के पदचिन्ह पर चलें और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें: विजयलक्ष्मी कुमारी




**सिसई (आजाद सिपाही)।** लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती शुक्रवार को पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सिसई के पंडरानी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधरोपण कर राष्ट्रीय एकता दिवस का शुभारंभ की गई। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य सिसई उतरी की विजयलक्ष्मी कुमारी और योग गुरु गजराज महतो सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। जिप सदस्य ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता के रुप में मनाते हैं। आप सभी लौह पुरुष पटेल जी के पदचिन्ह पर चलें और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। वहीं, योग गुरु गजराज महतो ने छात्राओं को सरदार बल्लभभाई पटेल की एकता, आदर्श को अपने जीवन में शामिल करने को कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने दिनचर्या में योग को शामिल कर निरोग रहने के लिए हर हाल में प्रतिदिन सुबह योगाभ्यास करने को कहा। कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन की परिकल्पना की जा सकती है। इस दौरान समापन से पूर्व योग गुरु की अगुवाई में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यालय की 450 छात्राओं के साथ शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

## गुमला: ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार किशोर की हुई मौत, एक अन्य गंभीर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला-सिसई रोड स्थित बीएड कॉलेज के समीप ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार 17 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गयी। उसकी पहचान कार्तिक राम तुरी के रूप में हुई है। वह शहर के विद्या भारती स्कूल में 10वीं कक्षा का छात्र था। वह गणेशपुर डिपा टोली का रहने वाला था। जबकि इसी हादसे में बाइक में पीछे बैठा सिसई नगर मिलिंगबिरा निवासी लोहर उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका एक पैर टूट गया है। उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पता चला है कि वह बेहरा टोली अपने रिश्तेदार के घर मेहमान आया था। जानकारी के अनुसार दो बाइक पर सवार होकर गुरुवार की शाम छह बजे में चार लड़के बारिसा टोंगरी की ओर घूमने गए थे। वहां से चारों वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी बीच ट्रैक्टर ने सामने से एक बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार दो युवक घायल हो गये। हालांकि दूसरे बाइक सवारने मौके से भागने की कोशिश कर रहे ट्रैक्टर का पीछा भी किया, लेकिन वह तेज रफ्तार में फरार हो गया। इसके बाद बाइक सवार वापस आकर स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां कार्तिक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उसे रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि उसके परिजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल ले गये, जहां शुक्रवार तड़के तीन बजे उसकी मौत हो गई। इसके बाद पोस्टपार्टम के लिए परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आए।

## पिकअप वाहन से नौ अवैध गोवंशीय पशु जब्त, तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने शुक्रवार की सुबह छह बजे पिकअप वाहन में लदे नौ अवैध गोवंशीय पशुओं को जब्त किया है। इस बाबद रायडीह थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव ने बताया कि इस दिन सुबह गुप्त सूचना मिली थी कि मांझाटोली की ओर से एक पिकअप वाहन में अवैध गोवंशीय पशुओं को लादकर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने खिराखाड़ मोड़ के समीप बैरेकेटिंग लगाकर वाहन जांच शुरू कर दी गयी। इसी दौरान एक पिकअप वाहन माझाटोली की तरफ से आते दिखा। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, तो चालक वाहन को तेजी से घुमाकर वापस भागने लगा। हालांकि पहले से सतर्क पुलिस कर्मियों ने उक्त पिकअप वाहन का पीछा किया। तब तक पिकअप चालक वाहन लेकर बरगीडांड़ गांव में घुस गया और पुलिस को पीछा करते देख वाहन खड़ी कर वहां से भाग खड़ा हुआ। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें लदे नौ गोवंशीय पशु बरामद हुए, जिन्हें ठूंस कर लादा गया था। पुलिस ने पिकअप और मवेशी को जब्त कर थाना ले आयी। लगे हाथ पिकअप वाहन मालिक, चालक के साथ ही पशु तस्कर बरगीडांड़ ग्राम निवासी शाहिल खान एवं गुमला ग्राम निवासी ताज कुरैशी उर्फ धुनी खान के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने जब्त सभी मवेशियों को ग्रामीणों के बीच जिम्मेनामा में शौप दिया।

## गुमला में 200 बसों का परिचालन बंद, यात्री परेशान

-नए बस डिपो पर ठहराव का विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** बस ऑनर्स एसोसिएशन ने शुक्रवार से लगभग 200 बसों का परिचालन बंद कर दिया है। यह निर्णय लोहरदगा और घाघरा रूट की बसों के लिए दुंदुरिया बस डिपो में नया बस स्टैंड बनाने के प्रशासन के फैसले के विरोध में लिया गया है। इस हड़ताल के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बतातें चलें कि गुमला के ललित उरांव बस स्टैंड से प्रतिदिन लगभग 200 बसें चलती हैं। हड़ताल के चलते इन सभी बसों का परिचालन रुक गया है। दूसरी ओर, बस ऑनर्स एसोसिएशन ने बैठक विफल होने के बाद शनिवार को भी बसों का परिचालन नहीं करने की घोषणा की है।

### 'हो रहा नुकसान'

बस मालिकों की मानें तो डीसी के इस आदेश के बाद से ललित उरांव बस स्टैंड से चलने वाली बसें, खासकर लोहरदगा मार्ग पर, को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। नए बस डिपो से पर्याप्त यात्री नहीं मिलने के कारण उन्हें टैक्स, बीमा और कर्मचारियों का वेतन देने में दिक्कत आ रही है। इन परिस्थितियों में बस मालिकों ने परिचालन जारी रखने में अपनी असमर्थता जताई है।

### गुमला से प्रतिदिन रांची आते-जाते हैं हजारों लोग

बस मालिकों का तर्क है कि दुंदुरिया बस डिपो में निर्धारित नया स्थान यात्रियों के लिए असुविधाजनक है। गुमला से प्रतिदिन हजारों लोग रांची आते-जाते हैं। इसके अलावा, गुमला से ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश के बनारस के साथ ही झारखंड के कई अन्य जिलों के लिए भी बसें चलती हैं। गुमला बस ऑनर्स एसोसिएशन ने इस बाबत डीसी को एक ज्ञापन भी सौंपा है। जिसमें लोहरदगा और घाघरा मार्ग की बसों का परिचालन ललित उरांव बस स्टैंड से ही जारी रखने की मांग की गई है। एसोसिएशन ने बताया कि 17 अक्टूबर को डीसी के आदेश पर इन मार्गों की बसों को गुमला बस डिपो दुंदुरिया से चलाने का निर्देश दिया गया था।

## जमीन सुधार कर ऑनलाइन इंदराज कराने डीसी कार्यालय पहुंचा ग्रामीण



अंचल कर्मी से कहा सुनी के बाद डीसी से लगाई न्याय की गुहार

**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो निवासी गोविंद अग्रवाल ने अपनी खरीदी हुई जमीन की ऑनलाइन पंजी-2 सुधार को लेकर जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने बताया कि उनकी जमीन का भरनो थाना क्षेत्र के कुम्भरो मौजा में है। जिसका हाल खतियान उनके नाम से बना है। जमीन के कुछ प्लॉट में रकबा की त्रुटि को लेकर उन्होंने वाद संख्या 62/2020 और 63/2020 दायर किया था। जिसका निर्णय उनके पक्ष में हुआ था। आवेदक ने उक्त भूमि की पैमाइश को सुधार करते हुए पंजी-2 में अपने नाम का संधारण करने की अपील की है। गोविंद अग्रवाल ने आरोप लगाया कि उन्होंने एक वर्ष पहले ही इस कार्य के लिए भरनो अंचल में आवेदन दे रखा था। अंचल में कई बार आवेदन देने के बाद भी सुधार और ऑनलाइन इन्द्राज की कार्रवाई अब तक नहीं की गई है। गोविंद अग्रवाल ने यह भी आरोप लगाया कि उनके साथ एक अंचल कर्मी ने दुर्व्यवहार भी किया। जब वह अपने कार्य के लिए उक्त अंचल कर्मी पर दवा डालने लगे तो वह गुस्से में आकर मेरे आवेदन और कागजात को अपनी अलमारी से निकाल कर फेंक दिया। जिसकी शिकायत उन्होंने दूरभाष पर सीओ से भी की थी।

**अंचल कर्मी पर आवेदक बना रहा था अनावश्यक दबाव : सीओ**

इस संबंध में सीओ ने कहा कि उनके कर्मी पर गोविंद अग्रवाल ने अनावश्यक दबाव बनाना शुरू कर दिया था। जबरन उन पर रिश्वतखोरी के आरोप लगा रहा था, जिसे लेकर दोनों के बीच कहा सुनी हुई थी। उन्होंने दोनों पक्षों को समझा बूझकर मामले को शांत करा दिया था।

## गुमला के सभी स्कूलों में एचआइवी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति, रांची के दिशा-निर्देश एवं स्कूली शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शुक्रवार को गुमला जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों में एचआईवी-एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। विद्यालयों में प्रार्थना सभा और विशेष कक्षा सत्रों के माध्यम से प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स के कारण, संक्रमण के माध्यम और बचाव के उपायों की जानकारी दी। छात्रों को बताया गया कि एचआईवी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है और असुरक्षित रक्त, संक्रमित सुई या असुरक्षित यौन संबंध से फैलता है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने यह भी संदेश दिया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के प्रति भेदभाव नहीं, बल्कि सहयोग और समझ दिखानी चाहिए।

## जो हमारी अस्मिता से खेलेगा, उसे जनआंदोलन का उलगुलान जवाब देगा : देवकुमार धान



**गुमला (आजाद सिपाही)।** परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम शुक्रवार को जनजाति जनसैलाब से भर गया। बारिश भी आदिवासी समाज का पौसला पस्त नहीं कर पायी। उरांव, मुंडा, संथाल, हो, भूमिज, लोहरा, बेदिया, गोंड़, कोरवा, महली, बिरहोर सहित दर्जनों जनजातियों के हजारो लोग पारंपरिक परिधान और हरवे-हथियारों के साथ आदिवासी उलगुलान महारैली में शामिल हुए। पूरे शहर में मांदर की थाप और हम ही असली आदिवासी हैं, नहीं देंगे अपनी पहचान के नारे गूंजते रहे। आदिवासी बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक देवकुमार धान ने कहा कि हमारे अधिकारों पर कब्जे की साजिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने अपनी खून से इस धरती को सींचा है। अब कोई भी जाति या वर्ग राजनीतिक सौदेबाजी कर हमारे संवैधानिक अधिकारों को नहीं छीन सकता। कुर्मी/कुड़मी आदिवासी नहीं हैं। इसे इतिहास, कानून और संविधान सब साबित करते हैं। जो हमारी अस्मिता से खेलेगा, उसे जनआंदोलन का उलगुलान जवाब देगा। वहीं, समाजसेवी सह आदिवासी नेता जगरनाथ उरांव ने कहा कि आज बारिश भी हमारे अधिकार के जुनून को नहीं रोक पाई। यह लड़ाई लंबी है, अभी बहुत लड़ना है। हमारा विरोध किसी व्यक्ति या जाति से नहीं है, विरोध है कुर्मी-कुड़मी के उस अनुचित मांग से जो आदिवासियों के हक पर डाका डालने की कोशिश है। कहा कि आदिवासी बनने के लिए कई अर्हताएं हैं, जिन्हें पूरा करना जरूरी है। यह कोई मनमानी नहीं कि जिसने चाहा, आदिवासी बन गया। हम सबको संगठित रहना होगा। धर्म और जाति के नाम पर बंटना नहीं है। एक तीर, एक कमान आदिवासी एक समान। यही हमारा नारा है।

# सदर अस्पताल का ब्लड बैंक बंद

## खून के लिए भटक रहे मरीजों के परिजन

सुधाकर कुमार




**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला अस्पताल में इन दिनों खून की हर बूंद पर जिंदगी टिकी है, लेकिन सिस्टम की उदासीनता ने मरीजों को मरने के कगार पर ला दिया है। ब्लड बैंक बंद होने से जिले में दर्जनों मरीजों की हालत गंभीर है। कोई 'मां' बच्चे को जन्म देकर जिंदगी के लिए जूझ रही है, तो कोई मासूम थैलेसीमिया और सिकल सेल जैसी जानलेवा बीमारियों से पीड़ित होकर अस्पताल के बिस्तर पर तड़प रहा है। सबसे दर्दनाक मामला बरगांव बरवा टोली की 17 वर्षीय निर्मला कुमारी की है। शुक्रवार की सुबह ममता वाहन में बेटे को जन्म देने के बाद उसे रक्त की सख्त जरूरत थी। पर उसे एक भी यूनिट रक्त नहीं चढ़ाया गया, क्योंकि सीएस के आदेश पर ब्लड बैंक सील है। परिवार गरीब है। रांची ले जाना मुश्किल। 'अगर ब्लड नहीं मिला तो बेटी नहीं बचेगी। यह कहानी सिर्फ निर्मला की नहीं, बल्कि गुमला के कई परिवार इसी पीड़ा से गुजर रहे हैं। बतातें चलें कि सोमवार से भर्ती अनुज केर-केट्टा को दो यूनिट ब्लड पहले ही चढ़ चुका है। तीसरा यूनिट शुक्रवार को चढ़ना था, लेकिन ब्लड नहीं मिला। दोपहर दो बजे पहुंचे तो ब्लड बैंक बंद पाया। वहीं, सिसई थाना क्षेत्र के दतिया करंज निवासी चमार लोहरा चार दिन से अस्पताल में भर्ती हैं। डॉक्टरों ने चार यूनिट ब्लड की जरूरत बताई थी, तीन यूनिट किसी तरह चढ़ाया गया। लेकिन चौथा यूनिट बुधवार के बाद से नहीं मिल सका। अब डॉक्टर कह रहे कि कहा हम रिस्क नहीं लेंगे। वहीं, भरनो प्रखंड के मदनपुर निवासी रीत उरांव, जो थैलेसीमिया से पीड़ित हैं, हर महीने खून चढ़ाते हैं। लेकिन इस बार ब्लड बैंक बंद मिलने से उनका जीवन संकट में है। सुबह सैंपल दिया था, दोपहर में पहुंचे तो गेट पर नोटिस चिपका मिला 'बैंक बंद' है। इसी तरह भंडरिया डांड़ड़ टोली के नौ वर्षीय दीपक गोप, जो सिकल सेल रोगी हैं, को भी ब्लड नहीं मिल पाया। गुमला के बंद ब्लड बैंक का यह परिणाम है कि गांव-देहात से आए गरीब मरीजों को जिंदगी और मौत के बीच भटकना पड़ रहा है। स्मरण रहे कि, हाल ही में चाईबासा में चार नवजात बच्चे एचआइवी संक्रमित पाए गए थे, जब ब्लड चढ़ाने के दौरान लापरवाही सामने आई थी। उस घटना के बाद हाईकोर्ट और राज्य सरकार ने संज्ञान लिया और कई अवैध ब्लड बैंकों पर कार्रवाई हुई। जांच में खुलासा हुआ कि गुमला ब्लड बैंक भी बिना लाइसेंस के चल रहा था। जिसके बाद सीएस के आदेश पर इसे बंद कर दिया गया।

## गुमला में 'ओआरएस' शब्द के दुरुपयोग पर रोक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (एसीएमओ) की अध्यक्षता में शुक्रवार को चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं ड्रग एंड केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्यों के साथ बैठक हुई। जिसमें भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण और राज्य खाद्य सुरक्षा आयुक्त, रांची के संयुक्त निर्देशों से अवगत कराया गया। जिसके अनुसार अब किसी भी खाद्य या पेय पदार्थ के नाम, ब्रांड या लेबल में 'ओआरएस' शब्द का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। कई कंपनियां मीठे पेय को 'ओआरएस' नाम से बेचकर उपभोक्ताओं को भ्रमित कर रही थीं, जबकि असली 'ओआरएस' चिकित्सकीय उत्पाद है। बैठक में कहा गया कि 'ओआरएस' शब्द का गलत उपयोग करने वाले उत्पाद 'मिशब्रांड' और 'मिसलीड' माने जाएंगे, जिन पर जुर्माना एवं कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। एसीएमओ ने सभी विक्रेताओं से एफएसएसएआई के दिशा-निर्देशों का पालन करने और उपभोक्ताओं को भ्रमित न करने की अपील की है।

## दुकान में चोरी, सीसीटीवी सिस्टम तोड़कर कुएं में फेंका

**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के प्रमुख स्थल अल्बर्ट एक्का चौक स्थित पवन जेनरल स्टोर (पंपम दुकान) में गुरुवार की रात चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया गया। दुकान संचालक पवन साहू ने बताया कि वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात करीब एक बजे चोरों ने दुकान की एस्बेस्टस शीट हटाकर अंदर प्रवेश किया और दुकान में रखे कुछ कैश चोरी कर ली। यही नहीं, चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद सबूत मिटाने के उद्देश्य से दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा और डिवाइस तोड़कर कुएं में फेंक दिया।

**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH**
**Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in**
**Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)**
**Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com**

**TENDER NOTICE**

Sealed tender are invited in in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes superscribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/firms for the following work :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of BOQ (Non refundable) | EMD |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 486/PR/JUSNL / 2025-26 | Procurement of materials for day to day use for maintenance work of 132/33 kV GSS Latehar | Rs. 1476/-(including GST@ 18%) | Rs. 13000/- |

1. tart date and time for sale of Tender Documents **01.11.2025** at 12:00 PM.
2. Last date and time for sale of Tender Documents upto **22.11.2025** at 02:00 PM.
3. Last date and time for submission of tender upto **22.11.2025** at 05:00 PM.
4. Date and time for opening of tender : **24.11.2025** at 03:30 PM.
5. Tender documents along with terms and condition can be purchased from the office of General Manager, TZ-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D. drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/submission of tender documents shall be entertained.
7. The under signed reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/submission/ opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/all tenders without assigning any reason thereof.
8. If there is sudden announcement of holiday of Govt. or Nigam on the date of opening of tender/last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9973936358

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR.NO.364952 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26):D

## पेटिया में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण का विरोध राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** पेटिया ग्राम के ग्रामीणों ने जेएलकेएम अध्यक्ष सह डुमरी विधायक जयराम महतो के निर्देशानुसार महामहिम राज्यपाल से मुलाकात कर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट प्लांट के निर्माण को रोकने का ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि यह उनकी पैतृक भूमि है और वे इसका किसी भी कीमत पर उपयोग नहीं होने देंगे। ग्रामीणों के अनुसार, झमाडा और धनबाद नगर निगम उनकी भूमि को जबरन अपना बता रहा है, जबकि उक्त भूमि ग्रामीणों के खतियान में दर्ज है और वे उसका मालगुजारी भी भुगतान करते आ रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में राखी देवी, हेमंती देवी, नेपुरा देवी, जिला सचिव पंकज महतो, मनोज महतो, पेटिया पंचायत अध्यक्ष समीर महतो, आकाश महतो, विकास महतो, गणेश महतो आदि शामिल थे।

# श्रीश्री बाबा गिरिजेश्वर नाथ मंदिर से नगद और सामानों की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/ पाथरडीह।** सुदामडीह थाना क्षेत्र स्थित श्रीश्री बाबा गिरिजेश्वर नाथ मंदिर दोनों लाईन बीच बीती रात करीब 12 बजे से 1 बजे बीच मंदिर का ताला तोड़ कर 12000 से 15000रुपया की समान की चोरी कर ली।

वहीं मंदिर के सचिव नागेंद्र सिंह ने बताया कि पीतल का शिवलिंग 9500रुपए का, दो तांबा का लोटा, एक पितल एक तांबा का छोटा थाली, ओडियो टेप चिप्प, पेनड्राइव, एक छोटा बाजा, दो स्टिल थाली, उकिलो मिसरी, बड़ा दो पैकेट अगरबत्ती मंदिर परिसर से गायब है। इधर जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरा देखने के बाद दिखाई दिया कि मंदिर के ईर्द-गिर्द रिवर साइड निवासी सुदन महथा 12 बजे रात्रि से घुम रहा



है। प्रशासन के मौजूदगी में एक दो स्थानीय लोगो ने देखा कि सुदन महथा कालोनी में रात्रि साइकिल से गंजी में घूम रहा था। सूचना पर सुदामडीह थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह अपने दल बल के साथ रिवर साइड पहुंच सुदन महथा के घर पर छापामारी कर कुछ सामान बारामद किया गया है।

बताया जाता है कि सुदन महथा द्वारा एक हफ्ते से लागातार क्षेत्र के लगभग मंदिरों को निशाना बनाया जा चुका है। जिसमें सुर्य मंदिर, शीतला मंदिर, शंकर भगवान के मंदिर से दो घंटा, एक पंखा, पुल पार अखिलेश्वर महादेव नदी पार मंदिर से एक घंटी, दो थाली, एक बड़ा पितल का कलस, शाफ़्ट माइंस काली मंदिर से एक घंट मंदिरों से चोरी की जा चुकी है। जिससे स्थानीय लोगो में रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि रात्रि पुलिस गश्ती भी फिलहाल देखने को नहीं मिल रहा है। चोरों को पुलिस प्रशासन का कोई भय नहीं।

# कल महुदा मोड़ के पास होगा सांकेतिक धरना



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बाघमारा पुलिस अनुमंडल क्षेत्र में बेलगाम कोयला खनन और परिवहन के खिलाफ आजसू पार्टी अब सड़कों पर उतरने को तैयार है। आगामी 2 नवम्बर को महुदा मोड़ स्थित स्व विनोद बिहारी चौक के समीप आजसू कार्यकर्ता सांकेतिक धरना देंगे। इसी आंदोलन की रूपरेखा को लेकर शुक्रवार को भूरंगिया स्थित आजसू कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता आजसू नेता एवं गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो ने की। पत्रकारों से बातचीत के दौरान श्री महतो ने बताया कि अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग को लेकर उन्होंने धनबाद उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा सहित महुदा थाना प्रभारी को लिखित सूचना दी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन से आये दिन गरीब मजदूरों की जान जा रही है – कोई परिवार अनाथ हो रहा है, तो कोई महिला विधवा बन रही है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारी मौन साधे बैठे हैं। यह न केवल सरकार के राजस्व की खुली लूट है बल्कि सरकारी संपत्ति के साथ क्षेत्र के युवाओं के भविष्य और पर्यावरण का भी दोहन है।

## एमजीएम स्कूल में साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस क्विज का आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ में विद्यालय के साइबर क्लब की ओर से साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस माह मनाया जा रहा है। इसके परिप्रेक्ष्य में साइबर जागृत भारत विषय पर साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस क्विज का आयोजन किया गया। प्राचार्य फादर डॉ जाशी वर्गीस ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध कंप्यूटर, इंटरनेट अथवा नेटवर्क उपकर का उपयोग कर की जाने वाली आपराधिक गतिविधि है। इसमें हैकिंग, फिशिंग, वित्तीय धोखाधड़ी आदि शामिल हैं, जिनका उद्देश्य व्यक्तिगत जानकारी चुराना या डिजिटल सेवाओं को बाधित करना हो सकता है। इसलिए लोगों को साइबर सुरक्षा के उपाय की जानकारी होनी चाहिए। साइबर सुरक्षा कंप्यूटर, नेटवर्क, सापटवेयर व डेटा को डिजिटल हमले से बचाने की प्रक्रिया है। साइबर अपराध से सुरक्षा के लिए सुरक्षित वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग करना चाहिए। साफ्टवेयर और आपरेटिंग सिस्टम को नवीनतम सुरक्षा पैच के साथ अद्यतन रखना चाहिए। कंप्यूटर विषय के शिक्षक जिबिन थामस ने कहा कि अक्टूबर माह में देश भर में राष्ट्रीय साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस मंथ बनाया जाता है। महीने भर चलने वाले आयोजन का उद्देश्य लोगों के बीच साइबर हाइजीन व सुरक्षा की सर्वोत्तम प्रथा को बढ़ावा देना एवं साइबर खतरों के खिलाफ एक मजबूत रक्षा बनाना है। साइबर क्लब की प्रभारी दिव्या पांडेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। टीम ए के आर्यन देव व आदित्य सिंह, टीम बी के समीर कुमार गुप्ता, टीम सी के अरबाज खान व प्रतीक रे एवं टीम डी के अंशुमान वर्मा व रोहित राय ने साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस क्विज में भाग लेकर अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक शिक्षक जिबिन थामस थे। मौके पर उप प्राचार्य राखी बनर्जी, शैक्षिक निदेशक जार्ज जोसफ, हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी, शिक्षक, शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## एकता के माध्यम से ही प्रगति संभव : थाना प्रभारी



**झरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर जोड़ापोखर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी का आयोजन डिगवाडीह न्यू क्रिड्स गार्डन स्कूल में किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों और श्री गुप्ता ने दौड़ लगायी और एकता का संदेश दिया। श्री गुप्ता ने सरदार पटेल की जीवनी पर प्रकाश डाला और बच्चों को प्रेरित किया जोड़ापोखर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकजुट करने का जो कार्य किया, वह ऐतिहासिक है। उन्होंने हमें सिखाया कि एकता के माध्यम से ही प्रगति संभव है। इसी भावना को सशक्त करने के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया है, ताकि हम सभी एकजुट होकर देश की प्रगति में अपना-अपना योगदान दें।

# 'रन फॉर यूनिटी' में दिखा युवाओं का जोश

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के पावन अवसर पर महुदा थाना प्रभारी ललित रंजन भगत के नेतृत्व में श्रद्धा और देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं एकता के प्रतीक सरदार पटेल के निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को नमन किया। कार्यक्रम के तहत 'रन फॉर यूनिटी' (एकता के लिए दौड़) का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें महुदा थाना परिसर से लेकर महुदा तक की सड़क देशभक्ति से गूंज उठी। इस दौड़ में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, थाना पुलिस बल के जवानों के साथ-साथ रवि महतो +2 विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जो राष्ट्रीय एकता के प्रति उनके संकल्प को दर्शाने वाली यह दौड़, देश को एकजुट करने की भावना को आगे बढ़ाती है। महुदा में आयोजित यह कार्यक्रम न केवल सरदार पटेल



को सच्ची श्रद्धांजलि साबित हुआ, बल्कि एकता और राष्ट्रीय समरसता का सशक्त संदेश भी दे गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ललित रंजन भगत, धनेश्वर महतो, मधुसूदन महतो, शिवाकर महतो, भरत महतो, घनश्याम महतो, शंकर रवानी, रोशन सिंह, सहित पुलिस बल के अधिकारी व दर्जनों छात्र उपस्थित थे।

थाना प्रभारी ललित रंजन भगत ने इस अवसर पर कहा कि सरदार पटेल ने जिस अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और दूरदर्शिता से देश की रियासतों को एक सूत्र में पिरोया, वह आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। हमें उनके आदर्शों पर चलकर देश की एकता और अखंडता को बनाये रखना है। 'रन फॉर यूनिटी' के दौरान युवाओं में देशभक्ति और जोश का अद्भुत संचार देखने को मिला।

वहीं भाजपा जिला महामंत्री धनेश्वर महतो ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत की एकता और अटूट राष्ट्रीय संकल्प के अमर प्रतीक हैं। उन्होंने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता से पूरे देश को एक सूत्र में बांधकर राष्ट्रनिर्माण की अमिट गाथा लिखी। आज रन फॉर यूनिटी के अवसर पर हम उनके आदर्शों से प्रेरित होकर यह प्रण लेते हैं कि समाज में भाईचारे, एकता और देशप्रेम की भावना को निरंतर सशक्त करेंगे। यही हमारे लिए लौह पुरुष को सच्ची और सार्थक श्रद्धांजलि होगी।

# गरगा पुल से बोकारो परिसदन तक दौड़ में लोगों ने लिया हिस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को बोकारो जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह दौड़ गरगा पुल स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा स्थल से आरंभ होकर बोकारो परिसदन तक संपन्न हुई। इस अवसर पर डीसी अजय नाथ झा, एसपी हरविंदर सिंह, विभिन्न वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी, स्वयंसेवी संगठन और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत गरगा पुल चास स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्थल के समीप तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर नमन से हुई। इसके बाद प्रतिभागियों ने एकता और अखंडता की शपथ ली।

डीसी अजय नाथ झा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित



करते हुए कहा कि हम भले ही अलग-अलग प्रांतों से आते हैं, हमारी भाषा अलग-अलग है और हम विचार अलग रखते हैं, लेकिन जब राष्ट्र की बात होती है, तो हम सब अखंड हैं - एक हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस दूर दृष्टि से देश को एक सूत्र में पिरोया, वह हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए और एकता व अखंडता को बनाए रखना चाहिए।

मौके पर एसपी हरविंदर सिंह ने कहा कि, सरदार पटेल ने देश को एकजुट करने का जो कार्य किया, वह ऐतिहासिक है। उन्होंने हमें सिखाया कि एकता के माध्यम से ही प्रगति संभव है। इसी भावना को सशक्त करने के लिए रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया है। ताकि हम सभी एकजुट होकर देश की प्रगति में अपना-अपना योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में युवाओं, नागरिकों और अधिकारियों ने जोश और उत्साह के साथ दौड़ लगायी। मौके पर डीपीएलआर मेनका, एसी मो मुमताज अंसारी, एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, एनडीसी प्रभाष दत्ता, डीपीआरओ रवि कुमार, मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता, सिटी डीएसपी आलोक रंजन, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, पंकज दूबे समेत अन्य पदाधिकारी - कर्मी उपस्थित थे।

## रवि महतो हाइ स्कूल में लौहपुरुष की जयंती मनायी



**महुदा (आजाद सिपाही)।** रवि महतो स्मारक +2 विद्यालय, महुदा में देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रशासक मधुसूदन महतो द्वारा सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। तत्पश्चात प्रभारी प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार महतो, सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशासक मधुसूदन महतो ने कहा कि हम सबको सरदार पटेल के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने सदा एकता, अखंडता और देशभक्ति का संदेश दिया। जाति, धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर देश को एक सूत्र में बाँधने का कार्य उन्होंने किया, इसीलिए वे लौहपुरुष कहलाए हैं उन्होंने आगे कहा कि आज पूरा देश द्वारन फॉर यूनिटीह्न के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। प्रभारी प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार महतो ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल एक सच्चे राष्ट्रनिर्माता थे, जिन्होंने देश की एकता और अखंडता को मजबूत आधार प्रदान किया। हमें उनके आदर्शों और सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन वरीय शिक्षक मनोरंजन सराक ने कुशलतापूर्वक किया। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

## बोकारो जनरल अस्पताल में स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल में स्तन कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) के रेडियोथैरेपी एवं ऑन्कोलॉजी विभाग के तत्वाधान में बोकारो महिला समिति की सदस्याओं के लिए स्तन कैंसर जांच शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बीजीएच के हेल्थ रिट्रीट में किया गया। इस वर्ष की थीम 'हरकहानी अनोखी है, हर सफर महत्वपूर्ण है' पर आयोजित यह कार्यक्रम अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ बिभूति भूषण करुणामय के मार्गदर्शन में किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इंद्रनील चौधरी एवं एसीएमओ डॉ दीपक कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ कृष्ण प्रताप सहित बीजीएच के वरीय चिकित्सक,नर्स, नर्सिंग छात्र-छात्राएं एवं बोकारो महिला समिति की सदस्याएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम के शुरुआत में शनी वी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। अपने संबोधन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इंद्रनील चौधरी ने स्तन कैंसर की प्रारंभिक जांच एवं शीघ्र निदान के महत्व पर बल दिया। इसके पश्चात रेडियोथैरेपी एवं ऑन्कोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण प्रताप ने स्तन कैंसर पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने भारत एवं विश्व में स्तन कैंसर की वर्तमान स्थिति, स्तनपान के लाभ, रोकथाम के उपाय, मैमोग्राफी जांच का उपयुक्त समय तथा उपचार के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी साझा की।

# राष्ट्रीय जनता कामगार संघ ने बीएसएल प्रबंधन पर तानाशाही का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददददाता

**धनसार।** धनसार विश्वकर्मा परियोजना विस्तार के जद में आ रहे प्योर धनसार बस्ती के लोगों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता कामगार संघ के बैनर तले बीसीसीएल प्रबंधन पर तानाशाही का आरोप लगाया। बस्ती के ग्रामीणों के सूचना पर बस्ती पहुंची संघ के महामंत्री आसानी सिंह लोगों की समस्या से अवगत हुई। ग्रामीणों का आरोप था कि प्रबंधन ग्रामीणों के घर को नोटिस देकर खाली करने का दबाव बना रही है। बस्ती जाने वाले मुख्य मार्ग पर ओबी गिरा कर रास्ता बंद कर दिया गया है। बस्ती में करीब 500 लोग निवास करते हैं। जिसमें करीब 35 से 40 परिवार का पुनर्वास के लिए सर्वे कराया गया



है। प्रबंधन जबरन ग्रामीणों को गोंदुडीह क्षेत्र के जर्जर आवास में पुनर्वास करने चाहती है। जबकि ग्रामीण स्वेक्षा से कार्मिक नगर या कुसुम विहार स्थित कालोनी में जाने के लिए तैयार हैं। इस दौरान आसनी सिंह ने कहा कि प्रबंधन की मनमानी नहीं चलेगी। वर्षों से बस्ती में रह रहे लोगों को विस्थापन से पूर्व बेहतर पुनर्वास कराना होगा। कुसुंडा क्षेत्र के महाप्रबंधक को उन्होंने दूरभाष पर ग्रामीणों की समस्या से अवगत कराया। कहा कि पूरे मामले पर उच्च अधिकारियों से वार्ता कर समाधान निकाला जायेगा। मौके पर अरविंद कुमार सिंह, अवधेश कुमार सिंह, रामनाथ ठाकुर, शंभू मुंडा, संतोष विश्वास, विष्णु तुरी, राजू राम, राम विलास राम, झुमकी देवी, संगीता देवी, कुसमी देवी, सोनिया देवी, अंजू देवी आदि थे।

## सेफ्टी इज द कॉस्ट इफेक्टिव पर बीएसएल करे काम : डीसी

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन बोकारो ने बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) में सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सख्त रुख अपनाया है। लगातार हो रही औद्योगिक घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह ने बीएसएल प्रबंधन के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में वीडियो संवाद के माध्यम से बीएसएल के प्रभारी निदेशक आलोक वर्मा भी शामिल हुए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। बैठक के दौरान डीसी ने जोर देते हुए कहा कि सेफ्टी इज द कॉस्ट इफेक्टिव बीएसएल करें काम की भावना के साथ कार्य संस्कृति को ढ़ालने की आवश्यकता है।

## बीजीएच में चिकित्सकों और अधिकारियों के साथ संवाद सत्र



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) में चिकित्सकों एवं अधिकारियों के साथ एक संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र बीजीएच के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य चिकित्सा सेवाओं में पारदर्शिता, निष्ठा एवं उत्तरदायित्व की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आनंद कुमार, डॉ अनिंदो मंडल, डॉ इंद्रनील चौधरी सहित अन्य वरीय चिकित्सक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा ने उपस्थित प्रतिभागियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी तथा अपने संबोधन में ईमानदारी, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार एवं अनुभव साझा किये। सत्र के दौरान उपमहाप्रबंधक (सतर्कता) शनि रंजन एवं वरीय प्रबंधक (सतर्कता) चित्रा पराशर ने बीजीएच में सामग्री क्रय एवं सेवा संबंधी अनुबंधों पर आधारित प्रेजेंटेशन और केस स्टडी प्रस्तुत की। संवाद सत्र के दौरान चिकित्सकों एवं अधिकारियों ने सतर्कता से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर सार्थक विचार-विमर्श किया। इस सत्र में कुल 41 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## पूर्वी झरिया क्षेत्र में सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गयी विदाई



**हरिया/ जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** भौरा स्थित पूर्वी झरिया क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में शुक्रवार को एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र की विभिन्न कोलियरियों में कार्यरत 11 कर्मियों को सेवानिवृत्त होने पर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक तूनेश्वर पासवान और अपर महाप्रबंधक सुशील कुमार उपस्थित थे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले श्रमिकों को फूल माला पहनाकर, शॉल, अटैची, मिठाई आदि देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी। महाप्रबंधक तूनेश्वर पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि कंपनी में योगदान देने वाले कर्मियों का सेवानिवृत्त होना एक दुखदाई समय होता है, लेकिन उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी को आगे बढ़ाने में इन कर्मियों का बहुमूल्य योगदान रहा है और वे अपने भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं। महाप्रबंधक पासवान ने सेवानिवृत्त कर्मियों से आग्रह किया कि वे कंपनी से मिले धन का सही तरीके से उपयोग करें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं।

# बीएसएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से अक्टूबर 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के लिए, मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीश सेनगुप्ता उपस्थित रहे। समारोह के आरम्भ में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण ने मुख्य अतिथि तथा आगंतुकों का स्वागत किया। सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को अंतिम निपटान एवं मैत्री भवन से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्रदान कीं तथा प्रत्येक कर्मी का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत



किया। मुख्य अतिथि श्री सेनगुप्ता ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को उनकी निष्ठा, समर्पण एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए बधाई दी तथा उनके सुखद एवं समृद्ध भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र एवं उपहार भी भेंट किये। अक्टूबर 2025 में बोकारो स्टील प्लांट से कुल 07 अधिशासी एवं 17 अनाधिशासी कर्मी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। समारोह के अंत में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी एवं अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों तथा उनके परिवारजनों से मुलाकात की तथा उनके सुखमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ नन्दा प्रियदर्शिनी के द्वारा किया गया। मुख्य महाप्रबंधक-प्रभारी (वित्त एवं लेखा) सुजय कुमार के लिए आयोजित एक अन्य विदाई समारोह में निदेशक प्रभारी राउरकेला स्टील प्लांट एवं अतिरिक्त प्रभार बोकारो स्टील प्लांट आलोक वर्मा ऑनलाइन मोड से शामिल हुए और उन्हें शुभकामनायें दीं। अधिशासी निदेशक (एसआरयू) पीके रथ, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीश सेनगुप्ता, अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन, सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी ने श्री सुजय कुमार एवं विदाई समारोह में शामिल उनकी पत्नी श्वेता कुमार को स्मृति-चिह्न भेंट कर बोकारो स्टील प्लांट में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की तथा उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## बीएसएल ने सेक्टर 5 में चलाया स्वच्छता अभियान

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल के नगर सेवा के पब्लिक हेल्थ विभाग के द्वारा नेचर ग्रीन एजेंसी के सहयोग से सेक्टर 5 हटिया क्षेत्र में एक व्यापक स्वच्छता अभियान 'स्वच्छोत्सव' चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की सफाई, कचरा प्रबंधन एवं स्थानीय नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। अभियान के दौरान लक्ष्य आधारित क्षेत्र की सफाई सुनिश्चित की गयी जिसमें सड़क, सार्वजनिक स्थल और बाजार क्षेत्र की गहन सफाई की गयी। स्थानीय विक्रेताओं और दुकानदारों को कचरा निर्धारित डस्टबिन में डालने एवं खुले में न फेंकने की सलाह दी गयी। टीम ने लोगों को समझाया कि स्वच्छ परिवेश ही स्वस्थ समाज की पहचान है। नेचर ग्रीन एजेंसी के सफाईकर्मियों ने पूरे समर्पण के साथ अभियान को सफल बनाया। पब्लिक हेल्थ विभाग का यह प्रयास स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बोकारो की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

## मोंथा चक्रवात से किसानों की खड़ी फसल बर्बाद, भारी नुकसान

# किसानों को मुआवजा दे सरकार : सन्नी टोप्पो

- भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने सरकार से अविलंब राहत पैकेज की घोषणा करने की मांग की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मांडर।** पिछले कुछ दिनों से देश के कई राज्यों में मोंथा चक्रवात के कारण तेज हवा के साथ बारिश हो रही है, जिसकी चपेट में झारखंड भी है। इसके कारण आम जीवन अस्त व्यस्त हो गया, परंतु सबसे ज्यादा नुकसान किसानों को हुई है। उनकी लगभग तैयार धान की फसल गिर गयी है। साथ ही बारिश से गीला होने के कारण खराब होने की संभावना है। सब्जियों की फसल खराब हो गयी है। इस वर्ष अत्यधिक वर्षा के कारण पहले से की किसानों खरीफ फसल में नुकसान हुआ है। अब चक्रवात के कारण तैयार फसल में नुकसान से उनकी कमर टूट चुकी है। कई किसानों को केसीसी ऋण चुकाने का डर सता रहा है। वहीं खेत गीला होने से रबी फसल लगाने में भी देरी होने से नुकसान होगी।

किसानों की समस्या को देखते हुए भाजपा नेता मांडर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने झारखंड सरकार एवं कृषि मंत्री से



मांडर विधानसभा सहित राज्य के अन्नदाताओं को अविलंब राहत देने के लिए पैकेज की घोषणा करने की मांग की है।

उन्होंने कहा है कि किसान साल भर जी तोड़ मेहनत करते हैं और अब जब उन्हें मेहनत का फल मिलना था, उस वक्त तूफान ने उनके उम्मीदों फर पानी फेर दिया है। ऐसे में सरकार की नैतिक जिमवारी है कि सरकार हमारे अन्नदाताओं को मदद करे, ताकि नुकसान की भरपाई होने से वे बिना किसी चिंता के नयी फसल की तैयारी में लगें। उन्होंने यह भी कहा है कि सरकार अगर जल्द किसानों को मदद नहीं करती है, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे और सड़क से सदन तक सरकार को जिम्मेवारी याद कराने का कार्य करेंगे।

# धान फसल की डबल हाप्लाएड प्रौद्योगिकी की अग्रणी वैज्ञानिक डॉ संघमित्रा सामंतराय सेवानिवृत्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय धान अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआइ), कटक आज प्रधान वैज्ञानिक एवं विभागाध्यक्ष डॉ संघमित्रा सामंतराय के विशिष्ट करियर का उत्सव मना रहा है, जो दशकों तक चावल अनुसंधान में अपने अग्रणी तथा उल्लेखनीय योगदानों के बाद सेवानिवृत्त हो रही हैं। डॉ सामंताराय ने धान के डबल हाप्लाएड प्रौद्योगिकी में अपने अथक प्रयासों से सीआरआरआइ को पूरे राष्ट्र में अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित किया।

डॉ सामंतराय को भारतीय धान बायोटेक्नोलॉजी में सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने इंडिका धान के लिए एक जीनोटाइप-स्वतंत्र, अल्बिनो-मुक्त एंड्रोजेनिक प्रोटोकॉल विकसित किया। यह नवाचार भारत में धान बायोटेक्नोलॉजी को एक नयी दिशा दिलाई। उनकी इस सफलता ने लंबे समय से चली आ रही समस्याओं जैसे खराब पुनर्जनन क्षमता और



अल्बिनो शूट का विकास संभव हो सका। उन्होंने बिना एंटी-माइटोटिक एजेंट्स के प्रयोग से 92-95 प्रतिशत स्वैच्छिक गुणसूत्र दोगुना करने में सफलता प्राप्त की। यह तकनीक, जो देश में अपनी तरह की पहली थी, भारतीय पेटेंट और आइसीएआर प्रमाणन प्राप्त हुआ। इसके परिणामस्वरूप सीआरआरआइ को पूर्वी भारत का पहला संस्थान बनने का सम्मान मिला, जिससे ओडिशा के विविध कृषि-परिस्थितियों के अनुकूल धान की आठ द्विगुणित हैप्लॉइड किस्में विमोचित हुईं, जिसमें उच्च उपज देनेवाली, जैव-सुदृढ़ीकृत और सुगंधित किस्में शामिल हैं। उनका अग्रणी कार्य धान प्रजनन को एक नयी दिशा देने वाला साबित हुआ है, जिससे प्रजनन चक्रों में कमी आयी, जलवायु अनुकूलता के लिए गुणसूत्र मानचित्रण को गति मिली, और संकर धान अनुसंधान में प्रगति हुई। उनके मार्गदर्शन में विकसित डबल हाप्लाएड धान की किस्में सूखा, लवणता और गर्मी के प्रति सहिष्णुता तथा जीवाणुजनित अंगमारी रोग के प्रति प्रतिरोधक क्षमता प्रदर्शित करती हैं, जिनमें से कई किस्में एआइसीआरआइपी के तहत बहु-स्थानीय परीक्षण किये जा रहे हैं। एक उत्साही मार्गदर्शक के रूप में, डॉ सामंतराय ने आठ पीएचडी शोधार्थियों, एक पोस्ट-डॉक्टरल फेलो और 20 से अधिक एमएससी छात्रों का मार्गदर्शन किया है और डबल हाप्लाएड प्रौद्योगिकी में 50 से अधिक सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के शोधकर्ताओं को प्रशिक्षित किया है। उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों द्वारा सम्मानित किया गया है, जिनमें डॉ डीएस ब्रार पुरस्कार, सामंत चंद्रशेखर पुरस्कार, और ओड़िशा महिला पुरस्कार शामिल हैं।

विज्ञान के प्रति 34 वर्षों की समर्पित और सार्थक सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त होते हुए सीआरआरआइ एक दूरदर्शी वैज्ञानिक की विरासत का उत्सव मना रहा है, जिनके नवाचारों ने भारत के जलवायु-अनुकूल और सतत धान सुधार के प्रयासों को सशक्त बनाया है।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का भूटान दौरा रद्द

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की भूटान की आधिकारिक यात्रा पारो में खराब मौसम के कारण रद्द कर दी गयी है। वित्त मंत्री पड़ोसी देश के साथ साझेदारी को और मजबूत करने के लिए गुरुवार को भूटान की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हुई थीं। सीतारमण वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की ओर से भूटान जा रहे भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रही थीं।

## सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों पर सरकारों से फिर मांगा जवाब, कहा

# सभी मुख्य सचिव सो रहे, हमारे आदेश का सम्मान नहीं, आने दीजिए, हम निपटेंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आवारा कुत्तों से जुड़े केस में सुनवाई करते हुए सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट देने की याचिका खारिज कर दी। जस्टिस नाथ ने कहा कि जब हम मुख्य सचिवों से हलफनामा दाखिल करने के लिए कहते हैं, तो वे इस पर चुप्पी साधे रहते हैं। हमारे आदेश का कोई सम्मान नहीं है। तो ठीक है, उन्हें आने दीजिए। हम उनसे निपट लेंगे।


दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य सचिवों को 3 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। इससे पहले 27 अक्टूबर को कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़ सभी राज्यों के



मुख्य सचिवों से जवाब मांगा था। सुप्रीम कोर्ट आवारा कुत्तों के काटने से होने वाले रेबीज के बारे में एक मीडिया रिपोर्ट पर एक्शन लेते 28 जुलाई से मामले की सुनवाई कर रहा है।

22 अगस्त को हुई पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों से जुड़े केस का दायरा दिल्ली-एनसीआर से बढ़ाकर पूरे देश में कर दिया था और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इसमें पार्टी बनाने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि जिन कुत्तों को पकड़ा जाता है, उनकी नसबंदी और टीकाकरण कर जहां से उठाया है, वहीं वापस छोड़ दिया जाये। हालांकि, रेबीज से संक्रमित और आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों को शेल्टर होम में ही रखा जाये।

कोर्ट ने 11 अगस्त के 2 जजों की बेंच के उस आदेश को बेहद सख्त बताया था, जिसमें सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-ठउफ के रहवासी इलाकों से हटाकर हमेशा के लिए शेल्टर होम में भेजने कहा था।




## रा स्टूडियो मुंबई बंधक केस : बंधक बुजुर्ग महिला मंगला पाटनकर बोलीं

# आरोपी ने बहुत ड्रामा किया, पैरेंट्स से 4 करोड़ मांगे

- पटाखे फोड़ कर बोला बाहर फायरिंग हो रही

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई के पवई में गुरुवार को रा स्टूडियो में 17 बच्चों सहित 19 लोगों को बंधक बनाने वाले आरोपी के बारे में बुजुर्ग महिला मंगला पाटनकर ने कई बातें बताईं। वह अपनी पोती को ऑडिशन के लिए ले गयी थीं। जब पुलिस बच्चों को सुरक्षित निकालने के लिए बाहर काम कर रही थी, तब मंगला ने भी बच्चों को बचाने में अहम भूमिका निभायी। उनके सिर में कांच के टुकड़ों से चोटें भी आयीं। अभी वह हॉस्पिटल में भर्ती हैं।

पूरी घटना के बारे में उन्होंने बताया कि आरोपी रोहित पहले कुछ बच्चों को उनके पास छोड़ गया और बाकी को ऊपर ले गया। थोड़ी देर बाद मुझे भी बाकी बच्चों के साथ ऊपर आने को कहा। उसने खिड़की पर काले पर्दे लगाए और धमकी दी कि स्टूडियो में बम



रखा है। उसने 4 बच्चों से उनके माता-पिता को फोन करवाया और हर एक से 1 करोड़ की फिरौती मांगी। साफ समझ आ रहा था कि सब कुछ पहले से प्लान है। मंगला ने कहा कि पूरे समय बहुत अच्छे से व्यवहार कर रहा था, लेकिन उसने बहुत ड्रामा भी किया। उसने दिवाली के पटाखे फोड़े और हमें बताया कि बाहर फायरिंग हो रही है इसलिए हम बिल्डिंग से बाहर नहीं निकले।

### पैरेंट्स को बच्चों की फोटो भेजीं

पुलिस के ऑपरेशन से पहले मंगला ने बच्चों की फोटो उनके माता-पिता को भेजीं, ताकि उन्हें भरोसा हो कि बच्चे सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि स्टूडियो का एक अन्य कर्मचारी भी इस साजिश में शामिल लग रहा था।

### मराठी एक्ट्रेस को भी बुलाया था

इसी केस में मराठी फिल्मों की एक्ट्रेस रुचिता जाधव ने बताया कि आरोपी रोहित आर्या ने उन्हें कुछ दिन पहले अपनी फिल्म के सिलसिले में बुलाया था। उन्होंने कहा कि उस दिन को सोचकर मैं कांप जाती हूं। उन्होंने आरोपी के साथ वॉट्सएप चैट का स्क्रीनशॉट भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है। रुचिता ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि रोहित आर्य ने कुछ हफ्ते पहले उन्हें एक फिल्म प्रोजेक्ट के लिए इनवाइट किया था। 4 अक्टूबर को उन्हें रोहित आर्य नाम के व्यक्ति का मैसेज आया था। उसने खुद को एक फिल्ममेकर बताया और कहा कि वह होस्टेज सिचुएशन पर आधारित फिल्म बना रहा है।

उन्होंने कहा- 'एक एक्ट्रेस होने के नाते मैंने बातचीत जारी रखी। फिर 23 अक्टूबर को रोहित ने पूछा कि क्या मैं 27, 28 या 29 अक्टूबर को मिलने के लिए आ सकती हूं? हम 28 अक्टूबर को मिलने वाले थे।' रुचिता ने बताया कि 27 अक्टूबर को रोहित ने उन्हें पवई स्थित एक स्टूडियो की लोकेशन भेजा और अगली सुबह आने के लिए कहा, लेकिन पारिवारिक कारणों से मीटिंग रद्द कर दी।

रुचिता ने अपनी पोस्ट में लिखा- जब मैंने वही नाम देखा, तो मेरा दिल दहल गया। यह सोचकर ही कांप जाती हूं कि अगर उस दिन मैं चली जाती तो क्या होता। भगवान और मेरे परिवार का शुक्र है जिन्होंने मुझे उस दिन बाहर जाने से रोक लिया।

रुचिता ने लास्ट में लिखा कि यह घटना उन्हें हमेशा याद दिलाएगी कि काम के सिलसिले में किसी नए व्यक्ति से मिलने से पहले बेहद सावधान रहना चाहिए और हमेशा अपने परिवार या दोस्तों को इसकी जानकारी देनी चाहिए।

दरअसल, रोहित आर्या नाम के शख्स ने एक वेब सीरीज के ऑडिशन के लिए बुलाकर 17 बच्चों को बंधक बना लिया था। उसने एक वीडियो पोस्ट करके कहा था कि उसकी मांग है कि महाराष्ट्र शिक्षा विभाग पर बकाया 2 करोड़ का भुगतान किया जाये। अंततः करीब 3.5 घंटे लंबे इस घटनाक्रम को अंत तब हुआ, जब पुलिस और कमांडो टीम बाथरूम की खिड़की से स्टूडियो में घुसे और आरोपी को गोली मार दी।







# एसआइआर के एलान के बाद बंगाल के मतुआ समुदाय में डर का माहौल

- भाजपा और तृणमूल कांग्रेस की बढ़ी चिंता
- 40 विधानसभा सीटों पर मतुआ समुदाय का प्रभाव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** हाल ही में चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कराने का एलान किया है। चुनाव आयोग के इस एलान के साथ ही पश्चिम बंगाल के मतुआ समुदाय में डर, नाराजगी और चिंता का माहौल है। मतुआ समुदाय को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के तहत बड़े पैमाने पर वोट देने का अधिकार छिन जाने का डर सता रहा है। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस, दोनों ही पार्टियों का मतुआ समुदाय में जनाधार है, ऐसे में दोनों पार्टियों को अपने वोटबैंक की नाराजगी की चिंता सता रही है।

मतुआ समुदाय एक हिंदू शरणार्थी समुदाय है और इस समुदाय के लोग उत्तर 24 परगना, नादिया और दक्षिण 24 परगना के कुछ हिस्सों में रहते हैं और बंगाल की 40 से ज्यादा विधानसभा सीटों पर इनका प्रभाव है। चुनाव आयोग ने साल 2002 के बाद पहली बार फर्जी, मृत और अयोग्य वोटरों को हटाने के लिए एसआइआर कराने का फैसला किया है। ऐसे में जो लोग 2002 की वोटर लिस्ट में नहीं हैं, उन्हें अब अपनी योग्यता साबित करने के लिए दस्तावेज देने होंगे।

**राजनेताओं के बयानों से बढ़ा असमंजस :** मतुआ समुदाय के हजारों लोग दशकों से बांग्लादेश



से बिना दस्तावेजों के पलायन कर भारत में बसे हैं। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के सबसे प्रमुख मतुआ नेता बनगांव सांसद शांतनु ठाकुर ने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा, 'अगर शरणार्थी मतुआ लोगों के नाम हटा दिये जाते हैं, तो चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्हें सीएए के तहत भारतीय नागरिकता मिलेगी।' हालांकि उनके बयान के बावजूद मतुआ लोगों की नाराजगी शांत नहीं हुई है। वहीं मतुआ के प्रथम परिवार की नेता और शांतनु ठाकुर की चाची टीएमसी की राज्यसभा सांसद ममता बाला ठाकुर ने समुदाय के नेताओं की ठाकुरनगर में बैठक बुलाई है। इस बैठक में अगले कदम पर चर्चा की जायेगी।

टीएमसी सांसद ने कहा कि 2002 के बाद आने वाले लोगों के पास दस्तावेज नहीं हैं, जिससे उनके वोट देने का अधिकार छिन सकता है। भाजपा के नागरिकता देने वाले जुमले के बाद से समुदाय के लोग हमें वोट दे रहे हैं।

भाजपा विधायक सुब्रत ठाकर ने कहा कि 'जो लोग 2002 से 2025 के बीच भारत आये हैं, उन्हें दस्तावेज देने की जरूरत नहीं पड़ेगी क्योंकि अगर वे सीएए के तहत आवेदन करेंगे तो हम उनके नाम रखने की अपील कर सकते हैं, लेकिन चुनाव आयोग स्वायत्त निकाय है और उनके नाम रखे जाएंगे या नहीं, इसकी कोई गारंटी नहीं है।' उन्होंने कहा कि सरकार कोशिश कर रही है कि घुसपैठिए और रोहिंग्या एसआइआर प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल न कर सकें।

**बड़ी संख्या में मतुआ समुदाय के लोगों के वोटिंग अधिकार छिनने की आशंका :** राजनीतिक विशेषज्ञ सुमन भट्टाचार्य कहते हैं कि 'अगर मतुआ लोग सीएए के तहत आवेदन करते हैं तो उन्हें पहले विदेशी माना जायेगा, जिससे वे मताधिकार खो देंगे और अगर वे एसआईआर के तहत आवेदन करेंगे तो भी उनका वोट देने का अधिकार छिन सकता है क्योंकि वे दस्तावेज नहीं दे पायेंगे।'




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**